सेंसेक्स 79,476.63 ● निफ्टी 24,213.30 ● डॉलर 84.10 ₹ ● सोना 79,170 ₹ ● चांदी 1,06,000 ₹

पेज 06 सूर्य उपासना का महापर्व है छठ पूजा
पेज 08 11 नवंबर के पूर्व पार्क का निर्माण...

पारा आपडेट
मैक्सिमम 28.00 | मिनीमम 17.00
सूर्यास्त (आज) ▸ 17.08
सूर्योदय (कल) ▸ 05.56

बोकारो से प्रकाशित

हिन्दी दैनिक
# झारखंड दर्शन
हर खबर पर नजर

कार्तिक शुक्ल पक्ष पंचमी संवत 2082

पेज 12




RNI No. : JHAHIN/2018/76658 | बोकारो, बुधवार 06 नवंबर 2024 ● पृष्ठ : 12 मूल्य : 2/- रुपया ● वर्ष : 07 अंक : 124 Email : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## संक्षिप्त खबरें

### लोक गायिका शारदा सिन्हा का निधन, दिल्ली एम्स में ली आखिरी सांस



**नयी दिल्ली।** मशहूर लोक गायिका व बिहार कोकिला के नाम से मशहूर शारदा सिन्हा का निधन हो गया है। शारदा सिन्हा बीमार थीं और दिल्ली के एम्स में उनका इलाज चल रहा था। 72 साल की उम्र में उन्होंने आखिरी सांस ली। बेटे अंशुमान सिन्हा ने फेसबुक पोस्ट कर मां शारदा सिन्हा के निधन की जानकारी दी है। महापर्व के गीत गाकर मशहूर हुईं शारदा सिन्हा का निधन छठ पूजा के ही पहले व्रत यानी नहाय-खाय के दिन हुआ है। शारदा सिन्हा पिछले कुछ दिनों से एम्स में भर्ती थीं। सोमवार की शाम को शारदा सिन्हा को प्राइवेट वार्ड से आईसीयू में शिफ्ट किया गया था। इसके बाद जब उनकी हालत बिगड़ी तब उन्हें वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया। शारदा सिन्हा का ऑक्सीजन लेवल गिर गया था और फिर उनकी हालत नाजुक हो गई थी। शारदा सिन्हा मल्टीपल ऑर्गन डिस्फंक्शन स्थिति में थीं।

### गंगा नदी में एक लड़की सहित तीन लोगों की डूबकर मौत

**भागलपुर।** बिहार में भागलपुर जिले के एकचारी थाना क्षेत्र में आज गंगानदी में स्नान करने के दौरान एक लड़की सहित तीन लोगों की डूबकर मौत हो गई। पीरपैंती के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अर्जुन गुप्ता ने मंगलवार को यहां बताया कि इस क्षेत्र के बड़ी मोहनपुर गांव के पास गंगा घाट पर छठ पर्व के नहाय- खाय के मौके पर अपने परिवार के साथ आये तीन लड़के स्नान कर रहे थे। तभी बगल में एक लड़की को गहरे पानी में डूबते देख तीनों लड़के उसे बचाने के लिए गहरे पानी में चले गए और डूब गए। उन्होंने बताया कि हादसे की जानकारी मिलते ही स्थानीय गोताखोर एवं एसडीआरएफ की टीम ने मौके पर पहुंचकर उन चारों की खोजबीन शुरू कर दी और कुछ देर बाद उक्त लड़की और दो लड़को को मृत अवस्था में बरामद किया। जबकि अन्य एक लड़का को जीवित बचा लिया गया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि मृतकों की पहचान आशुतोष कुमार (15) जितेन्द्र कुमार (16) एवं मौसमी कुमारी (15) वर्ष के रुप में हुई है। दोनों मृत लड़का बड़ी मोहनपुर गांव का ही रहने वाला था और लड़की जिले के नवगछिया अंचल के ढोलबज्जा गांव की निवासी थी।

### संसद का शीतकालीन सत्र 25 नवंबर से 20 दिसंबर तक

**नयी दिल्ली।** सरकार ने संसद का शीतकालीन सत्र 25 नवंबर से 20 दिसंबर तक आयोजित कराने की मंगलवार को घोषणा की। इस दौरान 26 नवंबर को संविधान दिवस पर संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में संविधान दिवस समारोह का आयोजन किया जायेगा। संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में यह जानकारी देते हुये कहा, 'भारत सरकार की सिफारिश पर माननीय राष्ट्रपति ने संसद के दोनों सदनों को शीतकालीन सत्र के लिये 25 नवंबर से 20 दिसंबर 2024 तक आहूत करने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है।' संसद की कार्यसूची की आवश्यकता के अनुसार, शीतकालीन सत्र की अवधि में संशोधन भी किया जा सकता है। श्री रिजिजू ने बताया कि 26 नवंबर को संविधान दिवस पर संविधान को अंगीकार किये जाने की 75वीं वर्षगाँठ के उपलक्ष्य में एक समारोह संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में आयोजित किया जायेगा।

## निजी संपत्ति अधिग्रहण पर 'सुप्रीम' फैसला

# हर निजी संपत्ति नहीं ले सकती सरकार : सर्वोच्च न्यायालय

एजेंसी

**नई दिल्ली।** क्या सरकार को निजी संपत्ति का अधिग्रहण कर उसका दोबारा वितरण करने का अधिकार है। इस सवाल पर सुप्रीम कोर्ट के 9 जजों की बेंच ने 8:1 के बहुमत से कहा कि हर निजी संपत्ति को सामुदायिक संपत्ति कह कर अधिग्रहण नहीं कर सकते हैं। कोर्ट ने कहा कि संपत्ति की स्थिति, सार्वजनिक हित में उसकी जरूरत और उसकी कमी जैसे सवालों पर विचार जरूरी है।

सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस कृष्ण अय्यर के पिछले फैसले को बहुमत से खारिज कर दिया, जिसमें सभी निजी स्वामित्व वाले संसाधनों को राज्य द्वारा अधिग्रहित किया जा सकता है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि सभी निजी स्वामित्व वाले संसाधनों को राज्य द्वारा अधिग्रहित नहीं किया जा सकता है। भले ही राज्य उन संसाधनों पर दावा कर सकता है जो सामग्री हैं और समुदाय द्वारा सार्वजनिक भलाई के लिए हैं।

चीफ जस्टिस ने फैसला पढ़ते हुए कहा कि पुराना फैसला विशेष आर्थिक और समाजवादी विचारधारा से प्रेरित था। सभी निजी स्वामित्व वाले संसाधनों को राज्य द्वारा अधिग्रहित किया जा सकता है। चीफ जस्टिस ने कहा कि हम मानते हैं कि अनुच्छेद 31सी को केशवानंद भारती मामले में




जिस हद तक बरकरार रखा गया था, वह बरकरार है और हम सभी इस पर एकमत हैं। अनुच्छेद 31सी लागू रहेगा। चीफ जस्टिस ने कहा कि प्रॉपर्टी के निरस्तीकरण को प्रभावी बनाना और अधिनियमन नहीं करना विधायी इरादे से मेल नहीं खाता और ऐसा करना मूल प्रावधान को छोटा कर देगा।

कोर्ट ने कहा कि 42वें संशोधन की धारा चार का उद्देश्य अनुच्छेद 39बी को निरस्त करना और उसी समय प्रतिस्थापित करना था। सभी निजी सम्पति समुदाय के भौतिक संसाधन नहीं हो सकते। हालांकि कुछ सम्पति भौतिक ससाधन हो सकते हैं। कोर्ट ने कहा कि 1960 और 70 के दशक में समाजवादी अर्थव्यवस्था की ओर झुकाव था लेकिन 1990 के दशक से बाजार उन्मुख अर्थव्यवस्था की ओर ध्यान केंद्रित किया गया। भारत की अर्थव्यवस्था की दिशा किसी विशेष प्रकार की अर्थव्यवस्था से दूर है बल्कि इसका उद्देश्य विकासशील देश की उभरती चुनौतियों का सामना करना है। पिछले 30 सालों में गतिशील आर्थिक नीति अपनाने से भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बन गया है। चीफ जस्टिस ने कहा कि वह जस्टिस अय्यर के इस विचार से सहमत नहीं है कि निजी व्यक्तियों की संपत्ति सहित हर संपत्ति को सामुदायिक संसाधन कहा जा सकता है। नौ सदस्यीय संविधान बेंच में चीफ जस्टिस के अलावा जस्टिस ह्रषिकेश राय, जस्टिस बीवी नागरत्ना, जस्टिस सुधांशु धूलिया, जस्टिस जेबी पारदीवाला, जस्टिस मनोज मिश्रा, जस्टिस राजेश बिंदल, जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा और जस्टिस ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह थे। नौ जजों की बेंच में आठ जजों ने उपरोक्त फैसला सुनाया है जबकि जस्टिस बीवी नागरत्ना ने इन जजों से विपरीत फैसला सुनाया।

## मुख्यमंत्री ने चतरा जिले के टंडवा प्रखंड मुख्यालय में की चुनावी सभा

# झारखंड की खनिज संपदा पर है भाजपा की नजर : हेमंत सोरेन

संवाददाता

**चतरा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार को चतरा जिले के टंडवा प्रखंड मुख्यालय में चुनावी सभा की। सिमरिया विधानसभा से झामुमो प्रत्याशी मनोज चंद्रा के समर्थन में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा की नजर झारखंड के खनिज संपदा, जल-जंगल एवं जमीन पर है। वे बड़े पैमाने पर पूंजीपति मित्रों को स्थापित करना चाहते हैं और यहां के लोगों को विस्थापित करने की मंशा है। गरीबों और आदिवासियों का जल-जंगल, जमीन की बात एक जुमले की तरह बड़े-बड़े मंचों से वे बोलते हैं। इस राज्य में उद्योग से लेकर खनन में अपने व्यापारी मित्रों को बैठना चाहते हैं। यहां के आदिवासियों और मूल वासियों को बेदखल करने का इनकी सोची समझी षड्यंत्र है। ये आपके बीच घुसकर हमें बिखरने का प्रयास करते हैं।



### हिंदू–मुस्लिम करके लड़ाना चाहती है भाजपा

उन्होंने कहा कि 25 वर्षों के झारखंड में ये 20 वर्षों तक सिंहासन पर बैठे रहे। डबल इंजन की सरकार में यहां के लोगों में कोई बदलाव नहीं हुआ। पूंजीपतियों को मदद पहुंचाने के लिए वोट मांग रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा व केंद्र सरकार आज तक कितने आदिवासी, दलित, मूलवासी व अल्पसंख्यक का भला किए हैं। सिर्फ हिंदू व मुस्लिम करके लड़ाना चाहते हैं। घुसपैठ मेरा व्यक्तिगत मामला नहीं है। यह राष्ट्र का मामला है। केंद्र सरकार इसे नियंत्रित करती है। इस मामले पर देश के प्रधानमंत्री और गृह मंत्री को बताना चाहिए आखिर घुसपैठिए क्यों बढ़ रहे हैं। देश और सीमाओं की सुरक्षा का जिम्मा केंद्र सरकार पर है। ऐसे में यह इस मसले को उछालकर राज्य सरकार को बदनाम करना चाहते हैं। इनका वश चले तो जात धर्म के नाम पर एक दूसरे में फूट डलवाते ही हैं अब यह घर-घर लड़वाना भी शुरू कर दिए हैं।

### हर एक विस्थापित को हक–अधिकार देने का करेंगे काम

उन्होंने कहा कि जनता इन्हें मुंहतोड़ जवाब देगी। हमने राज्य में विस्थापन आयोग भी बनाया है। हर एक विस्थापित को हक-अधिकार देने का काम करेगी अबुआ सरकार। चतरा के लोगों ने विस्थापन का दर्द सहा है। भाजपा बतायें कि इनके लिए क्या किए। उन्होंने कहा कि झारखंड में एक दर्जन मुख्यमंत्री, दो दर्जन से अधिक केंद्रीय मंत्री, प्रधानमंत्री और गृह मंत्री मंडराने लगे हैं। आसमान में जितने भी गिद्ध मंडरा रहे हैं तीर धनुष की वार से सभी को जमीन पर लाया जाएगा।

### भाजपा को बताया आदिवासी व गरीब विरोधी

उन्होंने कहा कि झारखंड में ओबीसी आरक्षण 27 प्रतिशत से घटकर 14 प्रतिशत बाबूलाल मरांडी व भाजपा सरकार ने किया। ये गैस सिलेंडर 500 में देने की बात करते हैं। 2014 से लेकर आज तक वे महंगे गैस सिलेंडर बेचते रहे। आज असम, मध्य प्रदेश, यूपी और छत्तीसगढ़ में ये दाम कम क्यों नहीं करते हैं। आदिवासी व गरीब विरोधी भाजपा वाले यह कभी नहीं चाहते हैं कि एक गरीब आदिवासी उनके बगल में बैठे। उन्होंने अपने शासनकाल में किए कार्यों को रखा और कहा कि महिला सशक्तिकरण अबुआ सरकार ने किया है। उन्होंने उपस्थित जनसमुदाय से पार्टी प्रत्याशी मनोज चंद्रा को जीताने की अपील की।

## गोला में सोहराय का त्यौहार मातम में बदला

# तेज रफ्तार बोलेरो ने 4 लोगों को रौंदा, मौत



संवाददाता

**गोला (रामगढ़)।** गोला-रजरप्पा मार्ग के पीपरा जारा गांव में बीती देर रात को दर्दनाक घटना घटी। जिससे दो महिला सहित दो बच्चों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार उक्त गांव निवासी दर्जनों संथाल परिवार के लोग ढ़ोल मांदर के साथ संथाली गीत गाते हुए सोहराय मना रहे थे। इस बीच रजरप्पा की ओर से आ रहे बेकाबू बोलेरो त्योहार मना रहे संथाली परिवार के आंगन में घुस गया। जिससे वहां मौजूद एक ही परिवार के तीन व एक अन्य की मौत हो गई। वहीं त्योहार मना रहे दर्जनों लोग घायल हो गए। स्वस्थ्य लोगों ने घायल सभी लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने धूमा मांझी की पत्नी मुनिया देवी उम्र 45 वर्ष पुतोहू बिलासी देवी उम्र 22 वर्ष व मृतक बिलासी का डेढ़ वर्ष पुत्र निरंजन मांझी को मृत घोषित कर दिया। वहीं रांची रिम्स में इलाज के दौरान संजय मांझी की 12 वर्षीय पुत्री रोशनी कुमारी की मौत हो गई।

घायल पंचमी कुमारी उम्र 15 वर्ष, वीणा देवी 18 वर्ष, पार्वती कुमारी, बसंती देवी, सुरज मुनि कुमारी, तालो कुमारी, हेमंती कुमारी 12 वर्ष, ठाकुरमनी देवी उम्र 50 वर्ष, उर्मिला देवी 40 वर्ष रुपाली कुमारी उम्र 12 वर्ष, लीला देवी उम्र 48 वर्ष सहित घायल सभी को चिकित्सकों के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ भेज दिया गया। इधर घटना से रो रोकर बुरा हाल है परिजनों का। चित्कारें मारकर रो रही हैं।

## सूर्योपासना का चार दिनों का महापर्व छठ शुरू

# नहाय-खाय संपन्न, खरना आज

वरीय संवाददाता

**रांची।** लोक आस्था और सूर्य उपासना का चार दिवसीय महापर्व छठ मंगलवार को नहाय-खाय के साथ शुरू हो गया। व्रत को लेकर व्रतधारियों ने नदी, तालाब, डैम में स्नान-ध्यान कर कद्दू भात का प्रसाद तैयार किया। इसके उपरांत छठ मैया का ध्यान लगा प्रसाद ग्रहण कर चार दिवसीय छठ महापर्व का शुभारंभ किया। इसके साथ ही लोगों के बीच भी प्रसाद वितरण किया। इसी क्रम में सुबह कांके डैम, हटनिया तालाब, बटन तालाब, अरगोड़ा तालाब सहित कई



अन्य तालाबों में छठ व्रती स्नान करने पहुंची थीं। स्नान-ध्यान के बाद सभी व्रतियों ने पवित्रता से घर जाकर प्रसाद बनाया और छठी मईया का आह्वान कर व्रत की शुरुआत की। इसके बाद बुधवार को छठ महापर्व के दूसरे दिन व्रतियों द्वारा शाम को मिट्टी के चुल्हे पर आम की लकड़ी से पीतल के बर्तन में पूरी शुद्धता के साथ खरना का प्रसाद तैयार कर छठ मैया का ध्यान कर खरना का प्रसाद ग्रहण करेगी। इसके बाद लोगों के बीच खरना का प्रसाद वितरण किया जाएगा। इसके साथ व्रती 36 घंटे का निर्जला व्रत रखकर गुरुवार की शाम को विभिन्न छठ घाटों में अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देगी। शुक्रवार की सुबह उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ चार दिवसीय छठ महापर्व का समापन होगा।

## रक्षा मंत्री ने लोहरदगा स्थित समाहरणाय मैदान में की चुनावी सभा, बोले

# हेमंत की सरकार अब डूबती नैया साबित हो रही

संवाददाता

**लोहरदगा।** रक्षा मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के स्टार प्रचारक राजनाथ सिंह ने मंगलवार को झारखंड के लोहरदगा स्थित समाहरणाय मैदान में विधानसभा स्तरीय चूल्हा प्रमुख सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य की हेमंत सोरेन की सरकार अब डूबती नैया साबित हो रही है। झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस एवं राजद से लोग भाजपा में शामिल हो रहे हैं। हवा का रुख देखकर हेमंत के प्रस्तावक मंडल मुर्मू भाजपा में शामिल हुए हैं। बड़ी संख्या में झामुमो छोड़कर लोग भाजपा पर विश्वास कर रहे हैं।



राजनाथ ने कहा कि एनडीए नैया पार कराने वाली पार्टी है जबकि झारखंड मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रीय जनता दल एवं कांग्रेस दिवाली के दागे हुए पटाखे हैं। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने झारखंड बनाया। झारखंड के अलावा तीन राज्यों का गठन उनके कार्यकाल में हुआ, जो अब विकसित राज्य की श्रेणी में आ गए हैं लेकिन झारखंड का विकास नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा जान जाए पर वचन न जाए वाली पार्टी है। हम जो कहते हैं वह करते हैं। हमारा घोषणा पत्र सोच-समझकर बनाया जाता है। उन्होंने कहा कि एनडीए को मिला दिया जाए तो दुनिया का सबसे बड़ा गठबंधन है। यदि झारखंड में गठबंधन की सरकार बनी तो झारखंड का विकास को ऊंचाइयों तक ले जाएगा।

राजनाथ ने कहा कि धन-दौलत के मामले में पहले देश 11 में स्थान पर था। अब पांचवें स्थान पर आ गया है। वर्ष 2027 तक इस मामले में भारत तीसरे स्थान पर आएगा। उन्होंने कहा कि भारत का सोना 120 टन जो ब्रिटेन में था उसे भारत लाया गया है। भाजपा धर्म, पंथ की राजनीति नहीं करती, बल्कि इंसाफ और इंसानियत की राजनीति करती है।

## 'फिक्की हील 2024' स्वास्थ्य क्षेत्र 'विकसित भारत' का आधार बनने जा रहा है : वीके पॉल

# भारत के पास है 'स्वास्थ्य के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता' का नेतृत्व

एजेंसी

**नई दिल्ली।** नीति आयोग के सदस्य प्रो. वी.के. पॉल ने मंगलवार को कहा कि सरकार प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र को अगले स्तर पर ले जाने के लिए पूरी तरह से पुनर्जीवित करने को प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, 'हम केवल एक योजना नहीं चला रहे हैं, बल्कि संपूर्ण प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा प्रणाली का निर्माण कर रहे हैं, जो भविष्य के लिए तैयार होगी और 2047 तक हमारे देश की विकसित भारत यात्रा में सहायक होगी।'

नीति आयोग के सदस्य प्रो. वीके पॉल ने नई दिल्ली में भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग



महासंघ (फिक्की) द्वारा इंडिया हैबिटेट सेंटर में आयोजित 'स्वस्थ भारत, विकसित भारत' थीम पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। 'फिक्की हील 2024' को संबोधित करते हुए प्रो. पॉल ने कहा कि 'विकसित भारत' का अर्थ 32 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के साथ-साथ प्रति व्यक्ति आय में 2,500 डॉलर से 18,000 डॉलर तक की वृद्धि भी है।

प्रो. पॉल ने कहा कि 'विकसित भारत' बनने की यात्रा के लिए स्वास्थ्य क्षेत्र इसका आधार बनने जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र को सक्षम बनाने के लिए अन्य क्षेत्रों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन करने का प्रयास करना चाहिए। स्वस्थ भारत, विकसित भारत और निरामया भारत ऐसी भावना है, जिसे मैं उम्मीद करता हूं कि हम सभी साझा करेंगे। स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग पर प्रकाश डालते हुए डॉ पॉल ने कहा कि सरकार ये सुनिश्चित कर रही है कि नई तकनीकों को मान्य किया जाए।

### एआई के उपयोग को मान्य करने की दी सलाह

डॉ पॉल ने उद्योग को एआई के उपयोग को मान्य करने की सलाह दी। उन्होंने जोर देकर कहा, 'कृपया सुनिश्चित करें कि हमारे द्वारा पेश की गई एआई तकनीकें मान्य हों।' डॉ पॉल ने यह भी कहा कि सरकार भारत में एक मजबूत स्वास्थ्य सेवा प्रणाली बनाने के लिए काम कर रही है, जो औसत जीवन प्रत्याशा को 71 वर्ष से बढ़ाने में मदद करेगी और सरकार 2047 तक चिकित्सक अनुपात और बिस्तर अनुपात को बढ़ाने के साथ-साथ 85 वर्ष से अधिक होने की आकांक्षा रखती है। उन्होंने आयुष्मान भारत कार्यक्रम में सभी वरिष्ठ नागरिकों को शामिल करने पर प्रकाश डालते हुए कहा, 'आयुष्मान भारत वय वंदना कार्ड के साथ 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयुष्मान भारत का विस्तार किया गया है।

### स्वास्थ्य सेवा में यह डिजिटल क्रांति का प्रतीक

इस अवसर पर फिक्की की स्वास्थ्य सेवा समिति के अध्यक्ष डॉ. हर्ष महाजन और अध्यक्ष, महाजन इमेजिंग लैब्स ने कहा, 'हमारा स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र अब कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीन लर्निंग और भविष्य कहने वाला विश्लेषण का लाभ उठाता है, जिससे भारत के दूरदराज के इलाकों में भी गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा सुलभ हो जाती है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवा में यह डिजिटल क्रांति पूरी तरह से 'डिजिटल इंडिया' और 'स्वस्थ भारत' दोनों की भावना का प्रतीक है।'

## अवैध खनन मामले में सीबीआई की छापेमारी

# झारखंड, पश्चिम बंगाल और बिहार में 17 ठिकानों पर छापा

संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने आज अवैध खनन मामले में झारखंड, पश्चिम बंगाल और बिहार में 17 ठिकानों पर छापेमारी की है। इसमें झारखंड के 3 जिले शामिल हैं। केंद्रीय एजेंसी ने जिन लोगों के यहां छापेमारी की है वे सभी पंकज मिश्रा के करीबी बताए जा रहे हैं। सीबीआई ने छापेमारी के दौरान अलग-अलग जगहों से 30 लाख रुपए जब्त की है।

टीम झारखंड के साहिबगंज, पाकुड़, राजमहल, कोलकाता और पटना में छापेमारी की। साहिबगंज में सीबीआई ने 7 ठिकानों पर छापेमारी की। जिनके यहां छापेमारी की गई उनमें महताब आलम, रंजन वर्मा, संजय जायसवाल, सुब्रतो पाल, टिंकल भगत, अवध किशोर सिंह उर्फ पतरु सिंह, भगवान भगत और कृष्णा शाह शामिल हैं।

- छापेमारी के दौरान अलग-अलग जगहों से 30 लाख रुपए जब्त



# संक्षिप्त खबरें

## रांची गौशाला न्यास का प्रतिनिधि मंडल मिला राज्यपाल से, गौ पूजन का दिया निमंत्रण



**रांची।** रांची गौशाला न्यास का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को राज्यपाल संतोष गंगवार से मिला और आगामी नौ नवंबर को रांची गौशाला के 120 वां वार्षिक श्री गोपाअष्टमी महोत्सव में रांची गौशाला में गौ पूजन हेतु आने का निमंत्रण दिया। साथ ही उपाध्यक्ष सह न्यासी अध्यक्ष रतन जालान ने रांची गौशाला न्यास की विस्तृत जानकारी राज्यपाल को दी। प्रतिनिधि मंडल में अध्यक्ष पुनीत कुमार पोद्दार, एस एन राजगढ़िया, प्रवक्ता मनीष लोधा शामिल थे।

## रानी कुमारी को मिला सीपीआई का समर्थन



**रांची।** विधानसभा चुनाव में रांची सीट से निर्दलीय प्रत्याशी रानी कुमारी को सीपीआई ने समर्थन देने की घोषणा की। इस संबंध में मंगलवार को सीपीआई के कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने बताया कि झारखंड के 11 विधानसभा सीटों पर सीपीआई ने अपने प्रत्याशी उतारे हैं। वहीं, रांची विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी रानी कुमारी को सीपीआई ने अपना समर्थन देने का निर्णय लिया है। श्री पाठक ने कहा कि सांप्रदायिक ताकतों को शिकस्त देने के लिए सीपीआई ने कमर कस लिया है। उनका उद्देश्य भाजपा को सत्ता में आने से रोकना है। संवाददाता सम्मेलन में सीपीआई के जिला सचिव अजय सिंह ने कहा कि रानी कुमारी विगत लगभग तीन दशक से सामाजिक व राजनीतिक क्षेत्र में सक्रिय सहभागिता निभा रही हैं। महिला हितों के संरक्षण के उनका संघर्ष और जनहित में उनके द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्यों के आधार पर सीपीआई ने उन्हें समर्थन देने का निर्णय लिया है। इस मौके पर मो.इम्तियाज, सविता देवी सहित अन्य उपस्थित थे।

## राजनाथ से मिले आजसू सुप्रीमो सुदेश



**रांची।** आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने मंगलवार को रांची एयरपोर्ट पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच चुनावी रणनीति पर चर्चा हुई।

## राज्यपाल से मिले प्रशिक्षु आईपीएस



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मंगलवार को भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के प्रशिक्षु अधिकारियों ने राजभवन में शिष्टाचार भेंट की। राज्यपाल ने प्रशिक्षु अधिकारियों से बातचीत में उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा उन्हें सदैव दायित्वों के निर्वहन के लिए तत्पर रहने का संदेश दिया।

## बबलू चौधरी ने मांगा जीत का आशीर्वाद



**रांची।** लोकतंत्र के इस महापर्व सभी प्रत्याशी जोरदार प्रयास कर रहे है। कोई भ्रमण कर रहा है तो कोई पदयात्रा। सभी आम लोगों से संपर्क साधने में लगे है। ऐसे रांची विधानसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के रुप में चुनाव में चुनाव लड़ रहे पवन चौधरी उर्फ बबलू चौधरी भी चुनाव प्रचारद कर जनता के बीच जीत का आर्शीवाद मांग रहे हैं।

## पांचवे दिन निकली प्रभातफेरी



**रांची।** गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा द्वारा श्री गुरु नानक देव जी के 555 वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष में निकाली जा रही प्रभातफरी के 5वें दिन नानक नाम लेवा श्रद्धालु जो बोले सो निहाल सत श्री अकाल के जयकारे के गुरुद्वारा ने निकाली गई। जो कॉलोनी की विभीन्न गलियों का भ्रमण कर वापस गुरुद्वारा पहुंचकर समाप्त हुई। इस मौके पर आशु मिढ़ा,गीता कटारिया,शीतल मुंजाल,इंदु पपनेजा,नीता मिढ़ा ,रेशमा गिरधर,मनजीत कौर,बबीता पपनेजा ने जिथे बाबा पैर धरे पूजा आसन थापन होआ..... एवं वडे मेरे साहिबा गहर गंभीरा गुणी गहीरा, कोई ना जांड़े तेरा कीता केवड चीरा..... जैसे अनेक शबद गायन कर वातावरण को नानकमय बना दिया। फेरी में आज बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

# आईडी कार्ड को जल्द मतदाताओं तक पहुंचाना सुनिश्चित करें पोस्टमास्टर : के. रवि कुमार

संवाददाता

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि विधानसभा निर्वाचन- 2024 में एक भी मतदाता मताधिकार से वंचित न रहे यह प्राथमिक उद्देश्य है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए सम्मिलित रूप से प्रयास अपेक्षित है। उन्होंने कहा कि आयोग द्वारा जारी वोटर आईडी कार्ड ससमय मतदाताओं तक पहुंचे इसके लिए डाक विभाग एक अहम भूमिका निभा रहा है। रोजाना हजारों की संख्या में पूरे राज्य में डाक विभाग द्वारा मतदाता पहचान पत्र बांटे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अभी भी कई मतदाताओं का मतदाता सूची में नाम दर्ज होने के उपरांत भी उनका वोटर आईडी कार्ड उपलब्ध नहीं हो पाया है।



वह मंगलवार को निर्वाचन सदन में डाक विभाग के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। उन्होंने डाक विभाग के पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी छुट्टियों में भी डाक विभाग को खुला रखकर वोटर आईडी के वितरण का कार्य पूरी तेजी के साथ किया जाए, जिससे मतदाता सूची में पंजीकृत सभी मतदाताओं को उनका मतदाता पहचान पत्र प्राप्त हो सके।

उन्होंने कहा कि वैसे मतदाता, जिनका नाम मतदाता सूची में है पर अबतक वोटर आईडी कार्ड प्राप्त नहीं हो पाया है, वे 1950 पर कॉल कर अपने बीएलओ या बीएलओ सुपरवाइजर से सम्पर्क कर इससे संबंधित जानकारी ले सकते हैं। इसके लिए संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी से भी संपर्क किया जा सकता है। संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी द्वारा डाक घर के साथ समन्वय करते हुए वोटर आईडी कार्ड के वितरण का कार्य कराया जाएगा।

कुमार ने कहा कि डाक विभाग के वरीय पदाधिकारी इसके लिए अपने स्तर से पूरे राज्य के पोस्ट मास्टर को निर्देशित करें एवं आयोग द्वारा प्राप्त सभी वोटर आईडी कार्ड का शत-प्रतिशत वितरण सुनिश्चित कराएं।इस अवसर पर पोस्टमास्टर जनरल कार्यालय के सहायक निदेशक निरंजन कुमार, इंस्पेक्टर पोस्ट कुमकुम कुमारी सहित मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय एवं डाक विभाग के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## के. रवि कुमार ने एयरपोर्ट अथॉरिटी को लिखा पत्र

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि विधानसभा निर्वाचन-2024 में सभी प्रत्याशियों के लिए एक समान अवसर उपलब्ध करने के उद्देश्य से राज्य में केंद्रीय निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेर्शों का अनुपालन कराया जा रहा है। कुमार ने बताया कि झारखण्ड मुक्ति मोर्चा ने पार्टी के स्टार प्रचारक हेमंत सोरेन का हेलीकॉप्टर रोके जाने की शिकायत प्राप्त हुई है। इस मामले में बिरसा मुंडा एयरपोर्ट ऑथोरिटी के निदेशक को 6 नवंबर पूर्वाह्न तक वस्तुस्थिति से अवगत कराने के लिए पत्र लिखा गया है। कुमार ने कहा है कि इस तरह की स्थिति उत्पन्न न हो और कोई संवादहीनता न रहे, इस बात को ध्यान में रखते हुए एयरपोर्ट ऑथोरिटी के साथ 23 अक्टूबर को निर्वाचन सदन में राजनीतिक दलों संग एयरपोर्ट ऑथोरिटी की बैठक भी आयोजित की गई थी। बैठक में सभी राजनीतिक दलों को एयरपोर्ट ऑथोरिटी के वीआईपी मूवमेंट से संबंधित दिशा निर्देशों से अवगत कराते हुए संशय की स्थिति में संपर्क करने के लिए नंबर भी साझा किए गए थे, ताकि विधानसभा निर्वाचन में सभी के लिए एक समान अवसर प्राप्त हो।

### आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक 151.56 करोड़ की अवैध सामग्री और नकदी जब्त

# मतदाता पर्ची, मतदाता पहचान पत्र जैसा नहीं : सीईओ

### चुनाव कार्य में स्वंयसेवी संस्थाओं का उपयोग नहीं करने का निर्देश केंद्रीय निर्वाचन आयोग का

संवाददाता

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि मतदाता पर्ची, मतदाता पहचान पत्र नहीं है। पूर्व में ऐसा देखने को मिला है कि मतदाता पर्ची को पहचान पत्र समझ कर मतदान करने पहुंच जाते हैं और अनावश्यक रूप से परेशान होते हैं। मतदाता पहचान पत्र के अलावा कुल 12 तरह के आइडी प्रूफ मतदान के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा स्वीकृत है। उसके अतिरिक्त किसी भी तरह के अन्य पहचान पत्र मतदान के लिए वैध नहीं होते हैं।



वह मंगलवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में पत्रकार वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रथम चरण के चुनाव के लिए मतदाता पर्ची वितरण 8 नवंबर तक चलेगा। इस दौरान बीएलओ घर-घर जाकर मतदाता पर्ची का वितरण कार्य करेंगे। इस बार मतदाता पर्ची में अंकित सीरियल नंबर और पार्ट नंबर को घेरे में दशार्या गया है, ताकि मतदाता उन दोनों नंबरों को नोट कर मतदान केंद्र पर जाएं और आसानी से अत्यल्प समय में अपना नाम खोज सकें और मतदान के लिए सही कतार में खड़ा हो सकें। इससे जहां समय की बचत होगी, वहीं मतदान की गति भी बढ़ेगी। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि जेएसएलपीएस के कर्मियों को चुनाव कार्य से अलग रखने के लिए कोई निर्देश निर्वाचन आयोग की ओर से नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा कि कुछ राज्यों में चुनाव के दौरान शिकायत मिलने के बाद से भारत निर्वाचन आयोग का स्वंयसेवी संस्थाओं, स्वंय सहायता ग्रुप, एनजीओ आदि को चुनाव कार्य से अलग रखने का स्टैंडिंग आर्डर है, जिसके आलोक में सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया कि राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक 151.56 करोड़ की अवैध सामग्री और नकदी जब्त की जा चुकी है। विधानसभा चुनाव को निष्पक्ष, स्वतंत्र और भयरहित बनाने के लिए एजेंसियों के द्वारा सतत निगरानी की जा रही है। इसी का परिणाम है कि लोकसभा चुनाव से अधिक की जब्ती अब तक हो चुकी है।

# मुख्यमंत्री को रोका जाना साजिशः सुप्रियो भट्टाचार्य

संवाददाता



**रांची।** झामुमो के राष्ट्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि हमने चार तारीख को एक पत्र राष्ट्रपति को दिया है। पत्र बहुत ही गंभीर है। सभी को मालूम है कि चाईबासा क्षेत्र जंगलों से घिरा हुआ है। नक्सल मूवमेंट वहीं से होते हैं। वहां मोबाईल का टावर भी नहीं है। ऐसे में उस जगह डेढ़ घंटे से अधिक समय तक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को रोकना और एटीसी द्वारा कोई संज्ञान नहीं लिया जाना यह दशार्ता है कि यह बड़ी घटना को अंजाम देने की साजिश है। सुप्रियो ने कहा कि प्रधानमंत्री की सुरक्षा का हवाला देते हुए मुख्यमंत्री को साजिश के तहत रोका जा रहा है। इसी से संबंधित पत्र मेरे जरिये राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लिखा गया है।

भट्टाचार्य मंगलवार को हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग और भाजपा में बंटी और बबली का संबंध है। यहां के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संग हमारी बैठक हुई थी। बताया था कि 15 नवंबर तक राज्य में पर्व-त्योहार हैं, उसके बावजूद 13 को चुनाव कराया जा रहा है।

# वैभव ज्ञान परीक्षा में डीएसपीएमयू के दो विद्यार्थियों ने शीर्ष दस में बनाई जगह

### विश्वविद्यालय के स्नातक द्वितीय समसत्र के छात्र शिवम नारायण ने इस प्रतियोगिता में चौथा स्थान प्राप्त किया





संवाददाता

**रांची।** वाराणसी के चातुर्वेद संस्कृत प्रचार संस्थान के तत्वावधान में आयोजित अखिल भारतीय वैभव ज्ञान परीक्षा में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग के दो विद्यार्थियों ने शीर्ष दस स्थानों में जगह बनाई है। विश्वविद्यालय के स्नातक द्वितीय समसत्र के छात्र शिवम नारायण ने इस प्रतियोगिता में चौथा स्थान प्राप्त किया है जबकि प्रतिमा चौहान ने सातवां स्थान हासिल किया है। इन उपलब्धियों के साथ उन्होंने न केवल अपने विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है, बल्कि संस्कृत भाषा और संस्कृति के प्रति अपने समर्पण को भी दशार्या है। इस अखिल भारतीय स्तर की प्रतियोगिता में भारत के विभिन्न विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों से 200 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसमें दिल्ली विश्वविद्यालय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, डॉ. हरि सिंह गौर केन्द्रीय विश्वविद्यालय, सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, कविकुलगुरु कालिदास संस्कृत विश्वविद्यालय और श्रीसोमनाथ संस्कृत विश्वविद्यालय जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के प्रतिभाशाली छात्रों ने भाग लिया। इस परीक्षा का उद्देश्य संस्कृत भाषा का प्रचार-प्रसार करना और इसे युवाओं के बीच लोकप्रिय बनाना है।

शिवम नारायण और प्रतिमा चौहान की इस सफलता पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग में खुशी की लहर है। विभागाध्यक्ष डॉ. धनंजय वासुदेव द्विवेदी ने दोनों छात्रों को उनकी मेहनत और समर्पण के लिए बधाई दी और कहा कि यह उपलब्धि विभाग के लिए गर्व का विषय है। साथ ही विभागीय शिक्षकों डॉ. जगदम्बा प्रसाद, डॉ. श्रीमित्रा, कुमारी जया, और मनीषा बोदरा ने भी शिवम और प्रतिमा को शुभकामनाएँ दीं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विभाग के शिक्षकों का कहना है कि इन छात्रों की सफलता न केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि यह पूरे विश्वविद्यालय और संस्कृत विभाग की प्रतिष्ठा को भी बढ़ाने का कार्य करती है।

# आईएनडीआईए ने सात गारंटियों के साथ जारी किया झारखंड विस चुनाव का घोषणा पत्र

संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए आईएनडीआईए ने मंगलवार को राजधानी रांची के एक होटल में घोषणा पत्र जारी किया। घोषणापत्र में गठबंधन ने कई बड़े दावे किए हैं। गठबंधन ने मेनिफेस्टो में सात गारंटियों का ऐलान किया है।



### गठबंधन की सात गारंटियां

**गारंटी 1932 आधारित खतियान की**

1932 के खतियान पर आधारित स्थानीयता नीति लाने, सरना धर्म कोड को लागू करवाने के साथ क्षेत्रीय भाषा-संस्कृति के संरक्षण को संकल्पित।

**गारंटी मंईयां सम्मान की**

दिसंबर से मंईयां सम्मान योजना के अंतर्गत 2,500 की सम्मान राशि दी जाएगी।

**गारंटी सामाजिक न्याय की**

एसटी को 28 प्रतिशत, एससी को 12 प्रतिशत, ओबीसी को 27 प्रतिशत और अल्पसंख्यक के हितों का संरक्षण करने के लिए संकल्पित। इसके साथ पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्रालय के गठन के लिए संकल्पित।

**गारंटी खाद्य सुरक्षा की**

प्रति व्यक्ति सात किलो राशन वितरित किया जाएगा। इसके साथ राज्य के हर गरीब परिवार को 450 में गैस सिलेंडर दिया जाएगा।

**गारंटी रोजगार एवं स्वास्थ्य सुरक्षा की**

झारखण्ड के 10 लाख युवक और युवतियों को नौकरी व रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। इसके साथ करीब ?15 लाख तक परिवारिक स्वास्थ्य बीमा दिया जाएगा।

**गारंटी शिक्षा की**

राज्य के सभी प्रखण्डों में डिग्री कॉलेज तथा जिला मुख्यालयों में इंजीनियरिंग, मेडिकल कॉलेज और यूनिवर्सिटी की स्थापना की जाएगी। इसके साथ रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए औद्योगिक प्रोत्साहन नीति लाते हुए राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में 500-500 एकड़ का औद्योगिक पार्क बनाया जाएगा।

**गारंटी किसान कल्याण की**

धान के एमएसपी को ?2400 से बढ़ाकर ?3200 करने के साथ लाह, तसर, करंज, इमली, महुआ, चिरोंजी, साल बीज आदि के समर्थन मूल्य में 50 प्रतिशत तक की वृद्धि की जाएगी।

इस मौके पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, झारखंड कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, राजद के जयप्रकाश नारायण यादव, सीपीएम एमएल के शुभेंदु सेन आदि मौजूद थे।

# नहाय-खाय के साथ चार दिवसीय महापर्व छठ पूजा शुरू

संवाददाता

**रांची।** लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व छठ मंगलवार से शुरू हो गया। पहले दिन व्रतियों ने स्नान करने के बाद सात्विक भोजन, कद्दू भात, चना दाल आदि का सेवन किया। बुधवार को खरना है। दिनभर उपवास के बाद शाम में व्रती खीर-पुड़ी का प्रसाद करेंगे। व्रती गुरुवार शाम में अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य देंगे और शुक्रवार की सुबह उदयमान सूर्य को अर्घ्य देंगे। इसके बाद पारन करेंगे। इसके साथ चार दिवसीय छठ महापर्व का समापन होगा। छठ को लेकर हर जगह घाटों की साफ-सफाई व सजावट का काम चल रहा है। सरकार के साथ स्वंयसेवी संगठन इस काम लगे हुए हैं। घाटों को सुंदर ढंग से सजाया जा रहा है। रांची में कई स्थानों पर सजावट का काम अंतिम चरण में हैं।



**राजधानी में सज गया छठ का बाजार**

महापर्व छठ को लेकर राजधानी में तैयारी तेज हो गई है, जहां छठ घाटों को चकाचक किया गया है। नदी, डैम, तालाबों को स्वच्छ किया गया है। वहीं, राजधानी में छठ बाजार में सज-धज कर तैयार हो गये हैं। महापर्व के मौके पर राजधानी के जिला स्कूल मैदान में वर्षों से तीन दिवसीय बाजार सजता आ रहा है। यहां 250 से 300 लोग गांव, प्रखंड, पंचायात, ब्लॉक के लोग अपनी दुकाने लगाने पहुंचते हैं। मंगलवार से दुकान लग गई है। खरीदार भी पहुंचने लगे हैं। इस बाजार में हिंदु, मुस्लिम, आदिवासी सभी वर्ग समुदाय के लोगों ने आस्था के महापर्व छठ पर अपनी दुकानों को सजाया है।छठ बाजार में कांके, मांडर, रातू, ओरमांझी, डोरंडा, पूंदाग, धुर्वा, ढीपाटोली, रांची, मोरहाबादी, नामकुम, लोवाडी, डोरंडा, आदि क्षेत्र के 300 लोगों ने दुकान सजाया है। इसके अलावा राजधानी के हरमू बाजार, डोरंडा बाजार, मोरहाबादी, बरियातु, कडरु, चुटिया, हटिया, धुर्वा, पंडरा, लालपूर, कांटा टोली, अरगोड़ा, कोकर, धुर्वा, हटिया आदि क्षेत्रों में भी दुकान सजाया गया है।

**फल और प्रति किलो दर**

| | |
|---|---|
| पानीफल | - 80 रु |
| शरीफा | - 100 रु |
| आंवला | - 100 रु |
| शकरकंद | - 80 रु |
| पनौरा | - 400 रु |
| कबरंगा | - 300 रु |
| मूली | - 80-100 रु |
| डंभा | - 100 रु जोड़ा |
| नारीयल सूखा | -70-80 रु जोड़ा |
| गाजर | - 100 रु |
| हलदी कच्चा | - 50 रु |
| मोमफली | - 100 रु |
| सेब | - 100-150 रु |
| सेब पेटी | - 500-850 रु |
| संतरा | - 60 रु |
| संतरा पेटी | - 250-400 रु |
| अनानास | - 70 रु पीस |
| केला दर्जन | - 60 रु |
| केला कांदी | - 500-800 रु |
| गन्ना | - 40-60 रु पीस |

# प्रदेश भाजपा ने 30 बागी नेताओं को पार्टी से छह वर्षों के लिए किया निष्कासित

वरीय संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के निर्देश पर महामंत्री व सांसद डॉ. प्रदीप वर्मा ने मंगलवार को विधानसभा चुनाव में अधिकृत प्रत्याशियों के खिलाफ नामांकन कर पार्टी की नीतियों के विरुद्ध विधानसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवारों के खिलाफ चुनाव लड़ रहे 30 भाजपा के बागी नेताओं को पार्टी से छह वर्षों के लिये निष्कासित किया है। भाजपा प्रदेश के अनुसार, चंद्रमा कुमारी (पलामू), कुमकुम देवी (हजारीबाग), लक्ष्मी देवी (पलामू), जूली यादव (दुमका), बलवंत सिंह (लातेहार), अरविंद सिंह (खरसावां), बटेश्वर मेहता (हजारीबाग), भैय्या बांके बिहारी (हजारीबाग), चितरंजन साव (बोकारो), कर्नल संजय सिंह (पलामू), हर्ष अजमेरा (हजारीबाग), हजारी प्रसाद साहू (रांची ग्रामीण), मिसिर कुजूर गुमला, मिस्त्री सोरेन (पाकुड), मुकेश कुमार शुक्ला (पाकुड), पुष्परंजन (पलामू), राजकुमार सिंह (जमशेदपुर) महानगर, रामावतार केरकेट्टा (रांची ग्रामीण), रामदेव हेम्ब्रम (पूर्वी सिंहभूम), रामेश्वर उरांव (लोहरदगा), संतोष पासवान (लातेहार), शिवचरण महतो (पाकुड), शिवशंकर बड़ाइक (खूंटी), शिव शंकर सिंह (जमशेदपुर), सुरेंद्र मोदी (हजारीबाग), उपेंद्र यादव (गढ़वा), उमेश भारती (चतरा), विकास सिंह (जमशेदपुर महानगर), विमल बैठा (जमशेदपुर महानगर) और विनोद सिंह (पलामू) को पार्टी से छह वर्षों के लिए निष्कासित किया गया है।



# झारखंड की अस्मिता बचाने की लड़ाई है यह चुनाव : अमर बाउरी

## संक्षिप्त खबरें

### नहाय खाय के साथ शुरू हुआ चार दिनों का छठ महापर्व



**तेनुघाट/ बोकारो।** सूर्योपासना का महापर्व छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान मंगलवार को नहाए खाए के साथ शुरू हुआ। अनुमंडल मुख्यालय तेनुघाट, फुसरो, जारंगडीह, कथारा एवं आसपास के क्षेत्र में अनुष्ठान एवं पूजा की तैयारी धूमधाम के साथ चल रही है। चारों ओर छठ माता के गीत से गूंज रहा है जिससे पूरा वातावरण भक्ति मय हो गया है। छठ व्रत के पहले दिन छठ व्रतधारियों ने स्नान कर भगवान सूर्य की आराधना करते हुए चना दाल, अरवा चावल और कद्दू की सब्जी ग्रहण कर चार दिवसीय छठ का अनुष्ठान शुरू किया। इसके साथ हीं उपवास कर बुधवार को खाना की तैयारी शुरू हो गई। छठ पर्व मनाने को लेकर आज से बाजार में भारी भीड़ देखी जा रही है।

### मतदाता-जागरुकता को ले बच्चों की प्रभातफेरी




**बोकारो।** बोकारो थर्मल स्थित संत पॉल मॉडर्न स्कूल के छात्र-छात्राओं ने मंगलवार को मतदान को लेकर वोटरों को जागरूक करने को लेकर प्रभातफेरी निकाली। प्रभातफेरी स्कूल परिसर से निकल जीएम कॉलोनी, थाना चौक, हनुमान मंदिर, झारखंड चौक, गुरुद्वारा मार्केट सहित अन्य मोहल्ले से होकर स्कूल पहुंच समाप्त हो गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने स्लोगन के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकायें मौजूद रहीं।

### डॉ लंबोदर ने पदयात्रा कर किया जनसंपर्क



**बोकारो।** गोमिया विधायक सह राजग समर्थित आजसू पार्टी के उम्मीदवार डॉ लंबोदर महतो ने मंगलवार को क्षेत्र के धवैया, कंडेर, महुआटांड़, बड़की पुन्नू व छोटकी पुन्नू, गंगापुर और आसपास के गांवों में में पदयात्रा कर जनसंपर्क किया। इस क्रम में उन्होंने एक-एक घर व लोगों से मिलकर गोमिया की उन्नति व प्रगति के लिए पुनः आशीर्वाद मांगा। कहा कि हमने गोमिया के लोगों के हितों का बराबर ध्यान रखा है और आगे भी रखेंगे। गोमिया के लोग तरक्की करें क्षेत्र उन्नति के मामले में आगे रहे, इसी इसी सोच के साथ काम करता हूं। गोमिया की जनता जल, जंगल, जमीन व माटी बेटी व रोटी की रक्षा करने वाली आजसू पार्टी व एनडीए के साथ खड़ी है। लोगों का रुझान पूरी तरह से एनडीए के पक्ष में बना हुआ है। हमें यह यकीन है कि मेरे किए हुए कार्यों, सामाजिक सरोकार को लोग भूलेंगे नहीं और अपना आशीर्वाद हमें पुनः देंगे। इस दौरे में उनके साथ मुख्य रूप से अरविंद करमाली, आजसू पार्टी प्रखंड अध्यक्ष महेश महतो, आजसू पार्टी केंद्रीय सदस्य विक्रम साव, ईश्वर महतो, अजय महतो, हेमंत गुप्ता, शेखर महतो आदि शामिल रहे।

### अधिवक्ता रवानी गरीबों के मसीहा थे : रशीदी



**बोकारो।** बोकारो जिला अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष स्व० सीताराम रवानी की प्रथम पुण्य तिथि के मौके पर बोकारो कोर्ट परिसर के पुस्तकालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सर्व प्रथम उनके सम्मान में दो मिनट का मौन रख कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। आगंतुकों का स्वागत स्व० रवानी के अधिवक्ता पुत्र अतुल कुमार एवं पुत्री राज श्री ने उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया। शोक सभा को संबोधित करते हुए झारखंड स्टेट बार कौंसिल के सदस्य अब्दुल कलाम रशीदी, मृत्युंजय कुमार श्रीवास्तव, इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स के नेशनल कौंसिल मेंबर अधिवक्ता रणजीत गिरि ने स्व० रवानी के जीवनी के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। श्रद्धांजलि सभा मे संघ के अध्यक्ष प्रभारी बासुदेव गोस्वामी, महासचिव प्रभारी महेश चोधरी, कोषाध्यक्ष सोमनाथ शेखर, उप कोषाध्यक्ष विकास तापड़ीया, प्रेम कुमार 2, कार्यकारिणी सदस्य रुपेश कुमार, नवीन कुमार,सृस्ठीधर सिंह, माया सिंह, संजय कुमार, मृत्युन्जय मलिक, कामदेव पाठक, सम्पूर्ण चन्द्र लायक, वरीय अधिवक्ता दिनेश प्रसाद शर्मा, ददन सिंह, मोहन लाल ओझा, अशोक कुमार पाल, शंकर डे के अलावे सैकड़ों अधिवक्ताओं ने श्रद्धांजलि दी।

### महिला समिति द्वारा जगन्नाथ मंदिर परिसर में सजावटी जलाशय का उद्घाटन

**बोकारो।** शहर सौंदर्यीकरण हेतु श्रीमती अनिता तिवारी, अध्यक्षा महिला समिति, बोकारो ने मंगलवार को श्री जगन्नाथ मंदिर परिसर में सजावटी जलाशय का उद्घाटन किया। मुख्य मंदिर के दोनों तरफ एक-एक फव्वारा मंदिर की शोभा बढ़ा रहा हैं तथा दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र बने हैं। आज छठ पूजा के नहाए-खाए से समिति की कार्यकारिणी दल की उपस्थिति में अध्यक्षा द्वारा इसका शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष मोनिका रंगानी, निशा श्रीवास्तव, प्रीति शरण सचिव ऋचा प्रियदर्शिनी, सांस्कृतिक सचिव श्वेता कुमार, अनीशा झा, प्रीति राजेश, जया, आशा, समिता ने दीप जलाया तथा पूजा अर्चना की।

## प्रधानमंत्री मोदी 10 को बोकारो के चंदनकियारी में चुनावी सभा को करेंगे संबोधित

संवाददाता



**बोकारो।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद झारखंड में चुनावी जंग का मोर्चा संभाल लिया है। गढ़वा के बाद आगामी 10 नवम्बर को श्री मोदी बोकारो जिले के चंदनकियारी में आ रहे हैं। चंदनकियारी के चंडीपुर मैदान में पूर्वाह्न 11 बजे से पीएम मोदी भाजपा उम्मीदवार अमर बाउरी के अलावा अन्य भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में एक चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इसे लेकर जोर-शोर से तैयारियां चल रही हैं। पंडाल-निर्माण शुरू हो चुका है। मंगलवार को चंदनकियारी स्थित अपने कार्यालय में संवाददाताओं से एक बातचीत में अमर बाउरी ने यह जानकारी दी। झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं चंदनकियारी के विधायक श्री बाउरी ने कहा कि पीएम मोदी के कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाया जाएगा। पहली बार पीएम का इस क्षेत्र में आगमन होने जा रहा है, जिसे लेकर पार्टी का हर कार्यकर्ता काफी उत्साहित है। प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह विधानसभा चुनाव झारखंड की अस्मिता बचाने और माटी-रोटी-बेटी की रक्षा की लड़ाई है। झारखंड के खाते में हर दिन पांच हत्या और पांच दुष्कर्म की घटनाएं हो रही हैं। आदिवासी हितों की बात कर सत्ता में आने वाली हेमंत सोरेन की सरकार आदिवासी विरोधी बनी है। मुख्यमंत्री को न आदिवासियों के अस्तित्व की चिन्ता है और न ही महिला-सम्मान की। जो व्यक्ति अपने घर की अस्मिता का ख्याल नहीं कर रहे, वे झारखंड की अस्मिता का क्या ख्याल रखेंगे? तुष्टिकरण और वोट बैंक के लोभ में ये इतने अंधे हो गए हैं कि उन्हें झारखंड की अस्मिता खतरे में नहीं दिख रही। तभी तो उनकी सरकार के मंत्री डॉ. इरफान अंसारी उनकी भाभी और भतीजी के बारे में अमर्यादित बयान दे रहे हैं और मुख्यमंत्री चुप्पी साधे बैठे हैं। बांग्लादेशी घुसपैठियों से मुख्यमंत्री को इतना अधिक प्रेम है कि उनमें अपने ही परिवार की महिला और बेटियों के बारे मे ऐसी अमर्यादित टिप्पणी करने वाले मंत्री को पद से हटाने की हिम्मत नहीं है।

### बांग्लादेशी घुसपैठिये इरफान की ताकत

बांग्लादेश घुसपैठ के मसले पर एक सवाल के जवाब में श्री बाउरी ने कहा कि यह झारखंड के साथ-साथ देश की संप्रभुता के लिए भी गंभीर खतरा है। मुख्यमंत्री कह रहे हैं कि एनआरसी और यूसीसी लागू नहीं होने देंगे। जबकि, हिन्दुओं को अपने पर्व त्यौहारों में संघर्ष करना पड़ रहा है। अपने ही देश में हमें अपनी धर्म-संस्कृति को बचाने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा- बांग्लादेशी घुसपैठियों के सबसे बड़े समर्थक हेमंत सोरेन हैं और पक्षधर इरफान अंसारी हैं। खुल करके उनका पक्ष लेना इन्होंने शुरू किया है। फिलहाल जब तक कानून बांग्लादेशी घुसपैठिया साबित नहीं कर देता, तब तक इरफान अंसारी भारत के ही नागरिक हैं। मेरा प्रश्न है कि इरफान अंसारी, जो मंत्री भी हैं, अभी उन्होंने सीता सोरेन जी के ऊपर और बाद में उनकी बेटियों पर भी इतना अभद्र वक्तव्य क्यों दिया। आखिरकार कहां से उन्हें झारखंड की बहू-बेटियों और सीएम की भाभी-भतीजी की इज्जत उछालने की ताकत मिल रही है? जो मुख्यमंत्री अपने घर की इज्जत के सम्मान के लिए एक शब्द मुंह से नहीं निकाल सकता है, हम जैसे झारखंडियों के मान-सम्मान की क्या रक्षा करेगा? यह सारी ताकत यहां वोट बैंक बनकर बैठे बांग्लादेशी घुसपैठियों से ही उन्हें मिल रही है।

### भाजपा ने झारखंड बनाया, वही संवारेगी

उन्होंने कहा कि झारखंड को हमने (भाजपा) ने बनाया, संवारेंगे भी हम ही। झारखंड निर्माण के 25 साल पूरे हो रहे हैं। इसे देखते हुए हमने 25 संकल्प लिए हैं। भाजपा के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनेगी। पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएंगे। युवाओं का भविष्य संवारेंगे। 15 नवम्बर 2025 तक डेढ़ लाख सरकारी नौकरियां भरेंगे। बांग्लादेशी घुसपैठ पर पूर्णतः रोक लगेगी और उन्हें चिन्हित कर बाहर भगाएंगे। सीजीएल की परीक्षा में हुई गड़बड़ी की सीबीआई जांच करवाकर दोषी लोगों को जेल भेजेंगे।

## तीर्थनाथ आकाश ने जारी किया अपना चुनावी घोषणा पत्र

**फुसरो/ बोकारो।** बेरमो विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी तीर्थनाथ आकाश ने मंगलवार को फुसरो हिंदुस्तान पुल स्थित दामोदर नदी तट किनारे प्रेस कॉफ्रेंस किया। उन्होंने यहां अपना चुनावी घोषणा पत्र जारी किया। कहा कि बेरमो की जनता इस बार बदलाव के मूड में है। बेरमो में शिक्षा, स्वास्थ्य की स्थिति काफी दयनीय है। किसी जनप्रतिनिधि ने इस दिशा में पहल नहीं किया। कहा कि जनता ने उन्हें अगर मौका दिया तो बेरमो को तीन साल में ही मॉडल बनाने का काम करेंगे और चिकित्सा, शिक्षा, रोजगार सहित सभी क्षेत्र में काम करेंगे। कहा कि बेरमो विधायक जयमंगल सिंह अगर काम किये होते तो आज उन्हें प्रत्याशी के रूप में उतरने की जरूरत नहीं होती। गिरिडीह के पूर्व सांसद रवींद्र पांडेय भी पांच बार लोकसभा से सांसद बने परंतु बेरमो को उन्होंने कभी प्राथमिकता नहीं दी। कहा कि डीएमएफटी फंड का दुरुपयोग किया जा रहा है। डीएमएफटी फंड से मंत्री, विधायक का आवास सज रहा है। सीएसआर मद से डीसी, एसपी कार्यालय सज रहा है। जिला को स्वच्छ बनाने के लिए सीएसआर मद का इस्तेमाल हो रहा है पर शिक्षा की दिशा में पहल नहीं किया जाता है। उन्होंने बाहरी-भीतरी के मुद्दे को लेकर कहा कि स्थानीय युवाओं को शिक्षा के क्षेत्र में इतना मजबूत किया जायेगा कि बाहरी लोगों की जरूरत न पड़े।

## सतर्कता जागरूकता सप्ताह का समापन

संवाददाता



**बोकारो।** दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र के प्रबंधन और सतर्कता विभाग द्वारा मनाया जा रहा सतर्कता जागरूकता सप्ताह मंगलवार को संपन्न हो गया। सीटीपीएस के तेजस भवन के सम्मेलन कक्ष में आयोजित एक समारोह में वरिष्ठ महाप्रबंधक और परियोजना प्रमुख (एचओपी) विजय नंद शर्मा ने कहा कि जीवन को सार्थक बनाने के लिए सत्यनिष्ठा, सतर्कता और जागरूकता को अपनाना अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि सत्यनिष्ठा से किए गए कार्यों को सफल होने से कोई रोक नहीं सकता। शर्मा ने यह भी कहा कि संस्थान की उन्नति के लिए सत्यनिष्ठा, सतर्कता और जागरूकता का पालन करना अनिवार्य है। इस अवसर पर वरिष्ठ महाप्रबंधक राम प्रवेश साह ने कहा कि मनुष्य को नैतिक मूल्यों और जवाबदेही का पालन करना भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि संस्थान और समाज के विकास के लिए हमें इन संवेदनशील मुद्दों पर हमेशा सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी कहा कि बच्चों को सत्यनिष्ठा और सतर्कता के महत्व से अवगत कराना हम सभी का दायित्व है, क्योंकि बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं।

वरिष्ठ महाप्रबंधक अविजीत घोष ने कहा कि सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि का महत्व हमारे जीवन में अमृत के समान है। इस संस्कृति का समावेश होते ही मनुष्य, समाज और देश का विकास बिना किसी विलंब के होगा।

समारोह का संचालन वरिष्ठ प्रबंधक अभिषेक घोष ने किया। समारोह में के.एम. प्रियदर्शी, दिलीप कुमार, आर.आर. ओझा, राजकुमार चौधरी आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। जबकि, मौके पर संजीव कुमार, बसंत कुमार महापात्रा, विनोद कुमार, मुकेश कुमार, सुबोध कुमार पासवान, कार्तिक कुमार महतो, अभिनंदन कुमार, रवि रंजन सिंह, रामजी रजक, राम सुधिष्ट स्नेही, चंदन कुमार, पवन कुमार, रंजीत कुमार चौबे, अक्षय कुमार, गुलाम मोईनुद्दीन, राजू गोराई, तनुश्री गोराई, प्रतिमा कुमारी, रिया गोराई, तान्या कुमारी, करीना कुमारी, नेहा कुमारी आदि को उपहार देकर सम्मानित किया गया। इसके पूर्व, पोपलो ग्राम पंचायत में सतर्कता जागरुकता को लेकर एक ग्राम सभा आयोजित की गई।

## बेरमो एसडीपीओ ने सीओ व थाना प्रभारी के साथ किया छठ घाटों का निरीक्षण

संवाददाता



**बेरमो/ बोकारो।** बेरमो थाना क्षेत्र में बेहतर विधि व्यवस्था बनाने, शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर मंगलवार को बेरमो एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह ने बेरमो सीओ संजीत कुमार सिंह, थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह व महिला थाना प्रभारी सुमन कुमारी के साथ विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया। एसडीपीओ श्री सिंह ने हिन्दुस्तान पुल फुसरो, करगली गेट, बेरमो स्टेशन के समीप सहित अन्य छठ घाटों का निरीक्षण कर विधि व्यवस्था, दामोदर नदी का जलस्तर, साफ सफाई, लाइटिंग, पार्किंग, महिलाओं के लिए विशेष सुरक्षा, ट्रैफिक व्यवस्था आदि का जायजा लिया। एसडीपीओ ने कहा कि बेरमो अनुमंडल पुलिस क्षेत्र के सभी छठ घाटों में विधि व्यवस्था की सारी तैयारी पूरी कर ली है। घाटों में श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रण करने के लिए जगह-जगह पर सुरक्षा बलों की तैनाती की जायेगी। ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़े। कहा कि छठ घाट के पास मुख्य सड़क पर बैरिकेटिंग लगाई जायेगी। अर्घ्य के दौरान व्रतियों और श्रद्धालुओं को छठ घाट आने-जाने में ट्रैफिक के कारण असुविधा ना हो इसे लेकर रूट चार्ट में बदलाव किया जायेगा। कहा कि प्रशासन छठ घाटों पर पूरी चौकसी के साथ निगरानी रखेगी। घाट पर महिला-पुरूष जवानों की तैनाती रहेगी। बेरमो सीओ श्री सिंह ने कहा कि सुरक्षा के मद्देनजर सभी छठ घाटों पर गोताखोर तैनात रहेंगे। ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना होने पर उससे तुरंत निपटाया जा सके। बेरमो थाना प्रभारी श्री सिंह ने कहा कि छठ पर्व को लेकर किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जायेगी। कहा कि छठ घाटों पर अर्घ्य के दौरान असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखी जायेगी। मौके पर सीआई रवि सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

## अधिकारियों ने गुब्बारा उड़ाकर की मतदान करने की अपील

संवाददाता



**बोकारो।** आगामी 20 नवंबर 2024 को बोकारो जिला अंतर्गत सभी विधानसभा क्षेत्रों (34 गोमिया, 35 बेरमो, 36 बोकारो एवं 37 चंदनकियारी) में मतदान होना है। जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर सिस्टेमेटिक वोटर्स एजुकेशन एंड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन (स्वीप) कोषांग द्वारा लगातार विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को समाहरणालय परिसर से जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह-उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव, अपर समाहर्ता मुमताज अंसारी, स्वीप को नोडल पदाधिकारी डा. सुमन गुप्ता/ शक्ति कुमार, मीडिया कोषांग के नोडल पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह आदि ने सामूहिक रूप से हॉट एयर गुब्बारा आसमान में उड़ाया। लगभग 70 मीटर ऊंचाई से यह गुब्बारा आम से खास को मतदान के लिए प्रेरित करेगा। हॉट एयर गुब्बारा में मतदाता जागरूकता के स्लोगन लिखे गए हैं और मतदान की तरीख (20 नवंबर 2024) का उल्लेख किया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह- उपायुक्त ने इस हॉट एयर गुब्बारा को उड़ाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। इस दौरान मौजूद लोगों को मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करने और अपने घर परिवार के सदस्यों/आस-पड़ोस के लोगों को मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करने के लिए जागरूक करने की बात कहीं। उधर, अनुमंडल कार्यालय चास परिसर में भी निवार्ची पदाधिकारी सह- अनुमंडल पदाधिकारी सुश्री प्रांजल ढ़ांडा, निवार्ची पदाधिकारी सह-डीसीएलआर चास प्रभाष दत्ता व अन्य पदाधिकारियों द्वारा मतदाता जागरूकता से संबंधित हॉट एयर गुब्बारा आसमान में उड़ाया गया।

## सूरत गुजरात से जरीडीह बाजार पहुंचे लोगों ने अपने पुराने दिनों को याद किया

संवाददाता



**फुसरो/ बोकारो।** जरीडीह बाजार से लगभग 28 वर्ष पहले यहां के गुजराती जैन समाज के कई व्यवसायियों ने पलायन कर गुजरात सूरत में अपना व्यापार करना शुरू किया। उन लोगों ने एक योजना बनाकर अपने पुराने जन्मस्थली घूमने का मन बनाया। जिसके तहत उन लोगों ने लगभग 45 लोगों के साथ जरीडीह बाजार आकर अपनी पुराने यादों को ताज किया। वे लोग बेरमो के जरीडीह बाजार स्थित अग्रवाल भवन में रुके तथा गुजराती स्कूल में समस्त व्यवसाईयों से मिलकर एक सामूहिक भोज में शामिल हुए। यहां महादेव मंदिर के प्रांगण में एक छोटी सी पिकनिक पार्टी भी रखा गया था। वे पूरे गांव में घूम-घूम कर हर एक चीज को देखा जिसे कई वर्षों पहले छोड़ चुके थे और अपने पुराने मकान और दुकान को भी उन लोगों ने देखा तथा गांव के सभी लोगों से मिले। टीम का नेतृत्व कर रहे सुशील बेध मुकेश झबक ने बताया कि हम लोग कई वर्षों से बेरमो आने का प्रोग्राम बना रहे थे। इस बार हम लोग जरीडीह बाजार अपने गांव सपरिवार जरीडीह बाजार पहुंचे और अपनी यादों को हमने ताज किया। हम लोगों का जन्म पढ़ाई लिखाई सब यहीं हुआ है। कहा कि यहां के लोगों का भरपूर प्यार और स्नेह पाकर हम लोग काफी अभिभूत हैं तथा भविष्य में फिर मौका मिला तो हम लोग पुनः यहां आयेंगे।

### डीवीसी की जमीन पर अतिक्रमण मामले की जांच

**बोकारो।** बोकारो थर्मल की सिक्स यूनिट स्थित शंकर उत्क्रमित मध्य विद्यालय मेन गेट के सामने डीवीसी की जमीन पर अतिक्रमण कर निर्माण करने संबंधी मामले की जांच करने मंगलवार को स्थानीय थाना के इंस्पेक्टर शैलैंद्र कुमार सिंह पहुंचे। इंस्पेक्टर के साथ थाना के अनि अजीत कुमार एवं उप प्रमुख विनोद कुमार साहू, स्कूल की एचएम सीमा कुमारी, शिक्षक संजय कुमार एवं निर्माण करने वाला व्यक्ति सूरज साव भी थे। जांचोपरांत इंस्पेक्टर ने पाया कि उक्त जमीन डीवीसी की है, जिसे किसी दूसरे व्यक्ति ने सूरज को बेच दिया है और सूरज उक्त जमीन पर निर्माण करना चाहता है। इंस्पेक्टर ने कहा कि डीवीसी की जमीन खरीदी और बेची नहीं जा सकती है। उक्त जमीन स्कूल मेन गेट के सामने है, इसलिए उन्होंने सूरज को उक्त जमीन पर किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य करने से मना कर दिया। स्कूल की एचएम ने मामले को लेकर पूर्व में लिखित शिकायत डीवीसी के एचओपी, डीजीएम,बेरमो एसडीएम, बेरमो सीओ सहित थाना के इंस्पेक्टर को की थी। एचएम ने लिखा था कि डीवीसी के सेनेटरी विभाग में कार्य करने वाले शिव शंकर राम द्वारा यहां अवैध रूप से एस्बेस्टस घर बनाया गया तथा बाद में उसे दूसरे को बेच दिया।

# सामाजिक संस्थाओं ने विभिन्न जगहों पर किया कद्दू व आम की लकड़ी का वितरण

संवाददाता







**बेरमो/ बोकारो।** लोक आस्था का महापर्व छठ को लेकर नहाया खाय के दिन मंगलवार को फुसरो क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर सामाजिक संस्थाओं एवं राजनीतिक दलों के लोगों ने कद्दू व आम की लकड़ी का वितरण किया। करगली गेट के समीप बेरमो विधायक कुमार जयमंगल की मां रानी सिंह ने कद्दू का वितरण किया। मौके पर पिंटू सिंह, ललन रवानी, मुन्ना सिंह, चिकू सिंह आदि मौजूद थे। बेरमो चेंबर ऑफ कॉमर्स के बैनर तले राम रतन उच्च विद्यालय ढोरी के समीप श्रद्धालुओं के बीच कद्दू का वितरण किया गया। यहां बेरमो चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष आर उनेश ने कहा कि हिंदुस्तान पुल के समीप तोरणद्वार लगाया जायेगा। पहले अर्घ्य के दिन फल व प्रसाद और दूसरे अर्घ्य के दिन दूध व दतुवन का वितरण किया जायेगा। मौके पर व्यवसायी रुद्रा बैट्री के प्रो० संतोष श्रीवास्तव, बेरमो चेंबर ऑफ कॉमर्स के कार्यकारी अध्यक्ष रवि सिंह उर्फ पिंटू, डॉ० सुरेंद्र सिंह, सुशांत राईका, अमन कुमार, बसंत राज, अश्विनी देव, सूरज कुमार, अमित कुमार, जितेंद्र सिन्हा, ओमप्रकाश राजा, राजू बुखिया, भरत अग्रवाल आदि मौजूद थे।

इसी प्रकार पुराना बीडीओ ऑफिस स्थित भाजपा कार्यालय के समीप समाजसेवी रामनाथ राम एवं भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष जगरनाथ राम के सौजन्य से छठव्रतियों के बीच कद्दू का वितरण किया गया। मौके पर धनेश्वर महतो, बिनोद महतो, महेंद्र चौधरी, ओम सिंह, अनिल गुप्ता, पंकज पांडेय, मो. एकराम, संतोष डे, नेपाल महतो, सुदामा यादव, कुलदीप पंडित, शामू आदि मौजूद थे। पुराना बीडीओ ऑफिस के समीप ही राधा पैथो लेब के प्रो० डालेश्वर रवि के नेतृत्व में कद्दू का वितरण किया गया। मौके पर राजीव महतो, कारू रविदास, ओम सिंह आदि मौजूद थे। रेलवे क्रॉसिंग के समीप संतोष कुक, बाबूलाल ठाकुर व अजय मालाकार ने कद्दू व आम का लकड़ी का वितरण किया। फ्रेंडस क्लब फुसरो द्वारा बाटा गली के समीप श्रद्धालुओं के बीच कद्दू का वितरण किया गया। मौके पर भरत कुमार वर्मा, अरविंद वर्मा, रोहित वर्मा, बिनोद रजक, रूपेश वर्मा, गुडडू कुमार, राहुल कुमार, रवींद्र कुमार, करण सिंह आदि मौजूद थे। अंतराष्ट्रीय हिंदू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल बेरमो प्रखंड के द्वारा कद्दू वितरण किया गया। मौके पर राधे कुमार, पंकज सिंह, संजय ठाकुर, रघुवर प्रसाद, सूरज तांती, छोटू रजक, अमन चंद्रवंशी, रेखा कुमारी, निखिल पाठक, यमुना कुमार, तुषार सिंह, गोलू केसरी, पवन कुमार, आशीष कुमार, विवेक कुमार, संटू कुमार, हिमांशु कुमार आदि मौजूद थे। करगली बाजार स्थित गुरुद्वारा के समय समाजसेवियों ने कद्दू वितरण किया। मौके पर बी सिंह, चंदन सिंह, राहुल गुप्ता, राहुल सिंह, संतोष गुप्ता, सूरज साव, पियूष बंसल, निशांत सिंह, लवप्रीत सिंह आदि मौजूद थे। सुभाषनगर में फुसरो नप के पूर्व वार्ड पार्षद अशोक अग्रवाल व विशाखा देवी ने ईट का वितरण किया।

## संक्षिप्त खबरें

### नहाय खाय के साथ लोक आस्था के महापर्व की शुरूआत

चतरा। प्रखंड सहित पूरे जिले के अलावे खासकर बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखंड तथा नेपाल के कुछ हिस्सों में भी मंगलवार से नहाय खाय के साथ लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा की शुरूआत हो गई है। इस महापर्व छठ को लेकर श्रद्धालु अपने घरों में नहाय खाय के दिन (उपवासी) गंगा या किसी अन्य पवित्र नदी व तालाबों में स्नान करके शुद्ध होते हैं और फिर विशेष रूप से शुद्ध भोजन ग्रहण करते हैं, जिसमें चना दाल, चावल, कद्दू आदि शामिल रहती है। इस दिन व्रती को विशेष रूप से पवित्रता का ध्यान रखते हुए अपवित्र और तामसिक भोजन से परहेज करना होता है। इसी दिन से हीं छठ पर्व की शुरूआत मानी जाती है, जिसके बाद के दिनों में उपवासी व्रत, सूर्य पूजा और अस्ताचल सूर्य को अर्ध अर्पित करने की प्रक्रिया जारी रहती है। छठ महापर्व की खास बात है कि इसमें परिवार और समाज के लोग एक साथ मिलकर सूर्य देवता से सुख समृद्धि और स्वास्थ्य की कामना करते हैं। वहीं छठ व्रतियों के लिए यह पर्व साधना से कम नहीं होता है। चार दिन के इस पर्व को धार्मिक आस्था, विश्वास एवं श्रद्धा के साथ मनाते हुए लोग छठ माता एवं भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर पूरे विश्व के कल्याण की कामना करते हैं।

### झरिया हीं मेरा परिवार है : पूर्णिमा नीरज सिंह



**धनबाद।** जीतपुर न्यू डीजी हाऊसिंग कॉलोनी में जनसंपर्क के दौरान स्थानीय लोगों ने माननीय विधायक का ढोल-ताशे और आतिशबाजी से स्वागत किया। साथ हीं विधायक ने नुक्कड़ सभा को संबोधित किया और कहा कि झरिया को उजारकर इसे टापू बनाने वालों से झरिया को बचाना है। झरिया की समस्याओं का निदान झरिया में हीं उपलब्ध है। लेकिन यहां के पूर्व प्रतिनिधियों ने अस्पताल, कॉलेज और सड़क से लोगों को वंचित रखा और उन्हें प्रताड़ित किया। आज झरिया में शान्ति बहाल है। आज कहीं भी किसी की हिम्मत नहीं कि झरिया को उजाड़ने की बात करे। माननीय विधायक ने कहा कर झरिया हीं मेरा परिवार है। मेरा हर एक कदम झरिया के उत्थान व यहां के लोगों के कल्याण के लिए उठेगा और मैं इसके लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हूँ। मौके पर वार्ड पार्षद जय कुमार, अंशु चौहान, याकूब हुसैन, सुरेश सिंह, सूरज कुमार, बबलू रावत, भोला पासी, बिंदु महतो, मंजीत साव, नगीना पासवान, बबलू ताती, आरव, हर्ष सिंह, विशाल कुमार, सुरेश सिंह, ज्योति कुमारी, दिलीप सिंह समेत दर्जनों कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे।

### टाटा टी अग्नि लीफ ने छठ पूजा समारोह को दिया अनूठा रंग

**हजारीबाग।** बिहार और झारखंड का प्रमुख चाय ब्रांड, टाटा टी अग्नि अपने नवीनतम ब्रांड अभियान के जरिये इस साल बिहार के सांस्कृतिक इतिहास से गहराई से जुड़ी प्राचीन और जटिल कला, सिक्की घास शिल्प को सामने लाकर छठ पूजा मना रहा है। यह प्रचार अभियान, परंपरा तथा कला को जोड़कर क्षेत्रीय गौरव और भावना को जगाने का प्रयास कर रहा है। यह बिहार की संस्कृति के साथ गहरे जुड़ने की कोशिश है। उपभोक्ताओं को बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक झलक देखने का अवसर प्रदान करने के अभियान के अंग के रूप में, टाटा टी अग्नि लीफ ने छठ पूजा उत्सव की शुरूआत का जश्न मनाने के लिए 4 और 5 नवंबर 2024 को पटना के सिटी सेंटर मॉल में 'सिक्की कला महोत्सव' का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण था, सिक्की घास से बने एक शानदार आदमकद इंस्टॉलेशन का अनावरण, जो बिहार के पारंपरिक शिल्प रूप को समर्पित था। बिहार के कारीगरों द्वारा हाथ से तैयार इस भव्य इंस्टॉलेशन में सीमित संस्करण के छठ पूजा उत्सव पैक शामिल थे। चार-पैक श्रृंखला में प्रतीकात्मक तत्वों के माध्यम से छठ पूजा के सार को दशार्या गया है, जिनमें से हर पैक त्योहार के चार दिन में से एकः नहाय खाय, खरना, संध्या अर्घ्य और उषा अर्घ्य का प्रतिनिधित्व करता है।

### गिरिडीह में नहाय खाय के साथ शुरू हुआ चार दिवसीय छठ महापर्व



**गिरिडीह।** भास्कर भगवान की आराधना का चार दिवसीय महापर्व छठ गिरिडीह में नहाय खाय के साथ मंगलवार से शुरू हो गया है। लोक आस्था के महापर्व छठ के प्रथम दिन पूरे गिरिडीह जिले में वर्तियों ने स्नान एवं सूर्य उपासना के साथ नहाय-खाय की रस्म पूरी की। नहाय खाय के दौरान अरवा चावल का भात, चने और कद्दू की दाल, कद्दू की सब्जी का भोग लगाया व इसके बाद प्रसाद ग्रहण किया।सूर्य उपासना के इस पावन पर्व पर बुधवार को निर्जला उपवास रखकर खरना किया जाएगा। खरना में दूध, अरवा चावल व गुड़ से बनी खीर एवं रोटी का भोग लगाया जाएगा। खरना के बाद व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो जाएगा जो कि 7 नवम्बर की शाम अस्ताचलगामी सूर्य और 8 नवम्बर को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के बाद पारण के साथ पूरा होगा।

### बाबूलाल मरांडी ने कहा , भाजपा की सरकार बनते ही झारखंड में 25000 किलोमीटर सड़क बनाई जाएगी

# झारखंड में एनडीए की सरकार आई तो बंगलादेशी घुसपैठियों की होगी जांच

संवाददाता

**गिरिडीह।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड में लगातार आदिवासियों की जनसंख्या में कमी हुई है, सनातनियों की भी आबादी नहीं बढ़ी है। वहीं मुस्लिम खासकर रोहिंग्या मुसलमानों की संख्या में वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि आदिवासियों की जनसंख्या में सबसे ज्यादा कमी संथाल परगना इलाके में देखी गयी है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि चूंकि संथाल परगना का इलाका पश्चिम बंगाल से सटा हुआ है इसलिये सब रोहिंग्या मुसलमान की झारखंड में घुसपैठ हुई है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी तो इस पूरे मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया जाएगा। बाबूलाल मरंडी ने गिरिडीह में मीडिया से बात करते हुए यह बात कही। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा की सरकार बनते ही झारखंड में 25000 किलोमीटर सड़क बनाई जाएगी। एससी, एसटी का आरक्षण यथावत रहेगा। जबकि ओबीसी का आरक्षण 27 प्रतिशत कैसे हो इसका मार्ग प्रशस्त किया जाएगा।




#### मानव तस्करी पर हर हाल में लगेगी रोक

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि महिलाओं, बच्चों और बच्चियों की तस्करी पर रोक लगाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। 2027 तक हर हाल में झारखंड से मानव तस्करी पर रोक लगाई जाएगी। बाबूलाल ने पारा शिक्षक को नियमितीकरण करने की भी बात कही। इसके अलावा एक रुपया में महिलाओं के नाम पर जमीन की रजिस्ट्री, धान का न्यूनतम मूल्य 3100 करने की बात कही।

#### आना जाना लगा रहता है

हाल के दिनों में भारतीय जनता पार्टी छोड़ने वाले नेताओं पर बाबूलाल ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि राजनीति में आना-जाना लगा रहता है और इससे कुछ भी फर्क नहीं पड़ता। बाबूलाल ने कहा कि इस चुनाव में एनडीए की लहर देखी जा रही है।

#### सीएम की उड़ान पर रोक मामले पर दी प्रतिक्रिया

झारखंड मुक्ति मोर्चा ने राष्ट्रपति को पत्र लिखकर यह शिकायत की है कि चुनाव के दौरान सभी को समान तरीके से प्रचार करने की अनुमति नहीं दी जा रही है। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने यह भी आरोप लगाया है कि पीएम नरेंद्र मोदी के दौरे के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हेलीकॉप्टर को उड़ने नहीं दिया गया। इन आरोपों पर बाबूलाल मरांडी ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री की सुरक्षा को देखते हुए कई तरह के कदम उठाए जाते हैं। इस तरह के मामले को बेवजह तूल दिया जा रहा है। प्रेस वार्ता के दौरान जिला अध्यक्ष समेत अन्य भाजपा कार्यकर्ता गण भी मौजूद थे।

## चौपारण के चयकला की घटना भारतीय संविधान पर प्रहार : मनीष जायसवाल

संवाददाता

**हजारीबाग।** बरही विधानसभा क्षेत्र के चयकला की घटना भारतीय संविधान पर सीधा प्रहार है। यह अभिव्यक्ति की आजादी पर हमला है और प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। प्राथमिकी दर्ज होने के तीन दिन बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इससे राज्य सरकार की मंशा समझी जा सकती है। प्रशासन झारखंड सरकार के इशारे पर काम कर रहा है। यह बात मंगलवार की शाम हजारीबाग के झंडा चौक स्थित अपने कार्यालय में सांसद मनीष जायसवाल ने प्रेस कांफ्रेंस में कहीं। उन्होंने कहा कि बरही भाजपा प्रत्याशी के प्रचार वाहन के पोस्टर-बैनर फाड़ दिए जाते हैं। भाजपा कार्यकताओं को उधर प्रचार नहीं करने की धमकी दी जाती है। बरही विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी का एक कार्यकर्ता वहां का मुखिया प्रतिनिधि अपने समर्थकों के साथ यह सब करता है और कार्रवाई नदारद। ऐसे में



लोकतंत्र की परिभाषा कहां रह जाती है ? यह तो तानाशाही शासन है। इस बारे में वह चुनाव आयोग से हस्तक्षेप और दोषियों पर कार्रवाई की मांग करते हैं। कांग्रेस की यह तुष्टिकरण की नीति नहीं चलने दी जाएगी। सांसद ने कहा कि भाजपा पहले पंच प्रण लेकर आयी, फिर तीन नवंबर को विधानसभा चुनाव में झारखंड की जनता के लिए 25 सूत्री संकल्प प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी के साथ लेकर आयी है। चुनाव के बाद जैसे हीं झारखंड में एनडीए की सरकार बनेगी, सभी योजनाएं धरातल पर उतरनी शुरू हो जाएंगी। वह गोगो दीदी योजना के तहत महिलाओं को हर माह की 11 तारीख को मिलनेवाली 2100 रुपए की राशि हो या लक्ष्मी जोहार योजना के तहत गृहिणियों को 500 रुपए में दिया जानेवाला रसोई गैस, साल में दो सिलेंडर भी मुफ्त दिए जाएंगे। सुनिश्चित रोजगार योजना के तहत ढाई लाख युवाओं को रोजगार दिया जाएगा। स्नातक योग्यताधारी युवा साथियों को दो साल तक हर माह 2000 रुपए दिए जाएंगे ताकि वह प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर सकें, आवेदन आदि कर सकें। निःशुल्क बालू के साथ सपनों का घर योजना के तहत 21 लाख लोगों को पीएम आवास दिए जाएंगे।

## बरसों तक तालाब की नजरअंदाजी, अव्यवस्था और कुप्रबंधन से विधायक के प्रयासों से निजात मिला

संवाददाता

**धनबाद।** लोक-आस्था के महापर्व छठ के पहले दिन - नहाय खाय के दिन माननीय झरिया विधायक सह महागठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती पूर्णिमा नीरज सिंह ने अपने कार्यकताओं, समर्थकों, स्थानीय लोगों और नगर-निगम के कर्मचारियों के साथ झरिया के ऐतिहासिक राजा तालाब की साफ-सफाई की अगुवाई कर श्रमदान किया। माननीय विधायक ने तालाब की गंदगी पर चिंता जताई और अपील की कि पानी में शराब की बोतलें, कांच, प्लास्टिक और पीओपी की बनी मूर्तियां फेंककर छठव्रतियों के लिए तालाब को असुरक्षित न बनायें। बता दें कि बरसों तक तालाब की नजरअंदाजी, अव्यवस्था और कुप्रबंधन से माननीय विधायक के प्रयासों से निजात मिला। राजा तालाब के सौन्दर्यीकरण और साफ-सफाई के लिए दो करोड़ का बजट आवंटन करवाकर कार्य पूरा किया गया। मौके पर झरिया कांग्रेस नगर अध्यक्ष रत्नेश यादव ,राज आनंद सिंह, रामजी सिंह, राजा गुप्ता, महेश शर्मा, राम कृष्ण पाठक, अक्षय यादव, बजरंगी सिंह, मंटू प्रसाद, गणेश राजक, प्रीति वर्मा, संजय यादव, अमर प्रसाद, राजेश सिंह, बिनोद साव समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।



### जिला जज ने दिया योगदान, ऑब्जरवेशन हॉल का किया निरीक्षण

**हजारीबाग। प्रधान जिला जज रंजीत कुमार ने मंगलवार को हजारीबाग सिविल कोर्ट में अपना योगदान दिया। योगदान देने के साथ हीं उन्होंने ऑब्जर्वेशन होम का निरीक्षण किया। जिसमें जिला प्रशासन की ओर से जिला समाज कल्याण पदाधिकारी भी मौजूद थीं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ऑब्जर्वेशन होम में उपलब्ध सुविधाओं और कमियों का गहराई से अवलोकन करते हुए सारे बिंदुओं को बिंदुवार नोट कर रिपोर्ट मांगी है। इस दौरान उन्होंने बच्चों के साथ बातचीत भी की और उन्हें मिल रही सुविधाओं से भी अवगत हुए। इसके साथ हीं ऑब्जर्वेशन होम में बिताए जा रहे समय अवधि को उपयोगी बनाते हुए जीवन में तरक्की करने की बात कही। साथ हीं उन्होंने लक्ष्य निर्धारित कर जीवन में आगे बढ़ाने की सलाह भी दी। निरीक्षण के दौरान वे ऑब्जर्वेशन होम के सारे भवनों में गए और वहां की उपलब्ध सुविधाओं से अवगत हुए। इस दौरान वे भोजन कक्ष में भी गए जहां बन रहे भोजन को खुद से चखा और संबंधित कर्मचारियों को बच्चों को पौष्टिक व गुणवत्ता पूर्ण भोजन उपलब्ध कराने की बात कही।**

## बैजनाथ महतो छोटू ने जारी किया अपना संकल्प पत्र



संवाददाता

**डुमरी/गिरिडीह।** निर्दलीय प्रत्याशी बैजनाथ महतो उर्फ छोटू दा ने घुजाडीह डुमरी स्थित कार्यालय में मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अपनी संकल्प पत्र जारी किया। पत्र में कहा गया कि डुमरी विधानसभा क्षेत्र के सभी गांवों में सालों भर खेती सुनिश्चित करना, सभी खेत बाडी टांड तक पानी पहुंचाना तथा व्यावसायिक खेती पर विशेष जोर देने, जानवरों का टेकाय छेकाय, हेतु प्रत्येक पांच पंचायत गरु गौशाला की स्थापना कर बेहतर ढंग से संचालित करने,वर्ष भर जंगल बचाना जंगली औषधि, कीमती फल फूलों तथा लाह की खेती को बढ़ावा देने एवं स्वरोजगार से जोड़ना, खेल अकादमी की स्थापना कर फुटबॉल बॉलीबाल क्रिकेट तीरंदाजी साइकिलिंग आदि खेलों में खिलाड़ियों के लिए कोच एवं कोचिंग की स्थायी व्यवस्था कर खिलाड़ियों को दक्ष बनाने, महिला समूह दीदी के लिए सभी सभी क्लस्टरों में आधुनिक स्तर का नुनी दीदी सामुदायिक भवन का निर्माण करना। डुमरी नावाडीह में नुनी बाबू छात्रावास निर्माण करवाना, भाषा, संस्कृति, कृषि, खतियान, औधौगिक, शिक्षा, नियोजन रोजगार, नीति पर कारगार कदम उठाने की बात शामिल हैं। मतदाताओं से उन्होंने अपना चुनाव चिन्ह चूड़ियां छाप पर वोट देने की अपील की। प्रेस कॉन्फ्रेंस में फलजीत महतो, रेखा देवी, बसंती देवी, रीना देवी, रेखा देवी, तुलसी महतो, हरखलाल महतो, सुनील महतो, सोहवा देवी,कारी देवी आदि उपस्थित थे।

## छठ पूजा के बाद देश के सर्वश्रेष्ठ नेता करेंगे जन सभा

संवाददाता

**चतरा।** झारखंड में विधानसभा चुनाव को लेकर प्रचार प्रसार तेज हो गया है। चतरा और सिमरिया विधानसभा के भी प्रत्याशी चुनाव प्रचार में पसीना बहा रहे हैं। एनडीए की ओर से सिमरिया विधानसभा के लिए उज्ज्वल दास और चतरा विधानसभा के लिए लोजपा प्रत्याशी जनार्दन पासवान के पक्ष में प्रचार के लिए स्टार प्रचार की सूची जारी कर दी गई है। इसके अनुसार सिमरिया विधानसभा में आठ नवंबर को बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी गिद्धौर में जनसभा को संबोधित करेंगे। 9 को मयूरहंड में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और 10 नवंबर को टंडवा में मनोज तिवारी सभा को संबोधित करेंगे। जबकि चतरा विधानसभा चुनाव में आठ नवंबर को प्रतापुर में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री मोहन यादव, 9 को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और 10 नवम्बर को कान्हाचट्टी में असम के सीएम हेमंत विश्व शर्मा सभा को संबोधित करेंगे। लोक आस्था के महापर्व छठ के बाद आसमान में हेलीकॉप्टर की आवाज गूंजेंगी।



### नगर आयुक्त ने किया शहरी क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण

**हजारीबाग।** छठ महापर्व को लेकर नगर आयुक्त सह प्रशासक के नेतृत्व में नगर निगम के टीम के द्वारा विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण निरंतर रूप से किया जा रहा है। इस क्रम में हजारीबाग झील, छठ तालाब इन्द्रपुरी, बुढवा महादेव तालाब, मीठा तालाब, गांधी स्मारक के समीप, हुरहुरु तालाब, माशिपिरी व अन्य छठ घाटो के साफ सफाई एवं अन्य सुविधाओ का निरिक्षण किया गया एवं सम्बंधित पदाधिकारियों को बेहतर कार्य हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। विदित हो कि नगर निगम के द्वारा दशहरा पूजा के बाद से हीं छठ व्रतियों की सुविधा हेतु नगर निगम टीम के द्वारा छठ घाटो की निरंतर सफाई का कार्य किया जा रहा है। नगर आयुक्त के अतिरिक्त रमेश सिंह, कार्यपालक अभियंता ,राजीव रंजन, नगर प्रबंधक निरंजन सिंह व प्रधान सहायक मौके पर उपस्थित थे ।



### फॉरवर्ड ब्लॉक के राजेश यादव ने चलाया जन संपर्क अभियान

**गिरिडीह।** गांडेय विधानसभा क्षेत्र से फॉरवर्ड ब्लॉक प्रत्याशी राजेश यादव ने बेंगाबाद प्रखंड क्षेत्र में जन संपर्क अभियान चलाया। इस दौरान शंभू तुरी, मुस्लिम अंसारी, महादेव महतो, सलामत अंसारी, बहादुर रजक, कामेश्वर रजक, सुलेमान अंसारी, हलीम अंसारी सहित अन्य थे। जन संपर्क के दौरान श्री यादव ने कहा कि गांडेय विधानसभा सीट को कुछ लोग हॉट सीट बताकर यहां जनता के ज्वलंत सवालों पर पर्दा डालना चाह रहे हैं। ये गांडेय के लोगों के खिलाफ एक साजिश है। कहा कि लेकिन जनता अपने सवालों के साथ है, इसलिए परिणाम भी जनता हीं तय करेगी। लोगों को किसी समय तमाड़, सिल्ली, जमशेदपुर और धनवार सीट का परिणाम भी याद रखना चाहिए। धनबल और पावर के भरोसे चुनाव लड़ने वालों को जनता माकूल जवाब देगी। उन्होंने जनसंपर्क के दौरान लोगों से घर-घर से आर्थिक सहयोग के साथ अपने सवालों पर शेर छाप पर बटन दबाने की अपील की।

# पीठासीन पदाधिकारी व मतदान पदाधिकारियों को दिया गया दो दिवसीय प्रशिक्षण

**उक्त प्रशिक्षण का जिला निर्वाचन पदाधिकारी, नमन प्रियेश लकड़ा ने निरीक्षण कर प्रतिनियुक्त पीठासीन पदाधिकारी, मतदान पदाधिकारी-01, मतदान पदाधिकारी-02, मतदान पदाधिकारी-03 का प्रशिक्षण का जायजा लिया तथा सभी संबंधित को दिया आवश्यक दिशा निर्दश**

**निर्वाचन में पीठासीन पदाधिकारी की भूमिका अहम है। उन्होंने कहा कि सभी आपसी समन्वय स्थापित करते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करें : जिला निर्वाचन**



संवाददाता

**गिरिडीह।** विधानसभा चुनाव 2024 में प्रतिनियुक्त पीठासीन पदाधिकारी, मतदान पदाधिकारी-01, मतदान पदाधिकारी-02, मतदान पदाधिकारी-03 का प्रशिक्षण होली क्रॉस पब्लिक स्कूल (पचम्बा), गिरिडीह में दो पाली में दिया गया। उक्त प्रशिक्षण का जिला निर्वाचन पदाधिकारी, नमन प्रियेश लकड़ा ने निरीक्षण कर प्रतिनियुक्त पीठासीन पदाधिकारी, मतदान पदाधिकारी-01, मतदान पदाधिकारी-02, मतदान पदाधिकारी-03 का प्रशिक्षण का जायजा लिया तथा सभी संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस दौरान सभी प्रतिनियुक्त पीठासीन पदाधिकारी, मतदान पदाधिकारी-01, मतदान पदाधिकारी-02, मतदान पदाधिकारी-03 को ग्रीन बोर्ड के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। साथ हीं प्रोजेक्टर के माध्यम से पूरी ट्रेनिंग दी गई तथा ईवीएम के माध्यम से प्रतिनियोजित सभी कर्मियों को चुनाव कार्य के सभी चरणों का विशेष एवं गहन प्रशिक्षण विशेषज्ञ मास्टर ट्रेनेरो के द्वारा दिया गया। इसके साथ ही एश्ट का हैंड्स ऑन भी कराया गया। जिससे चुनाव के समय एश्ट सम्बन्धी किसी भी समस्या का निराकरण पीठासीन पदाधिकारियों के द्वारा भी तत्काल किया जा सके। साथ हीं ईवीएम वीवीपैट, बीयू, सीयू, मॉकपोल, मतदान प्रक्रिया व अन्य निर्वाचन प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी। इसके अलावा जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन में पीठासीन पदाधिकारियों की भूमिका अहम है। उन्होंने सभी को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करने का निर्देश दिया। सभी पीठासीन पदाधिकारी डमी प्रपत्रों पर नियमानुसार अभ्यास कराया गया तथा सभी प्रतिनियोजित मतदान पदाधिकारी गण एश्ट-श्श्ढअळ मशीन को स्वयं से जोड़ना एवं संचालित करने का अपने हाथो से (ळअठऊर-डठ) अभ्यास कराया गया। प्रशिक्षण केन्द्र पर कराये जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों का निर्वाचन आयोग के दिशा निदेशों के अनुसार छ्र्ढ्ढ हीं२३ल्लॅ किया जा रहा है। जिसकी राज्य निर्वाचन आयोग एवं जिला नियंत्रण कक्ष के द्वारा सतत निगरानी की जा रही है। इसके अलावा जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने होली क्रॉस पब्लिक स्कूल (पचम्बा), गिरिडीह में पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान करने वाले मतदाताओं के लिए स्थापित फैसिलिटेशन सेंटर का अवलोकन किया और मतदान करने वाले मतदाताओं की संख्या, सुविधा आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मतदाताओं की सुविधा और सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए फैसिलिटेशन सेंटर बनाया गया है, जहां मतदाताओं के द्वारा पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग किया जा रहा है। मौके पर नोडल पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी, सहयोगी पदाधिकारी, प्रशिक्षण कोषांग समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

हिन्दी दैनिक
झारखंड दर्शन
बोकारो, बुधवार 06 नवंबर 2024



E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## संक्षिप्त खबरें

### धनबाद के सरायढेला राजा तालाब पर नहीं गूंजेंगे छठ मईया के गीत

**धनबाद।** सरायढेला के राजा तालाब के छठ घाट पर इस बार छठ पूजा के गीत नहीं सुनाई देंगे। यहां न छठव्रतियों की भीड़ जुटेगी और न ही इस बार अर्घ्य देने के लिए लोग घाट को लूटते हुए नजर आ रहे हैं। नगर निगम ने सरायढेला के राजा तालाब में छठ करने पर रोक लगा दी है। अधूरे पड़े छठ घाट की वजह से नगर निगम ने इसे खतरनाक घोषित करते हुए यहां छठ पूजा नहीं करने की अपील की है। निगम की ओर से पूजा नहीं करने की अपील वाला बैनर भी मंगलवार को लगाया जाएगा। बिग बाजार के पीछे स्थित राजा तालाब को शहर का सबसे वीआईपी तालाब माना जाता है। यहां सिंह मेंशन परिवार के साथ-साथ पूर्व मेयर इंदू देवी का परिवार भी छठ पूजा करने आता था, लेकिन इस बार ऐसा नहीं हो पाएगा। नगर निगम द्वारा लगाई गई रोक से यहां लोग छठ करने नहीं आएंगे। सरायढेला, नीलांचल कॉलोनी, सहयोगी नगर, सुगियाडीह इलाके के लगभग दस हजार से अधिक लोग यहां छठ पूजा छठ करने आते हैं। हाईकोर्ट की रोक के बाद बंद पड़ा है काम जून-2023 में राजा सौंदर्यीकरण का शिलान्यास हुआ। पिछले साल दिसंबर से काम शुरू किया गया है। संवेदक ने तालाब का पानी निकाल कर अंदर से मिट्टी की कटाई भी शुरू कर दी थी। कोर्ट का आदेश आते हीं नगर निगम ने काम रोक दिया। 6.67 एकड़ में फैले राजा तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए दो करोड़ 61 लाख के बजट का प्रावधान किया गया है। इसको लेकर लोगों में आक्रोश है कि निगम ने बिना जमीन की जांच किए काम शुरू कर दिया।

### नगर निगम मार्केट के हार्डवेयर दुकान में कुकिंग गैस से लगी आग

**सिंदरी।** सिंदरी अंचल के नगर निगम मार्केट में उस वक्त अफरा तफरी मच गई जब हार्डवेयर दुकान में कुकिंग गैस से गैस चूल्हा जांच के दौरान आग लग गई। इससे आसपास के दुकानदारों में हड़कंप का माहौल बन गया। मौके पर पहुंचे अन्य दुकानदारों के सहयोग से दुकान संचालक ने आग पर काबू पाया। सिंदरी के मुख्य बाजार के अंदर एन ए सी मार्केट की दुकान संख्या 110, 111, 112 में मंगलवार को संध्या लगभग 3:00 बजे गैस चूल्हा जांच के दौरान सिलेंडर में आग लग गई। दुकान संचालक मोहम्मद इदरीश हुसैन के अनुसार आस पड़ोस के दुकानदारों की तत्परता से आग पर काबू पा लिया गया। जिससे एक बड़ी दुर्घटना से बचा जा सका। सिंदरी थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि दुकान संचालक को कड़ी चेतावनी देते हुए आगाह किया है कि किसी भी आग्नेय संबंधी कारोबार को बक्शा नहीं जाएगा। इस घटना की जानकारी सर्किल ऑफिसर, एस डी ओ को दी जाएगी। एन ए सी मार्केट में लगभग 234 दुकाने हैं। अंदर मार्केट का रास्ता संकीर्ण होने के कारण यदि आग पर काबू पाना हो तो अग्निशामक वाहन प्रवेश नहीं कर पाएगा। जिससे एक बड़ी अनहोनी से इनकार नहीं किया जा सकता है।

### वाहन जांच के दौरान फिर बरामद हुआ 69 हजार रुपए

**कुमारधुबी।** शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने को लेकर वरीय पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार चिरकुंडा बॉर्डर पर संघन वाहन जांच अभियान लगातार जारी है। जिसे देखते हुए छोटे बड़े दो पहिया व चार पहिया वाहनों की जांच की जा रही है। वहीं वाहन जांच के दौरान मंगलवार को कपड़ा व्यवसाई मनोज कुमार गुप्ता मिहिजाम निवासी के कार से 69 हजार रुपए जप्त किया गया। मौके पर चिरकुंडा थाना प्रभारी राम जी राय भी मौजूद थे। चिरकुंडा पुलिस जांच में जुट गई है।

### जेएलकेएम प्रत्याशी अशोक मंडल ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**कुमारधुबी।** झारखंड में चुनाव का बिल्कुल बजने के बाद सभी प्रत्याशी रणक्षेत्र में उतर चुके हैं और निरसा विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में प्रचार प्रसार कर रहे हैं। दिन हो या रात खूब पसीना बहा रहे हैं। इसी कड़ी में मंगलवार की सुबह जेएलकेएम प्रत्याशी अशोक मंडल ने चिरकुंडा के सब्जी विक्रेताओं से मुलाकात की और अपने पक्ष में मतदान करने का लोगों से आग्रह किया। वही श्री मंडल ने कहा कि इस बार अशोक मंडल के पक्ष में मतदान करने का मन जनता ने बना लिया है। विधायक हो या पूर्व विधायक लोगों का उन लोगों से आस्था खत्म हो चुका है और इस बार अशोक मंडल हीं जनता की पहली पसंद हैं।

### सूर्योदय सेवा समिति और मारवाड़ी महिला समिति की बैठक संपन्न

**कुमारधुबी।** सूर्योदय सेवा समिति और मारवाड़ी महिला समिति की ओर से चिरकुंडा सूर्योदय सेवा समिति के कार्यालय में एक बैठक की गई। जिसमें इंडिया महागठबंधन के प्रत्याशी अरूप चटर्जी व उनकी धर्मपत्नी आनंदिता चटर्जी पहुंची। कार्यक्रम ऊपर बाजार ठाकुरबाड़ी के साइड में रखा गया। जहां समिति के सदस्यों ने दोनों का स्वागत किया। समिति के सदस्य श्याम गाडयाण ने बताया कि इस बार इंडिया महागठबंधन के प्रत्याशी अरुप चटर्जी आज हमारे बीच आये हैं, जिससे हम लोगों को बहुत खुशी हुई है। सूर्योदय सेवा समिति के लोग महागठबंधन के प्रत्याशी अरूप चटर्जी को समर्थन करने का काम करेंगे। श्याम गाडयाण ने कहा कि लोग आस्था के महापर्व छठ पूजा की शुरूआत मंगलवार से हो रही है। इसके उपलक्ष्य में सूर्योदय सेवा समिति द्वारा तीन दिन के लिए फल भंडार व पूजा सामग्री का दुकान खोला जाएगा ।

धनबाद सांसद ढुल्लू महतो ने भाजपा प्रत्याशी रागिनी सिंह के पक्ष में प्रेस कार्फ्रेंस की

# आचार संहिता के नियमों का पालन करते हुए हम लोग आंदोलन करेंगे: सांसद



संवाददाता

**झरिया।** धनबाद सांसद ढुल्लू महतो के द्वारा झरिया मेन रोड स्थित श्री राम लॉज में झरिया से घोषित भाजपा प्रत्याशी रागिनी सिंह के पक्ष में प्रेस वार्ता की गई। इस दौरान प्रत्याशी रागिनी सिंह भी उपस्थित रहीं। सांसद ढुल्लू महतो ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि रागिनी सिंह पिछले कई वर्षों से लगातार झरिया की जनता के बीच में रही हैं और जनता की सेवा की हैं। इसका परिणाम है कि रागिनी सिंह झरिया विधानसभा से भारी मतों से जीत हासिल कर रही हैं। जिस कारण कांग्रेस पार्टी बौखला और घबरा गई है। झरिया में रागिनी सिंह की लोकप्रियता से और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों से लोग प्रभावित होकर दूसरे पार्टी को त्याग कर भाजपा में शामिल हो रहे हैं। भाजपा में शामिल होने वाले लोगों के साथ कांग्रेस के लोगों के द्वारा मारपीट की जा रही है और धमकी दी जा रही है। सांसद ने कहा कि इसकी सूचना अपने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और अन्य नेताओं को दे दी गई है। साथ हीं प्रशासन को भी इस आशय की जानकारी दी गई है। मामले की शिकायत चुनाव आयोग से भी की जाएगी। साथ हीं आचार संहिता के नियमों का पालन करते हुए हम लोग आंदोलन करेंगे। कांग्रेस के इन 5 साल के कार्यकाल में झरिया में अपराध चरम पर रहा है। निरंजन तांती, धनंजय यादव, बुधन मंडल, प्रवीण राय यादव, रंजीत साहू समेत कई की हत्या हुई है और कई लोगों के साथ मारपीट की घटना भी हुई है। रागिनी सिंह ने कहा कि कांग्रेस के लोग वैसे तो पांच सालों से मारपीट और रंगदारी की घटना को अंजाम दे रहे हैं, अब चुनाव की घोषणा होने के बाद से भाजपा समर्थकों के घर में जाकर पैसे की लालच देकर कांग्रेस को वोट देने के लिए दिग्भ्रमित कर रहे हैं। जो उनके झांसे मे नहीं आ रहे है उन्हें धमकी दे रहे हैं और नहीं मानने पर मारपीट की जा रही है। रागिनी सिंह ने आरोप लगाया कि झरिया में अपराधी किस्म के लोग रात को बाइक पर पैसे और हाथियार लेकर घूम रहे हैं। उनलोगों पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। अगर वैसे लोगों पर प्रशासन कार्रवाई नहीं करती है तो चुनाव आयोग से शिकायत की जाएगी। जरूरत पड़ी तो आंदोलन भी किया जाएगा। साथ हीं कहा कि झरिया की जनता और कार्यकताओं के साथ कुछ भी होता है तो उसकी जिम्मेवारी यहां की पुलिस प्रशासन होगी।

### प्राथमिकता देकर करें एपिक कार्ड का वितरण : उपायुक्त

**धनबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में पोस्टल विभाग के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर प्राथमिकता देकर नए एपिक कार्ड का वितरण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव को लेकर नए वोटरों का नाम मतदाता सूची में जुड़ा है। उनका एपिक कार्ड प्रिंटिंग की प्रक्रिया में है। एपिक कार्ड पोस्ट ऑफिस में पहुंचने पर उसे अविलंब मतदाता तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। कोई भी मतदाता का एपिक कार्ड अप्राप्त नहीं होने चाहिए। साथ हीं उपायुक्त ने पोस्टल बैलेट से आने वाले डाक मतपत्र की डिलीवरी तत्परता से करने का निर्देश दिया। मौके पर उप डाक अधीक्षक कमलेश राम, डाक सहायक एस.के. गुप्ता, अभिषेक कुमार, मो० जसलिम खान, प्रदीप शुक्ला एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद रहें।

### छठी मईया की कृपा समस्त कोयलांचल वासियों पर बनी रहे : रागिनी सिंह

**झरिया।** लोक आस्था का महापर्व छठ मंगलवार को नहाय-खाय के साथ कोयलांचल में भी शुरू हो गया। भाजपा झरिया प्रत्याशी रागिनी सिंह ने झरिया के विभिन्न छठ पूजा घाटों का निरक्षण किया। छठ व्रतियों को किसी प्रकार की कठिनाई न हो, इसको लेकर कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया। साथ हीं छठ पूजा घाटों की साफ सफाई की व्यवस्था की भी जानकारी ली। कई छठ पूजा घाट नगर निगम और बीसीसीएल प्रबंधन के अधीन आते हैं, जिनकी सफाई अभी तक पूरी नहीं हुई। वैसे छठ पूजा घाटों की समुचित सफाई व्यवस्था जल्द से जल्द पूर्ण करने की बात निगम और बीसीसीएल प्रबंधन के अधिकारियों से कही। भाजपा प्रत्याशी रागिनी सिंह ने समस्त कोयलांचल वासियों को लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि चार दिनों तक चलने वाले लोक आस्था एवं सूयोर्पासना के महापर्व छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं। भगवान भास्कर और छठी मईया की कृपा समस्त कोयलांचल वासियों पर बनी रहे।

### 2014 लोकसभा चुनाव हारने के बाद कांग्रेस प्रत्याशी 10 सालों तक नहीं दिखे : राज



संवाददाता

**धनबाद।** विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी अजय दुबे का यह कहना कि दस वर्षो में धनबाद में विकास स्थिर है। इस बयान पर पलटवार करते हुए भाजपा प्रत्याशी राज सिन्हा ने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी अजय दुबे 2014 में लोकसभा का चुनाव लड़े और हारने के बाद दस साल गायब रहे और फिर 2024 के चुनाव में आए हैं। फिर से कीर्ति आजाद की तरह हारेंगे और चले जायेंगे। यह बातें राज सिन्हा ने भाजपा की संचालन समिति की बैठक के उपरांत मिडिया से बातचीत में कही। उन्होंने कहा कि जनसंपर्क के दौरान जनता का आपार समर्थन मिल रहा है। इस बार जीत के बाद धनबाद को अपराध मुक्त बनाना, मैथन जलापूर्ति योजना फेज -2 का काम को पूरा कराना, 2019 में शुरू हुई विद्युत योजना, सड़क की योजना ऐसे जितने भी कार्य पांच सालों में हेमंत सरकार में ठप पड़ गए हैं। उन्हें फिर से धरातल पर लाना प्राथमिकता में हैं। संचालन समिति की बैठक में मुख्य रूप से राज सिन्हा के अलावे पूर्व सांसद पीएन सिंह, विधानसभा प्रभारी सुनील पासवान, अरुण राय, मानस प्रसून, जिला अध्यक्ष श्रवण राय, महेंद्र शर्मा एवं धनबाद विधानसभा संचालन समिति के तमाम सदस्य मौजूद हुए। बूथ स्तर पर संगठन को मजबूती प्रदान करने एवं चुनाव में जीत सुनिश्चित को लेकर बैठक में चर्चा की गई।

## सिंदरी अंचल के कांड्रा बस्ती के लोग नहीं करेंगे मतदान, नहीं हुई मांगे पूरी



संवाददाता

**सिंदरी।** पूर्व में सिंदरी अंचल के वार्ड नंबर 54 कांड्रा केके बस्ती के लोगों ने लोकसभा चुनाव में मतदान का बहिष्कार किया गया था। जहां प्रशासन के सहयोग से मतदान कराया गया था। सिंदरी विधानसभा में 20 नवंबर को मतदान हो रहा है। जिसमें सभी प्रत्याशी जनसंपर्क धुआंधार कर रहे हैं। झारखंड में विधानसभा चुनाव की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। वोटरों को रिझाने के लिए जगह-जगह जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। प्रत्याशी क्षेत्र में जाकर वादे कर रहे हैं। इस बीच सिंदरी विधानसभा में कांड्रा केके बस्ती के लोगों ने वोट बहिष्कार का ऐलान कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि उनकी मांगे अब तक पूरी नहीं हुई है। इस कारण वो इस बार के चुनाव में मतदान नहीं करेंगे।

बस्ती में विकास कार्य नहीं होने से नाराज ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। बस्ती के लोगों ने बैठक कर वोट बहिष्कार करते हुए कहा कि आजादी के 77 वर्ष बीत जाने के बाद विकास की रौशनी से कांड्रा केके बस्ती काफी पिछड़ा हुआ है। पिछले 15 वर्षों से अपने स्थानीय विधायक और जिले के पदाधिकारियों से सड़क निर्माण कराने की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक हमारी नहीं सुनी गई है। ग्रामीणों ने बताया कि जल इराक रोड बी आई टी हेड कांड्रा हनुमान मंदिर के पास 1 किलोमीटर दूरी से लाया जाता है। बस्ती में एक भी सरकारी नल नहीं है। प्यास बुझाने के लिए दूर दराज से पानी लाना पड़ता है। जन प्रतिनिधियों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। सड़क नहीं बनने के कारण काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात में तो समस्या और भी विकराल हो जाती है। बारिश के बाद सड़क कीचड़मय हो जाती है और पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। ग्रामीणों ने कहा कि बारिश के मौसम में नाले में पानी भर जाने के कारण बच्चों को विद्यालय आने-जाने में काफी परेशानी होती है। बीमार व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने के लिए भी लंबी दूरी तय कर कीचड़मयी रास्ते से जाना पड़ता है। मतदान केंद्र संख्या 379 लगभग मतदाता 450 हैं जहां लोगों ने बहुमूल्य मतदान का प्रयोग नहीं करने का संकल्प लिया है। मौके पर राधिका देवी, यशोदा देवी, माला देवी, आशा देवी, बीना देवी, गीता देवी, बबिता देवी,राजीव रंजन महतो, लक्ष्मी देवी, पूर्णिमा देवी, सविता देवी, ललिता देवी आदि मौजूद थे।

### भाकपा-माले प्रत्याशी ने विभिन्न क्षेत्रों में चलाया जनसंपर्क अभियान



संवाददाता

**कुमारधुबी।** इंडिया महागठबंधन के प्रत्याशी अरूप चटर्जी मंगलवार को निरसा उत्तर पंचायत के मोदीडीह गांव में जनसंपर्क अभियान में पहुंचे। जहां ग्रामीणों ने फूल माला पहनाकर व बूके देकर उनका जोरदार स्वागत किया। वही निरसा उत्तर पंचायत के मोदीडीह गांव में जनसंपर्क अभियान चलाने के बाद गांव के लोगों ने दूसरी पार्टी छोड़कर भाकपा माले का दामन थामा। जिसे भाकपा माले प्रत्याशी अरूप चटर्जी ने फूल माला पहनाकर उन सभी का पार्टी में स्वागत किया। वहीं महागठबंधन के प्रत्याशी अरुप चटर्जी ने अपने पक्ष में मतदान करने को लेकर गांव वालों से आग्रह किया। भाकपा माले का दामन थामने वालों में रंजीत रब्बानी, सुभाष रब्बानी, मिठू रवानी, संजय बाउरी, मिहिर रवानी, बबलू रवानी, विक्की रवानी, आशीष बाउरी, मुनमुन साहनी, प्रताप रक्षित, विक्रम रवानी, समीर रवानी कृति रवानी, गणेश रवानी, सुधीर महतो, वीरू रवानी, भीम तुरी, दुर्गा तुरी, पिंटू राय, सुशांत मंडल, परेश रवानी, राजु मुर्मू, साहब लाल मुर्मू, हिमालय बाउरी, संगीत साव, ओम प्रकाश रवानी, दिलीप रवानी, रावण बाउरी, मदन राय, विजय साहनी, राहुल साहनी, बबलू राय, अंजुम राय, मिठू राय, मोहन मरांडी, कमलेश्वर मरांडी, लीलू राय, मेघनाथ राय, राजेश राय, नुनु राय, समीर मंडल, डिजा हांसदा, लखन दास, हरि महतो, मानिक पाल आदि शामिल हैं। मौके पर लखींद्र मरांडी, परेश रविदास, मनोज सिंह, निमाई सिंह और भी अनेक लोग मौजूद थे।

### आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सीटीएसपी का सिंदरी क्षेत्र का दौरा

**सिंदरी।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर धनबाद सीटीएसपी अजीत कुमार ने सिंदरी विधानसभा क्षेत्र का दौरा किया। इस क्रम में सुदामडीह, कांड्रा, एन ए सी बूथ का निरीक्षण करते हुए सिंदरी थाना पहुंचे जहां मतदान प्रक्रिया के विभिन्न पहलुओं पर सिंदरी थाना प्रभारी से विचार विमर्श किया। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव निष्पक्ष एवं स्वतंत्र कराने के लिए क्षेत्र का दौरा कर संवेदनशील इलाके की जानकारी इकट्ठा की जा रही है। लोकतंत्र के महापर्व में भय मुक्त होकर चुनाव में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने के लिए व्यवस्था की जा रही है।

उन्होंने आदर्श आचार संहिता के तहत कानूनी व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर स्तर पर निगरानी रखने को कहा। निरीक्षण के दौरान आशुतोष कुमार सत्यम, सिंदरी थाना प्रभारी संजय कुमार एवं गौशाला ओपी प्रभारी चिंतामन रजक उपस्थित रहे।

## झरिया विधानसभा स्तरीय चुनावी सभा का आयोजन बलियापुर स्टैंड के समीप किया गया




संवाददाता

**धनबाद।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा झरिया विधानसभा स्तरीय चुनावी सभा का आयोजन बलियापुर स्टैंड के समीप किया गया। जहां युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज, धनबाद महानगर जिला अध्यक्ष श्रवण राय, हरीश जोशी, युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री रूपेश सिन्हा, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष नित्यानंद मंडल, ध्रुव हरी, शैलेश सिंह चंद्रवंशी, महावीर पासवान, संतोष झा, रिंकू सिंह युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष राहुल सोनी, चीकू महतो, राहुल गुप्ता, नगीना पासवान व प्रेम नोनिया मौजूद रहे। वहीं कार्यक्रम का संचालन उमेश यादव एवं धन्यवाद ज्ञापन रवि मिश्र ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती रागिनी सिंह उपस्थित हुई। इस दौरान सभा को संबोधित करते हुए युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज ने कहा कि वर्तमान सरकार में युवाओं को रोजगार, शिक्षा और अन्य सुविधाओं से वंचित रखने का कार्य किया गया है। युवा साथी अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। आगामी विधानसभा चुनाव में इसका मुंहतोड़ जवाब देंगे। साथ हीं भाजपा प्रत्याशी श्रीमती रागिनी सिंह को भारी मतों से विजई बनाने का संकल्प लिया गया। भाजपा प्रत्याशी श्रीमती रागिनी सिंह ने कहा कि वर्तमान की हेमंत सरकार ने युवाओं को 5 लाख रोजगार की गारंटी दी थी। शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने की बात कही थी। जिसे उन्होंने पूरा नहीं किया और युवाओं को छलने का काम किया है। इस गूंगी बहरी सरकार ने युवाओं को किसी प्रकार की सहायता नहीं की है। युवा अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं। भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकताओं ने इस सरकार को प्रदेश से उखाड़ फेंकने का फैसला ले लिया है और इस विधानसभा चुनाव में झरिया से रिकॉर्ड मतों से भाजपा को ऐतिहासिक जीत दिलाने का मन बना लिया है।

# बीआईटी की प्लेटिनम जुबली समारोह का आयोजन 15-17 को



संवाददाता

**सिंदरी।** बीआईटी के निदेशक पंकज राय ने बताया कि बीआईटी का प्लेटिनम जुबली समारोह 15, 16 और 17 नवंबर 2024 को धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर बीआईटी के कई पूर्व छात्र देश-विदेश से एकत्र होंगे और कॉलेज के विकास को लेकर उत्साह और गर्व का अनुभव करेंगे।

**15, 16 और 17 नवंबर को होने वाले समारोह में कई आयोजन**

प्लेटिनम जुबली कार्यक्रम में कई विशेष सांस्कृतिक और शैक्षिक गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। इसमें बीआईटी के अलमुनाई के बीच नेटवर्किंग के अवसर भी प्रदान किए जाएंगे। ताकि वे अपनी उपलब्धियों और अनुभवों को साझा कर सकें। डायरेक्टर ने कहा कि यह कार्यक्रम बीआईटी के सभी छात्रों और पूर्व छात्रों के लिए एक शानदार अवसर होगा, जहां हम अपनी संस्थान की यात्रा का उत्सव मनाएंगे और भविष्य के लिए अपनी योजनाओं को साझा करेंगे।

**सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन**

इस कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की योजना बनाई गई है, जिनमें नृत्य, संगीत, नाटक, और खेलों का आयोजन शामिल होगा। इसके अलावा, कॉलेज के छात्रों और पूर्व छात्रों को एक मंच पर लाकर उनका उत्साहवर्धन करने के लिए कई प्रतियोगिताएँ और प्रस्तुतियाँ भी आयोजित की जाएंगी। एल्युमिनाई व धनबाद चैप्टर के चितरंजन जी ने बताया कि यह कार्यक्रम न केवल बीआईटी के शिक्षाविदों के लिए बल्कि उनके परिवारों के लिए भी यादगार होगा।

**बीईटी का गौरवमयी इतिहास**

बीआईटी ने पिछले कई दशकों में न केवल शिक्षा के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाई है, बल्कि तकनीकी और सांस्कृतिक दृष्टि से भी अपने विद्यार्थियों को उत्कृष्टता की ओर अग्रसर किया है। यह प्लेटिनम जुबली समारोह इस संस्थान के गौरवमयी इतिहास को सम्मानित करने और भविष्य में आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करने का एक अहम अवसर होगा।

**पूर्व छात्रों की भागीदारी**

बीआईटी के अलमुनाई पूरे भारत और विदेशों में फैले हुए हैं, और इस आयोजन में उनकी भागीदारी कार्यक्रम को और भी खास बना देगी। इस समारोह में बीआईटी के सबसे पुराने छात्र से लेकर नए स्नातकों तक सभी को आमंत्रित किया गया है। उनका मानना है कि यह आयोजन बीआईटी के परिवार को एकजुट करने का एक बेहतरीन मौका होगा।

**समापन**

बीआईटी के इस प्लेटिनम जुबली समारोह के जरिए कॉलेज अपनी जड़ों को और मजबूत करने के साथ-साथ अपने छात्रों के लिए नए अवसरों की शुरूआत करेगा। प्रोफेसर प्रकाश कुमार, प्रोफेसर विजय पांडे, प्रोफेसर एस सी दत्त ,प्रोफेसर रघुनाथ, प्रोफेसर अकरम खान, प्रोफेसर राजेंद्र मुर्मू ने सभी छात्रों, पूर्व छात्रों, और शिक्षकों से अपील की कि वे इस ऐतिहासिक अवसर का हिस्सा बनें और इसे सफल बनाने में योगदान दें।

समारोह की विस्तृत जानकारी और भागीदारी के लिए बीआईटी प्रशासन द्वारा एक विशेष पोर्टल और हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया जाएगा। यह प्लेटिनम जुबली निश्चित रूप से बीआईटी के इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय होगा और इसकी यादें आने वाले वर्षों तक लोगों के दिलों में ताजा रहेंगी।

### धनबाद जिला थोक वस्त्र विक्रेता संघ ने राज सिन्हा का स्वागत किया



संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद जिला थोक वस्त्र विक्रेता संघ के अध्यक्ष उमेश एहलीवाल, राज कुमार टांटिया, प्रवीम अग्रवाल, राजू पाण्डेय, बिनोद उटवालिया व पावन नारनौल सहित करकेंद बाजार स्थित जालान मार्केट के सभी दुकानदार साथियों के साथ मारवाड़ी महिला समिति की प्रांतीय अध्यक्ष मंजू बगड़िया, सुमि धाढ़ी, अनीता सतनालिका, मीणा गोयल, विनीता खंडेलवाल तथा किरण वर्मा नें पुष्प गुच्छा, फूल-माला व अंगवस्त्र देकर भाजपा प्रत्याशी राज सिन्हा का स्वागत किया और सभी ने मिठाई खिलाकर धनबाद विधानसभा से रिकॉर्ड तोड़ मतों से विजय प्राप्त करने की हार्दिक शुभकामनाएं दी। वहीं भाजपा प्रत्याशी राज सिन्हा ने कहा कि आप सबके द्वारा मुझ पर किए गए विश्वास व आपके द्वारा मिले प्यार और आशीर्वाद के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ।

## सुभाषितम्

**माया मरी न मन मरा, मर मर गये शरीर। आशा तृष्णा ना मरी, कह गये दास कबीर ? - कबीर**

## यूपी मदरसा एक्ट को 'सुप्रीम' मान्यता

यूपी मदरसा एक्ट वैध है या अवैध सुप्रीम कोर्ट ने इस पर बड़ा फैसला सुनाते हुए अपनी 'सुप्रीम' मान्यता की मुहर लगा दी है और इसी के साथ सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के (22 मार्च 2024) फैसले को पलटते हुए यूपी मदरसा एक्ट की संवैधानिकता को बरकरार रखते हुए मान्यता दी है। अब इस निर्णय से दो बातें पूरी तरह साफ हो गईं हैं, एक-यूपी सरकार की तरफ से संचालित मदरसा बोर्ड सही है। दो- मजहबी शिक्षा के नाम पर इस्लामवादी अपना कुछ भी एजेंडा नहीं चला सकते, जिसकी शिकायतें प्रायः अब तक मदरसा संचालन की आड़ में सामने आती रही हैं। दरअसल, इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने यूपी मदरसा बोर्ड एक्ट को संविधान के मौलिक ढांचे के खिलाफ बताया था। इसके साथ ही 22 मार्च 2024 को इलाहाबाद हाई कोर्ट में जस्टिस विवेक चौधरी और जस्टिस सुभाष विद्यार्थी की खंडपीठ ने यूपी की योगी आदित्यनाथ सरकार को एक योजना बनाने का भी निर्देश दिया था, ताकि वर्तमान में मदरसों में पढ़ रहे छात्रों को औपचारिक शिक्षा प्रणाली में समायोजित किया जा सके। अपने इस निर्णय में इलाहाबाद हाई कोर्ट ने मदरसा कानून को पूरी तरह से धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत का उल्लंघन बताते हुए प्रदेश में चल रहे 13 हजार 364 मदरसों में पढ़ाई करने वाले 12 लाख से अधिक छात्रों को राज्य सरकार द्वारा संचालित मान्यता प्राप्त नियमित स्कूलों में प्रवेश दिलाने का आदेश दिया था। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पैरवी कर रहे अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल केएम नटराजन ने कहा था कि प्रदेश सरकार यूपी मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम 2004 को समाप्त करने के पक्ष में नहीं है। बल्कि सरकार चाहती है कि बोर्ड अधिनियम से उन प्रावधानों को खत्म कर दिया जाए जो उल्लंघनकारी है।

यूपी सरकार इलाहाबाद हाई कोर्ट द्वारा मदरसा बोर्ड को लेकर दिए गए आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची थी। इस दौरान प्रदेश सरकार की ओर पक्ष रख रहे नटराजन ने कहा कि इलाहाबाद हाई कोर्ट को 2004 में बने मदरसा अधिनियम को पूरी तरह से असंवैधानिक घोषित नहीं करना चाहिए था। यूपी की योगी आदित्यनाथ सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हलफनामे में कहा था कि यूपी मदरसा बोर्ड के जरिए दी जाने वाली कामिल और फाजिल डिग्री न यूनिवर्सिटी की डिग्री के समकक्ष है और न ही बोर्ड की ओर से पढ़ाए जाने वाले पाठ्यक्रमों के समकक्ष है। इस स्थिति में मदरसे के छात्र उन्हीं नौकरियों के लिए योग्य हो सकते हैं, जिनके लिए हाई स्कूल/इंटरमीडिएट योग्यता की जरूरत होती है। पूरे मामले पर सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के आदेश पर रोक लगाते हुए फैसला 22 अक्टूबर सुरक्षित रख लिया था, जिसे आज सुनाया गया है। अपना फैसला सुरक्षित रखते वक़्त उच्चतम न्यायालय ने कहा भी कि राज्य सरकार की मंशा मदरसों को मुख्यधारा में लाने की है। अगर ऐसा नहीं होता तो इन संस्थाओं में गणित, विज्ञान जैसे विषय नहीं पढ़ाए जाते। फिर आज सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ के नेतृत्व वाली सुप्रीम कोर्ट की तीन जस्टिस की बेंच ने अपने निर्णय में कहा है कि 'किसी भी छात्र को धार्मिक शिक्षा के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता है।' सुप्रीम कोर्ट साफ कहा है कि राज्य सरकार शिक्षा को नियमित करने के लिए कानून बना सकती है। इसमें सिलेबस, छात्रों का स्वास्थ्य जैसे कई पहलू शामिल हैं।

## चिंतन-मनन

### प्रार्थना की शक्ति का महत्व

मनुष्य का जीवन उसकी शारीरिक एवं प्राणिक सत्ता में नहीं, अपितु उसकी मानसिक एवं आध्यात्मिक सत्ता में भी आकांक्षाओं तथा आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए और कामनाओं का है। जब उसे ज्ञान होता है कि एक महत्तर शक्ति संसार को संचालित कर रही है, तब वह अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए, अपनी विषम यात्रा में सहायता के लिए, अपने संघर्ष में रक्षा के लिए आय प्राप्त करने के लिए प्रार्थना द्वारा उसकी शरण लेता है। प्रार्थना द्वारा भगवान की ओर साधारण धार्मिक पहुंच, अपने को ईश्वर की ओर मोड़ देने के लिए यह हमारी प्रार्थनारूपी विधि हमारी धार्मिक सत्ता का मौलिक प्रयत्न है, और एक सार्वभौम सत्य पर स्थित है- भले ही इसमें कितनी भी अपूर्णताएं हों और सचमुच अपूर्णताएं हैं भी। प्रार्थना के प्रभाव को प्राय? संदेह की दृष्टि से देखा जाता है और स्वयं प्रार्थना निरर्थक तथा निष्फल समझी जाती है। वैश्व संकल्प सदैव अपने लक्ष्य को ही कार्यान्वित करता है। वह सर्वज्ञ होने के कारण अपने वृहत्तर ज्ञान से कर्तव्य पहले ही जान लेता है, परंतु यह व्यवस्था यांत्रिक नियम से नहीं, बल्कि कुछ शक्तियों एवं बलों के द्वारा कार्यान्वित होती है। यह मानव संकल्प, अभीप्सा और श्रद्धा का एक विशेष रूप मात्र है। प्रारंभ में प्रार्थना निम्न स्तर भी हमारे सबंध को तैयार करने में सहायता पहुंचाती है। मुख्य वस्तु इस प्रकार का साक्षात संबंध, मनुष्य का ईश्वर से संपर्क, सचेतक आदान-प्रदान न कि पार्थिव वस्तु की प्राप्ति। अपनी मानसिक रचना के निर्माण के बाद यदि व्यक्ति अपने को ईश कृपा पर समर्पित कर देता है, और इसमें भरोसा रखता है, तो उसको अवश्य ही सफलता मिलेगी। यदि कोई ईश्वर की कृपा का मात्र आह्वान करता है, तो अपने को उसके हाथों में सौंप देता है, तो वह विशेष अपेक्षा नहीं करता। प्रार्थना को सूत्रबद्ध करके किसी वस्तु के लिए निवेदन करना होगा। व्यक्ति को यह सवाल नहीं करना चाहिए। यदि सचाई के साथ सच्ची आंतरिक भावना के साथ याचना की जाए तो संभव है- वह स्वीकृत हो जाए।

## आज का राशिफल

**मेष :** जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी।

**वृष :** श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा।

**मिथुन :** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

**कर्क :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी।

**सिंह :** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। स्वास्थ्य नरम होगा।

**कन्या :** व्यापार में वृद्धि होगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी।

**तुला :** पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।

**वृश्चिक :** महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**धनु :** स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**मकर :** अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़े के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**कुंभ :** कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

**मीन :** शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। काम पर पैनी नजर रखिए। सब्र का फल मीठा होता है।

# लोकआस्था : सूर्य उपासना का महापर्व है छठ पूजा


रमेश सर्राफ धमोरा

ऊर्जा का सबसे बड़ा स्रोत सूर्य है। इस कारण शास्त्रों में सूर्य को भगवान मानते हैं। सूर्य के बिना कुछ दिन रहने की जरा कल्पना कीजिए। इनका जीवन के लिए इनका रोज उदित होना जरूरी है। कुछ इसी तरह की परिकल्पना के साथ पूर्वोत्तर भारत के लोग छठ महोत्सव के रूप में इनकी आराधना करते हैं। छठ पूजा हिन्दुओं के प्रमुख त्योहारों में से एक है। सामान्यता यह त्योहार बिहार, झारखण्ड और पूर्वी उत्तर-प्रदेश में बहुत ही धूमधाम से मनाया जाता है। उत्तर प्रदेश और बिहार में छठ पूजा को महापर्व घोषित कर छठ पूजा के दिन सरकारी छुट्टी भी लागू कर दी गई है। छठ पूजा का महत्व बहुत ज्यादा है। यह व्रत सूर्य भगवान, उषा, प्रकृति, जल, वायु आदि को समर्पित है। इस व्रत को करने से निःसंतान दंपत्तियों को संतान सुख प्राप्त होता है। छठ पर्व को किसने शुरू किया इसके पीछे कई ऐतिहासिक कहानियां प्रचलित हैं। लंका विजय के बाद रामराज्य की स्थापना के दिन कार्तिक शुक्ल षष्ठी को भगवान राम और माता सीता ने उपवास किया और सूर्यदेव की आराधना की थी। सप्तमी को सूर्योदय के समय अनुष्ठान कर सूर्यदेव से आशिर्वाद प्राप्त किया था। इसी के उपलक्ष्य में छठ पूजा की जाती है। छठ पूजा भगवान सूर्य की उपासना का पर्व है। भारत में सूर्य पूजा की परम्परा वैदिक काल से ही रही है। हिंदुओं के सबसे बड़े पर्व दीपावली को पर्वों की माला माना जाता है। पांच दिन तक चलने वाले ये पर्व छठ पूजा तक चलते है। उत्तर प्रदेश और बिहार में मनाया जाने वाला यह बेहद अहम पर्व है जो पूरे देश में धूमधाम से मनाया जाता है। छठ पूजा केवल पर्व नहीं है बल्कि महापर्व है जो कुल चार दिन तक चलता है। नहाय खाय से लेकर उगते हुए भगवान सूर्य को अर्घ्य देने तक चलने वाले इस पर्व का अपना एक ऐतिहासिक महत्व है।

हमारे देश में सूर्य उपासना के कई प्रसिद्ध लोकपर्व हैं जो अलग-अलग प्रांतों में अलग-अलग रीति-रिवाजों के साथ मनाए जाते हैं। सूर्य षष्ठी के महत्व को देखते हुए इस पर्व को सूर्य छठ या डाला छठ के नाम से संबोधित किया जाता है। इस पर्व को बिहार, झारखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और नेपाल की तराई समेत देश के उन तमाम महानगरों में मनाया जाता है। जहां-जहां इन प्रांतों के लोग निवास करते हैं। यही नहीं, मॉरिशस, त्रिनिडाड, सुमात्रा, जावा समेत विदेशों में भी भारतीय मूल के प्रवासी छठ पर्व को बड़ी आस्था और धूमधाम से मनाते हैं। डूबते सूर्य की विशेष पूजा ही छठ का पर्व है। चढ़ते सूरज को सभी प्रणाम करते हैं।



छठ पर्व की सांस्कृतिक परम्परा में चार दिन का व्रत रखा जाता है। यह व्रत भैया दूज के तीसरे दिन यानि शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि से आरंभ हो जाते हैं। व्रत के पहले दिन को नहा-खा कहते हैं। जिसका शाब्दिक अर्थ है स्नान के बाद खाना। इस दिन पवित्र नदी में श्रद्धालु स्नान करते हैं। वैसे तो यह पर्व मूल रूप से गृहिणियों द्वारा मनाया जाता है। लेकिन आजकल पुरुष भी इसमें समान रूप से सहयोग देते हैं। छठ का पौराणिक महत्व अनादिकाल से बना हुआ है। रामायण काल में सीता ने गंगा तट पर छठ पूजा की थी। महाभारत काल में कुंती ने भी सरस्वती नदी के तट पर सूर्य पूजा की थी। इसके परिणाम स्वरूप उन्हें पांडवों जैसे पुत्रों का सुख मिला था। द्रौपदी ने भी हस्तिनापुर से निकल कर गढ़ गंगा में छठ पूजा की थी। छठ पूजा का सम्बंध हठयोग से भी है। जिसमें बिना भोजन ग्रहण किए हुए लगातार पानी में खड़ा रहना पड़ता है। जिससे शरीर के अशुद्ध जीवाणु परास्त हो जाते हैं।

छठ पर्व की परम्परा में वैज्ञानिक और ज्योतिषीय महत्व भी छिपा हुआ है। षष्ठी तिथि एक विशेष खगोलीय अवसर है। जिस समय धरती के दक्षिणी गोलार्ध में सूर्य रहता है और दक्षिणायन के सूर्य की अल्ट्रावॉइलट किरणें धरती पर सामान्य से अधिक मात्रा में एकत्रित हो जाती हैं।

इन दूषित किरणों का सीधा प्रभाव जनसाधारण की आंखों, पेट, त्वचा आदि पर पड़ता है। इस पर्व के पालन से सूर्य प्रकाश की इन पराबैंगनी किरणों से जनसाधारण को हानि न पहुंचे। इस अभिप्राय से सूर्य पूजा का गूढ़ रहस्य छिपा हुआ है। इसके साथ ही घर-परिवार की सुख- समृद्धि और आरोग्यता से भी छठ पूजा का व्रत जुड़ा हुआ है। इस व्रत का मुख्य उद्देश्य पति, पत्नी, पुत्र, पौत्र सहित सभी परिजनों के लिए मंगल कामना से भी जुड़ा हुआ है।

लोक परम्परा के मुताबिक सूर्य देव और छठी मईया का संबंध भाई-बहन का है। इसलिए छठ के मौके पर सूर्य की आराधना फलदायी मानी गई। छठ पूजा अथवा छठ पर्व कार्तिक शुक्ल पक्ष की षष्ठी को मनाया जाता है। छठ से जुड़ी पौराणिक मान्यताओं और लोक गाथाओं पर गौर करें तो पता चलता है कि भारत के आदिकालीन सूर्यवंशी राजाओं का यह मुख्य पर्व था। छठ के साथ स्कंद पूजा की भी परम्परा जुड़ी है। भगवान शिव के तेज से उत्पन्न बालक स्कंद की छह कृतिकाओं ने स्तनपान करा रक्षा की थी। इसी कारण स्कंद के छह मुख हैं और उन्हें कार्तिकेय नाम से पुकारा जाने लगा। कार्तिक से संबंध होने के कारण षष्ठी देवी को स्कंद की पत्नी देवसेना नाम से भी पूजा जाने लगा। एक मान्यता के अनुसार छठ पर्व की शुरूआत महाभारत काल में हुई थी। जिसकी शुरूआत सबसे पहले सूर्यपुत्र कर्ण ने सूर्य की पूजा करके की थी। कर्ण भगवान सूर्य के परम भक्त थे और वो रोज घंटों कमर तक पानी में खड़े होकर सूर्य को अर्घ्य देते थे। सूर्य की कृपा से ही वह महान योद्धा बने। आज भी छठ में अर्घ्य दान की यही परंपरा प्रचलित है। छठ पर्व के बारे मे एक कथा और भी है। इस कथा के मुताबिक जब पांडव अपना सारा राजपाट जुए में हार गए तब दौपदी ने छठ व्रत रखा था। इस व्रत से उनकी मनोकामना पूरी हुई थी और पांडवों को अपना राजपाट वापस मिल गया था।

महापर्व छठ हिंदू धर्म में एकमात्र ऐसा पर्व है जिसमें ना केवल उदयाचल सूर्य की पूजा की जाती है बल्कि अस्ताचलगामी सूर्य को भी पूजा जाता है। मान्यता है कि छठ देवी सूर्य देव की बहन हैं और उन्हीं को प्रसन्न करने के लिए भगवान सूर्य की अराधना की जाती है। पर्व का प्रारंभ नहाय-खाय से होता है, जिस दिन व्रती स्नान कर अरवा चावल, चना दाल और कद्दू की सब्जी का भोजन करते हैं। नहाय-खाय के दूसरे दिन यानी कार्तिक शुक्ल पक्ष पंचमी के दिनभर व्रती उपवास कर शाम में रोटी और गुड़ से बनी खीर का प्रसाद ग्रहण करते हैं। इस पूजा को खरना कहा जाता है। इसके अगले दिन कार्तिक शुक्ल पक्ष षष्ठी तिथि को उपवास रखकर शाम को अस्ताचल गामी सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है। अगले दिन यानी सप्तमी तिथि को सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर-के व्रत तोड़ा जाता है।

छठ पूजा के व्रत को जो भी रखता है। वह इन दिनों में जल भी नहीं ग्रहण करता है। इस व्रत को करने से सुख-समृद्धि और सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। इसमें मुख्य रूप से सूर्य देवता की पूजा की जाती है लेकिन सूर्य देव की बहन छठ देवी की भी पूजा की जाती है। जिसके कारण इस पूजा का नाम छठ पूजा पड़ा। इस दिन नदी के तट में पहुंचकर पुरुष और महिलाएं पूजा-पाठ करते हैं। साथ ही छठ माता की पूजा को आपके संतान के लिए भी कल्याणकारी होती है।

# भारतियों के लिए असुरक्षित होता कनाडा

**राकेश अचल**

भारत में चुनावी राजनीति में लोग एक -दूसरे के छक्के छुड़ाने में लगे हैं उधर सात समंदर पार कनाडा भारतीयों के लिए दूसरा पाकिस्तान बनता नजर आ रहा है। भारत ने कनाडा के ब्रैम्पटन में एक हिंदू पूजा स्थल पर खालिस्तान समर्थकों की तरफ से हमला करने के घटनाक्रम ने भारत और कनाडा के आपसी रिश्तों को भयंकर झटका दिया है। कनाडा में 18 लाख भारतीय मूल के लोग और 1 लाख एनआरआई मौजूद हैं। ये दुनिया में सबसे बड़े भारतीय प्रवासी समूह में से एक है। कनाडा की पूरी आबादी में ये हिस्सेदारी करीब 3 प्रतिशत है। भारत और कनाडा के रिश्तों में तनातनी की जड़ में खालिस्तानी तत्व हैं। दोनों देशों के प्रधानमंत्री हैं।

भारत और कनाडा के आपसी संबंधों का मौजूदा दौर कई सवालों और चिंताओं को जन्म दे रहा है. हरदीप सिंह निज्जर की हत्या सुर्खियों में है, लेकिन दोनों देशों के ताल्लुक पेचीदगियों से भरे है। अच्छी बात ये है की इस समय भारतियों पर कनाडा में हुए ताजा हमले के मुद्दे पर हम सब एक हैं सोशल मीडिया पर जो वीडियो सामने आये हैं उसमें साफ तौर पर दिखता है कि हिंदू मंदिर के सामने पहले खालिस्तान समर्थकों की टोली गाड़ियों से आती है और खालिस्तानी झंडों के साथ वहां एकत्रित लोगों के साथ मारपीट करती है। वहां की पुलिस की बीच-बचाव करती दिखती है। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन टुडो ने भी इस हमले मैंने से ही इंकार कर दिया है, जबकि स्थानीय पुलिस ने इस मामले में दो-तीन लोगों की गिरफ्तारी की बात कही गई है। पूजाघरों में इस तरह की घटनाएं सिहरन पैदा करतीं हैं । कनाडा में अगले वर्ष आम चुनाव है और कई लोगों भारत के साथ प्रधानमंत्री ट्रुडो की नीतियों को उनकी राजनीतिक महत्वांकाक्षा से जोड़ कर देखते हैं। टूडो की नजर भारत से अलग पृथक देश खालिस्तान बनाने का सपना पालने वाले खालिस्तानी संगठनों से जुड़े वोटरों पर है। ऐसे में भारतीय समुदाय पर या धार्मिक स्थलों पर उनका हमला बढ़ने की आशंका है। भारत और कनाडा के बीच फिलहाल जो कड़वाहट घुली है, उसे दोनों देशों के रिश्तों का सबसे निचला स्तर बताया जा रहा है और ये दौर दोनों देशों के मौजूदा नेतृत्व कि क्षमताओं पर भी प्रश्नचिन्ह खड़े करता है। ये समझने कि जरूरत है कि अचानक ऐसा क्या हुआ, जो भारत और कनाडा जैसे दो मित्रदेशों के रिश्ते इतने बुरे दौर में पहुंच गए ? क्या कनाडा में खालिस्तान समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में वाकई भारत सरकार का हाथ है और तीसरा, क्या ट्रूडो का बयान पूरी तरह घरेलू वोटबैंक की राजनीति से प्रेरित है।

भारत-कनाडा रिश्तों का इतिहास खट्टा-मीठा रहा है। ये बनते-बिगड़ते रहे है। अत्तीत में झांककर देखें तो कनाडा-भारत संबंध,कनाडा और भारत गणराज्य के बीच द्विपक्षीय संबंध हैं। माना जाता है कि लोकतंत्र के लिए आपसी प्रतिबद्धता, बहुलवाद और लोगों के बीच परस्पर संबंधों पर आधारित हैं।कांग्रेस के शासनकाल में 2009 तक भारत और कनाडा के बीच द्विपक्षीय व्यापार लगभग 4.14 बिलियन डालर का था। वर्षों पहले एयर इंडिया फ्लाइट 182 में हुए विस्फोट के बाद दोनों देशों के रिश्तों में जो कड़वाहट आई थी उसका असर दो दशकों रहा। आपको याद होगा कि 23 जून 1985 वो तारीख जब खालिस्तानियों ने एयर इंडिया की एक विमान को निशाना बनाया। इस विमान हादसे में 329 की हुई थी मौत, मरने वालों में 268 कनाडा के नागरिक थे। यह विमानन इतिहास में सबसे घातक आतंकवादी हमला था। खालिस्तानी आतंकियों ने ऑपरेशन ब्लू स्टार का बदला लेने के लिए विमान पर हमला किया था। हमले के 39 साल पूरे होने के बाद भी कनाडा पुलिस हादसे की जांच नहीं कर पाई थी। इस हमले से पहले भी भारत द्वारा 1974 में हुए परमाणु परीक्षण ने दोनों राष्ट्रों के बीच संबंधों में तल्खी पैदा हुई थी। कनाडा ने तब भारत पर कोलंबो योजना की शर्तों का उल्लंघन का आरोप लगया था ,हालाँकि 1990 के दशक के अंत में जाँ श्रेतियाँ और रोमियो लब्लैंक दोनों ने भारत की, पोखरण-2 परीक्षणों के बाद, संबंधों को एक बार फिर से अस्थायी रूप से रोक दिया गया था।मुझे याद है कि कनाडा के प्रधानमंत्री स्टीफन हार्पर ने 2012 में भारत का दौरा किया था। कनाडा और भारत बड़े पैमाने पर व्यापार करते हैं। भारत मुख्य रूप से कनाडा से दाल आयात करता है। उच्च शिक्षा के लिए भारतीय छात्रों के लिए कनाडा एक पसंदीदा स्थान है।इस बीच कनाडा में सिख आतंकवादियों द्वारा भारत विरोधी गतिविधियों में हुए इजाफे के दौरान कनाडा सरकार द्वारा अपेक्षित रोकथाम करने कथित कमी ने दोनों देशों के बीच तनाव पैदा कर दिया है। हाल के दशक में कनाडा ने नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के दौरान भारत में हो रहे मानवाधिकार उल्लंघन की निंदा कर तनाव के नए बीज बोये । भारत ने इसके जवाब में कनाडा को झिड़की दी और साफ शब्दों में कहा कि कनाडा को अपने काम से काम रखना चाहिए और भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। पिछले साल 2023 में, जी-20 बैठक के बाद, कनाडा की टूडो सरकार ने भारत पर एक कनाडाई सिख कार्यकर्ता, हरदीप सिंह निज्जर, जो खालिस्तान आंदोलन का हिस्सा था, की कनाडा में हत्या करने का आरोप लगाया।

तब से अब तक रिश्तों में कड़वाहट इतनी बढ़ी कि दोनों देशों ने एक-दूसरे के राजनयिकों को देश निकला तक दे दिया। अब स्थिति ये है कि कनाडा ने तमाम हदें लांघते हुए भारत के गृहमंत्री तक पर गंभीर आरोप लगा दिए है। मुमकिन है कि इन आरोपों को लेकर २५ नबंवर से शुरू हो रहे संसद के शीतकालीन सत्र में गहमागहमी रहे। कनाडा और भारत के रिश्तों को समझने के लिए हमें बहुत पीछे जाना पडेगा ,इतने पीछे जहाँ कि भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू खड़े नजर आने लगें। नेहरू को सदैव गालियां देने वालों को शायद ये पता नहीं होगा कि भारत और कनाडा के रिश्तों की नीव में नेहरू ही हैं मोदी नहीं। इतिहास बताता है कि आजादी के बाद से लेकर 1960 के दशक में कनाडा-भारत संबंधों को भारतीय प्रधान मंत्री जवाहरलाल नेहरू और दो वर्षों के दौरान सेवा करने वाले दो कनाडाई प्रधानमंत्रियों लुई सेंट लॉरेंट और लेस्टर बी पियर्सन के व्यक्तिगत संबंधों के कारण बढ़ावा मिला था।

# साझा संस्कृति के सरल संत थे जैन मुनि श्री सुदर्शन लाल


विनोद बंसल

भारतीय चिंतन में संतों का सर्वोच्च स्थान है। जब कोई व्यक्ति अपने सांसारिक सुखों को त्याग कर आध्यात्मिक जगत के अन्वेषण में लग जाता है या यूं कहें लोक कल्याण हेतु अपने सारे जीवन की सुख-सुविधाएं छोड़ स्वयं को प्रभु को समर्पित कर देता है तब वह संत कहलाता है। हमने अपने जीवन में अनेक ऐसे संतों को सुना, दिखा और उनसे प्रेरणा ली होगी जो काम, क्रोध, लोभ अहंकार इत्यादि पर नियंत्रण कर समाज को प्रेरणा देते रहे। लेकिन, ऐसे संत आज के जमाने में विरले मिलते हैं जिन्होंने जीवन में कभी माइक या लाउडस्पीकर का प्रयोग किया। पंखे, कूलर, एसी का प्रयोग नहीं किया। चारपहिया गाड़ी की तो बात अलग, साइकिल और बैलगाड़ी तक में यात्रा नहीं की। बिजली से चलने वाले किसी प्रकार के यंत्र-सुविधाओं का जीवन में कभी प्रयोग नहीं किया। पैरों में जूते-चप्पल छोड़िए, खड़ाऊ तक नहीं पहनीं। सत्य निष्ठा का पालन और प्रतिवर्ष वषार्काल के चातुर्मास को छोड़ शेष 8 महीनों में एक स्थान पर एक महीने से अधिक वे रुके नहीं। ऐसे थे उनके कठोर सिद्धांत। इसके बावजूद, चाहे उत्तर भारत की झुलसा देने वाली गर्मी हो या हड्डियों तक को कंपकंपा देने वाली पहाड़ों की भीषण सर्दी, 25000 किलोमीटर से अधिक की यात्रा उन्होंने नंगे पांव पैदल चल कर जनता को धर्म, आध्यात्मिक और समाज जीवन के मूल्यों के प्रति जागृत, प्रेरित और संवेदनशील बनाया। ऐसे थे जैन मुनि श्री सुदर्शन लाल जी महाराज।

4 अप्रैल 1923 को रोहतक के सनातनी वैष्णव परिवार में जन्मे महाराज श्री का नाम ही परिजनों ने ईश्वर रखा था। ईश्वर यानी सर्वधार, सर्वगुण संपन्न, न्यायकारी, दयालु, निर्विकार, अभयकारी, समदर्शी और सबका कल्याण करने वाला। उन्होंने अपना यह नाम वास्तव में सार्थक किया। पूरा जीवन ईश्वर की आराधना व ईश्वरीय गुणों के प्रचार और जीवों के प्रति करुणा, संवेदना और उत्थान में लगा दिया। अपने 76 वर्षों के जीवनकाल में यूं तो शुद्ध शाकाहारी भोजन, अखंड ब्रह्मचर्य का पालन, सूर्यास्त के पश्चात् भोजन-पानी की तो बात अलग, दवाई तक का सेवन नहीं किया। किसी प्रकार की धन-संपदा, बहुमूल्य वस्तु, जमीन-जायदाद या बैंक खाता इत्यादि नहीं रखा। बेहद दुबला-पतला शरीर होने के बावजूद वृद्ध और रोगी वरिष्ठ संन्यासियों की घंटों तक पांव दबा कर और मालिश आदि से सेवा करने में वे कभी थके नहीं। वे जीवन में कभी किसी कॉलेज या विश्वविद्यालय नहीं गए किंतु आश्चर्य है कि वे अंग्रेजी, हिंदी, संस्कृत, प्राकृत, उर्दू व फारसी जैसी 10 भाषाओं के मर्मज्ञ थे। अपना परिवार नहीं बनाया किंतु परिवारों के बनने-बिगड़ने के कारणों की गहन सूझबूझ के कारण उन्होंने अनेक परिवारों को टूटने से बचाया। मात्र 4 वर्ष की आयु में मां के दिवंगत हो जाने के कारण वे स्वयं तो मां के प्यार से सदैव वंचित रहे किंतु, हजारों भक्तों को उन्होंने मां जैसा प्यार दिया। वे स्वयं के दुखों पर कभी नहीं रोए किंतु जिस भक्त ने अपना दर्द अश्रुपूर्ण भाव से उनके चरणों में व्यक्त किया, उसके दुखों को उन्होंने जरूर हर लिया। जीवन में कभी बीपी, शुगर व हृदय संबंधी कोई रोग उनके दूर-दूर तक नहीं फटकीं क्योंकि उनकी जीवनचर्या और भोजन बेहद संयमित थे।

वे कहते थे कि व्यक्ति को विवेक और धैर्य सदैव जागृत रखने चाहिए। युवाओं के लिए उन्होंने कहा कि ऊंची उड़ान भरो किंतु पांव जमीन पर रखो। वृद्धावस्था के लोगों को एक संदेश उन्होंने दिया कि स्वयं से जुड़ो और दूसरों से बचो अर्थात परिवार में न्यूनतम हस्तक्षेप करो। उन्होंने कहा कि जवानी, धन, पद और विवेक इन चारों में से यदि किसी एक पर भी अंकुश नहीं रखा तो विनाश हो सकता है। यदि अपनी अहं भावनाओं को नियंत्रण रखोगे तो क्रोध स्वयं नियंत्रित हो जाएगा। एक पर्यावरण विशेषज्ञ की भांति वे समझाते थे कि वाहनों और फैक्ट्री में तेल की बढ़ती खपत और भोजन में मांसाहार की बढ़ती प्रवृत्ति के कारण वातावरण में विषैली गैसें यानी ग्रीनहाउस गैसों की मात्रा बढ़ती जा रही है जिससे विश्व में ग्लोबल वार्मिंग बढ़ रही है। इसे रोकना बहुत जरूरी है। राष्ट्रभक्ति, करुणा और समाजसेवा के विचार का बीजारोपण तो उनके बचपन में ही हो गया था।

## सूडोकु नवताल- 7241

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | | 4 | 1 | 7 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| 5 | 7 | 3 | 2 | | | | 4 | |
| | | | | 9 | 4 | 8 | | |
| 4 | | 7 | | | | 9 | | 6 |
| | | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | 3 | | | | 6 | 5 | 9 | 1 |
| | | 6 | | | | | | 7 |
| | | 9 | 1 | 8 | | 2 | | 4 |

Jagrutidhara.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7240 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 |

# बरवाडीह में होम वोटिंग अभियान की हुई शुरूआत अभियान के पहले दिन सात लोगों ने किया मतदान

संवाददाता

**लातेहार।** मनिका विधानसभा अंतर्गत बरवाडीह प्रखंड में मंगलवार से होम वोटिंग अभियान की शुरूआत की गई। वहीं होम वोटिंग अभियान के तहत पहला दिन कूल 7 मतदाताओं ने अपने घर से मतदान किया। होम वोटिंग करनेवाले इन मतदाताओं में 85 साल से अधिक के बुजुर्ग तथा 40 प्रतिशत बेंचमार्क से अधिक के दिव्यांग मतदाता शामिल हैं। वहीं बरवाडीह प्रखंड के निर्वाचन पदाधिकारी सह प्रखड़ विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज ने बताया कि होम वोटिंग करने वाले इन 7 लोगों में 85 वर्ष तथा उससे अधिक आयु के बुजुर्ग मतदाता शामिल हैं। उन्होंने बताया कि होम वोटिंग के लिए इच्छुक दोनों कोटि के लोग



प्रपत्र 12-डी में अपने बीएलओ को आवेदन करते हैं कि वह घर से मतदान करना चाहते हैं। इस प्रकार होम वोटिंग के इच्छुक और पात्र लोगों के घर पोलिंग टीमें जाकर उनका मतदान करवाती है। उन्होंने बताया कि होम वोटिंग टीम में पोलिंग ऑफिसर वन, पोलिंग ऑफिसर टू, माइक्रो आब्जर्वर, वीडियोग्राफर, पुलिस सुरक्षा के जवान और एक वाहन चालक शामिल होते हैं। सर्वप्रथम ये लोग होम वोटिंग चुननेवाले मतदाताओं के घर जाते हैं। मतदाता के लिए उनके घर में अस्थायी वोटिंग कंपार्टमेंट बना कर गुप्त मतदान कराया जाता है। मतदान के बाद बायें हाथ की तर्जनी उंगली में वैसे ही नीली स्याही (अमीट स्याही) लगायी जाती है, जैसे कि वास्तविक मतदान के समय मतदान केंद्र पर लगायी जाती है। वहीं मौके पर सेक्टर मजिस्ट्रेट राहुल कुमार, अंगद यादव, विजय कुमार के साथ बीएलओ बलराम सिंह मौजूद थे।

# भाजपा नेतृत्व से नाराज कार्यकर्ताओं ने दिया इस्तीफा

संवाददाता

**लातेहार।** महुआडांड मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं में आंतरिक असंतोष मंगलवार को चरम पर पहुंच गया, जब मंडल महामंत्री जमुना प्रसाद के नेतृत्व में दर्जनों पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। कार्यकर्ताओं ने अपनी नाराजगी का कारण पार्टी के नव-नियुक्त महुआडांड मंडल अध्यक्ष संजय जायसवाल के 'अप्रिय रवैये' को बताया। पदाधिकारियों का कहना है कि जायसवाल के व्यवहार ने संगठन में एकता बनाए रखने में मुश्किलें खड़ी कर दी हैं, जिससे



कार्यकर्ताओं में असंतोष फैल गया है। लातेहार भाजपा जिलाध्यक्ष पंकज सिंह को सौंपे गए इस सामूहिक इस्तीफे में उल्लेख किया गया कि संजय जायसवाल का रवैया कार्यकर्ताओं के हितों के अनुकूल नहीं है। इस्तीफा देने वालों ने आरोप लगाया कि मंडल अध्यक्ष बनने के बाद जायसवाल ने कार्यकर्ताओं के साथ उचित संवाद नहीं किया और संगठनात्मक गतिविधियों में भी सही प्रकार से समन्वय नहीं बन पाया, जिससे स्थानीय कार्यकर्ताओं का मनोबल गिरा है। इस्तीफा देने वालों में प्रमुख नाम मंडल महामंत्री जमुना प्रसाद के अलावा भाजपा जिला पदाधिकारी भानु प्रसाद, शत्रुधन प्रसाद, अजय प्रसाद, मंत्री संदीप कुमार, भाजयुमो जिला मीडिया प्रभारी आलोक कुमार, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष प्रकाश, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष सकील, मीडिया प्रभारी सतीश, और सदस्य बद्री, राकेश तथा ब्रज राज किशोर (बंटी) शामिल हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### नहाय-खाय के साथ छठ पूजा प्रारंभ



**मेदिनीनगर।** पलामू में छठ पूजा का पर्व कार्ति शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि से अष्टमी तिथि तक मनाया जाता है। मंगलवार से चार दिवसीय छठ महापर्व की शुरूआत हो चुकी है। आज के दिन छठव्रती नहाय-खाय एवं पूजा पाठ के साथ छठ पूजा की शुरूआत करतीं हैं। नहाय-खाय को छठ पूजा की शुरूआत का प्रतीक भी माना जाता है। इस दिन व्रत करने वाले व्यक्ति किसी पवित्र नदी या तालाब में स्नान करते हैं और प्रसाद के रूप में कच्चे चावल, चने और लौकी की सब्जी भोजन के तौर पर ग्रहण करते हैं। यह भोजन शुद्ध और पवित्र माना जाता है। इस दिन नमक वाला भोजन केवल एक बार ही किया जाता है। नहाय-खाय का सार पवित्रता से जुड़ा हुआ है, क्योंकि इस शुभ दिन पर व्रती खुद को शुद्ध करते हैं और सात्विक और पवित्र तरीके से छठ व्रत शुरू करते हैं। इधर छठ पर्व को लेकर बाजार में चहल-पहल बढ़ गई है। सूप दौरा से लेकर फल-फलाहार की मांग में तेजी देखी जा रही है। बाजार क्षेत्र के विभिन्न मंडियों में छठ पूजा की सामग्री से संबंधित अनेकों दुकानें सज चुकी है। जहां देर शाम तक खरीदारी का सिलसिला जारी है।छठ महापर्व 'नहाए-खाए' रस्म से आरंभ होता है। यह महापर्व माता सीता द्वारा प्रारंभ किया गया था, और महाभारत काल में अंग राज कर्ण ने भी इस व्रत का पालन किया था. इस पर्व में महिलाएं संतान की मंगलकामना के लिए 36 घंटे का निर्जल उपवास रखती हैं।

### नहाय खाय के साथ छठ पूजा की शुरुआत



**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी रीष्मा रमेशन अपने आवास पर पति अंजनी अंजन के साथ छठ महापर्व की शुरूआत पूरे विधि-विधान के साथ की। लोक आस्था के महापर्व छठ की शुरूआत आज नहाय खाय से हो गई है। यह पर्व मुख्य रूप से बिहार, झारखंड और पूर्वी यूपी में मनाया जाता है। लेकिन अब इसकी मान्यता और प्रसिद्धी देश के कोने-कोने में फैल गई है। छठ पूजा में अलग-अलग रंग देखने को मिलते हैं। पलामू एसपी बीते दो साल से छठ पर्व धूम से मना रही हैं। 5 साल पहले रिष्मा रमेशन की शादी झारखंड कैडर के आईपीएस और बिहार में पटना के रहने वाले अंजनी अंजन से हुई। इसके बाद से रिष्मा को भी झारखंड कैडर मिला। साल 2016 में अंजनी की मां के देहांत के बाद से घर में छठ की परंपरा बंद थी। जिसे रिष्मा रमेशन ने दो साल पहले फिर से शुरू किया। वर्तमान में रिष्मा रमेशन पलामू में एसपी हैं। इस वर्ष अपने पलामू आवास से छठ पूजा कर रही हैं। वहीं पहली बार लातेहार से उन्होंने छठ व्रत किया था। पलामू की पहली महिला एसपी रिष्मा रमेशन छठ पूजा कर रही हैं। उन्होंने नहाय खाय के साथ छठ पूजा की शुरूआत कर दी है।

### चैंबर आफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज के नेतृत्व में छठ व्रतियों के बीच छठ सामग्री का वितरण



**मेदिनीनगर।** पलामू चैंबर आफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज के नेतृत्व में छठ बरतियों के बीच छठ सामग्री का वितरण किया गया। मौके पर मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर मुख्य रूप से उपस्थित थीं। कोयल रिवर फ्रंट के गंगा आरती मंच पर हजारों छठ व्रतियों को सूप, नारियल, आम की लकड़ी, गुड एवं पूजा सामग्री वितरण की गई। इसके पूर्व प्रथम महापौर चैनपुर के महान क्लब द्वारा वितरित किए जा रहे पूजा सामग्री कार्यक्रम में जाकर प्रसाद वितरण करते हुए सभी व्रतियों से आशीर्वाद ली।

### आग की चपेट में आकर एक व्यक्ति घायल

**मेदिनीनगर।** गढ़वा जिला के कांडी थाना क्षेत्र के लमारी गांव निवासी प्रदीप मिश्रा उम्र 40 वर्ष वाहन मिस्त्री सोमवार की रात आग से जल कर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बारे में परिजनों ने बताया जाता है कि प्रदीप मिश्रा लमारी गांव अपने वाहन गैरेज में काम करने के लिए जेरनेटर स्टार्ट कर रहे थे। इसी बीच जेरनेटर से निकले आग की चपेट में आकर वह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए गढ़वा अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के बाद भी चिकित्सको ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया।

### मानसिक रोगी 16 वर्षीय युवती की मौत

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के नेउरा गांव निवासी नरेश प्रजापति की पुत्री मानसिक रोगी सबिता कुमारी उम्र 16 वर्ष की बीती रात मौत हो गई।इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया की सबिता कुमारी की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। सोमवार की रात अचानक वह गिरकर बेहोश हो गई। इसके बाद परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया है जहां इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई।वही मौत के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# अवैध शराब से भरी स्कॉर्पियो जब्त, तीन गिरफ्तार



संवाददाता

**गढ़वा।** जिले के पुलिस अधीक्षक को 4 नवंबर 2024 को सूचना मिली कि विंडमगंज से एक स्कॉर्पियो वाहन अवैध विदेशी शराब लेकर गढ़वा की ओर आ रही है। एसपी के निर्देश पर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बंशीधर नगर के नेतृत्व में एक गश्ती दल ने बिलासपुर चेक पोस्ट पर वाहन चेकिंग शुरू की। इस दौरान, विंडमगंज की ओर से तेजी से आ रही स्कॉर्पियो को पुलिस द्वारा रोके जाने पर चालक और दो अन्य व्यक्ति वाहन भगाने का प्रयास करने लगे, जिन्हें पुलिस बल ने तत्काल पकड़ लिया। पूछताछ में तीनों अभियुक्तों ने बताया कि वे एक संगठित गिरोह से जुड़े हैं, जो वाहनों को मॉडिफाइड करके अवैध विदेशी शराब की तस्करी करते हैं। स्कॉर्पियो के बीच की सीट के नीचे एक छुपा हुआ कंटेनर पाया गया, जिसमें 450 बोतल और 610 बोतल मिली। जब्त शराब की अनुमानित कीमत 1,29,744 रुपये आंकी गई है। गिरफ्तार आरोपी पवन कुमार (24) पिता स्व. भोला महतो, रजनीश कुमार ठाकुर (25) पिता मुकेश ठाकुर,कुणाल कुमार (19) पिता उपेंद्र पासवान तीनों निवासीः सोनपुर, थाना- सोनपुर, जिला- छपरा, सारण, बिहार है।

## छापेमारी अभियान में अवैध महुआ शराब व उपकरण को किया नष्ट

संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में विधानसभा चुनाव को लेकर पलामू एसपी एवम हुसैनाबाद अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी के निर्देश पर हुसैनाबाद पुलिस लगातार सर्च अभियान चला रही हैं। इसी क्रम में सोमवार को दंगवार ओपी प्रभारी सोनू कुमार गुप्ता एवं देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार के संयुक्त छापेमारी अभियान में सोन नदी के बीच डीला पर अभियान चलाया गया, जिसमें जमीन में बालू व झाड़ियों से कुल 10 हजार किलो जावा महुआ व 80 किलो गुड़, 9 सौ किलो कच्चा सूखा महुआ, 60 लीटर महुआ शराब तथा देशी महुआ शराब बनाने का कई उपकरण, शराब रखने की डब्बा व



15 भट्ठी सहित अन्य समाग्री को वही पर विनष्ट कर दिया गया। वही इस संबंध में पुलिस ने बताया कि लगातार यह अभियान जारी रहेगा।अवैध महुआ शराब बनाने और बेचने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## पुलिस ने अवैध हथियार के साथ एक आरोपी को किया गिरफ्तार



**गढ़वा।** भवनाथपुर थाना क्षेत्र के अरसली दक्षिणी स्थित लेवानगर टोला में सोमवार की रात पुलिस ने छापेमारी कर एक घर से अवैध देशी बंदूक और कारतूस बरामद करते हुए रूपनारायण भुइयां को गिरफ्तार किया। इस बारे में जानकारी मंगलवार को थाना परिसर में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान पुलिस निरीक्षक गुलाब सिंह ने दी।उन्होंने बताया कि गांव में वर्चस्व बनाए रखने के उद्देश्य से एक घर में अवैध हथियार छुपाकर रखे जाने की गुप्त सूचना मिली थी। इसके बाद वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर थाना प्रभारी रजनी रंजन के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन कर लेवानगर टोला में सर्च अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस ने एक 12 बोर का सिंगल बैरल देशी बंदूक, 12 बोर के 3 जिंदा कारतूस और 3 खाली खोखे बरामद किए। अभियुक्त रूपनारायण भुइयां को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में गढ़वा जेल भेज दिया गया। छापेमारी के दौरान एसआई प्रदीप कुमार, दिनेश कुमार सिंह, हवलदार सुभाष पूर्ति, पुटूल कुमार, और संजय कुमार तिवारी भी मौजूद रहे।

# ईंट भट्ठा पर काम करने गए मजदूर डायरिया से पीड़ित

संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के हरिहरगंज के समीप जहाना गांव के ट्रिपल एस ईंट भठ्ठा पर काम करने गए गढ़वा जिले के कई मजदूरों और उनके परिवार के सदस्य फूड प्वाइजनिंग के चलते डायरिया से पीड़ित हो गए। इनमें गढ़वा थाना क्षेत्र के लगमा, मेराल थाना क्षेत्र के अकलवानी, और रंका थाना क्षेत्र के अन्य गांवों के लोग शामिल हैं। इनमें से आठ लोगों को गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिनकी स्थिति फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। अस्पताल में भर्ती मरीजों में अकलवानी गांव के कामेश्वर भुइयां के पांच वर्षीय बेटे अरूण, 12 वर्षीय पंकज, 10 वर्षीय बेटी रेखा, 18 वर्षीय किरण, अजय भुइयां की पत्नी अमरावती देवी और 15 वर्षीय बेटी बबली, सोमारू भुइयां का नौ वर्षीय बेटा निरंजन, और लगमा गांव के योगेंद्र भुइयां शामिल हैं। सूत्रों के अनुसार, अकलवानी, लगमा और रंका क्षेत्र के मजदूर अपने परिवारों के साथ अक्टूबर के तीसरे सप्ताह में ट्रिपल एस ईंट भठ्ठा पर काम करने गए थे। शुक्रवार को मजदूरी मिलने के बाद सभी ने हरिहरगंज बाजार से सब्जी और अन्य सामान खरीदा और रात में खाना खाया। इसके बाद शनिवार अलसुबह से ही कई मजदूर और उनके परिवार के सदस्य उल्टी और दस्त से पीड़ित हो गए, जिनमें एक 20 वर्षीय मजदूर की मौत भी हो गई। हालात बिगड़ते देख गढ़वा जिले के मजदूर बीमार परिवारों को लेकर वापस लौटे और सदर अस्पताल में भर्ती कराए।

# हैट्रिक के लक्ष्य पर भाजपा प्रत्याशी रामचंद्र चंद्रवंशी, विकास और सुरक्षा के मुद्दे पर जनता से समर्थन की अपील

संवाददाता

**मेदिनीनगर।** बिश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र में चुनावी सरगर्मी चरम पर है और भाजपा प्रत्याशी, पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी ने इस बार तीसरी बार जीत हासिल करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। जनता के समर्थन से हैट्रिक बनाने के लिए चंद्रवंशी पूरे जोश के साथ जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। हाल ही में उन्होंने विश्रामपुर प्रखंड के तोलरा भंडार सहित आधा दर्जन गांवों का दौरा किया, जहां वे जनता से सीधे संवाद कर रहे हैं और भाजपा के पक्ष में समर्थन जुटा रहे हैं।

चंद्रवंशी ने क्षेत्र की जनता को संबोधित करते हुए 2024 के झारखंड विधानसभा चुनाव को ह्यरोटी, बेटी और माटी बचाने का चुनाव बताया। उन्होंने कहा



झारखंड में इस समय केवल भाजपा ही वह शक्ति है जो जनता के अधिकारों की रक्षा कर सकती है। सनातन धर्म और परंपराओं पर लगातार हमले हो रहे हैं, और मौजूदा सरकार के तुष्टीकरण की नीति ने धार्मिक स्वतंत्रता पर खतरा पैदा कर दिया है।

अगर हम जाति और धर्म के आधार पर बंटते रहे तो इसका परिणाम बेहद नुकसानदायक होगा। चंद्रवंशी ने हाल में दुर्गा पूजा के दौरान हुई हिंसात्मक घटनाओं का जिक्र करते हुए जनता को चेताया कि यदि राज्य में भाजपा सरकार नहीं बनी तो इस तरह की घटनाओं को नियंत्रित करना मुश्किल हो जाएगा।

उन्होंने कहा भाजपा एक ऐसी सरकार देने का वादा करती है जो सभी धार्मिक गतिविधियों की स्वतंत्रता सुनिश्चित करेगी और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाएगी, जिससे राज्य में हर नागरिक सुरक्षित महसूस कर सके।चंद्रवंशी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजनाओं का हवाला देते हुए कहा कि केंद्र सरकार गरीब कल्याण के लिए अनेक योजनाएं चला रही है, लेकिन झारखंड में हेमंत सोरेन सरकार ने उन योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुँचने नहीं दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि जल जीवन मिशन जैसी योजनाओं में भ्रष्टाचार के कारण गरीबों को प्यासा रखा गया है और जनता के पैसों का हेरफेर किया गया है।

भाजपा प्रत्याशी ने प्रदेश में डबल इंजन सरकार बनाने पर जोर देते हुए कहा अगर राज्य में भाजपा की सरकार बनती है, तो विकास कार्यों में गति आएगी और जनता को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का पूरा लाभ मिलेगा। हमें झारखंड को एक मजबूत और सशक्त राज्य बनाना है, और इसके लिए भाजपा का साथ देना आवश्यक है। अपने संबोधन के अंत में चंद्रवंशी ने जनता से अपील की कि वे भाजपा को एक मौका दें।

# आलोक कुमार ने किया चैनपुर प्रखंड के सैकड़ों गांवों में जन-संपर्क, मांगा आशीर्वाद

संवाददाता

**मेदिनीनगर।** चैनपुर आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा प्रत्याशी और वर्तमान विधायक आलोक कुमार ने चैनपुर प्रखंड के सैकड़ों गांवों में जन-संपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने जनता से अपने पिछले कार्यकाल के विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए समर्थन और आशीर्वाद की अपील की। ग्रामीण क्षेत्रों में गहरी पैठ बनाने के लिए आलोक कुमार ने घर-घर जाकर लोगों से मुलाकात की, उनकी समस्याओं को सुना और अपने भविष्य के विकास योजनाओं को साझा किया।जन-संपर्क अभियान के दौरान आलोक कुमार ने कहा हमने अपने कार्यकाल में क्षेत्र के समग्र विकास पर ध्यान केंद्रित किया है। हमारे प्रयासों का परिणाम है कि चैनपुर प्रखंड में सड़कें, बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाएं पहले से कहीं बेहतर स्थिति में हैं। हमने चैनपुर में कई



नई सड़क परियोजनाओं को मंजूरी दिलाई, जिससे ग्रामीणों को आने-जाने में सहूलियत हुई है। बिजली के कनेक्शन और सड़क-निर्माण में तेजी लाई गई है ताकि गांवों को शहर से जोड़ा जा सके।

आलोक कुमार ने अपने कार्यकाल के दौरान ग्रामीण विकास और महिलाओं के सशक्तिकरण को प्राथमिकता देने की बात कही। उन्होंने बताया कि महिलाओं के लिए रोजगार प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया गया, जिससे सैकड़ों महिलाएं आत्मनिर्भर बनीं। इसके अलावा, बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए भी कई योजनाएं चलाई गई हैं।जन-संपर्क के दौरान विधायक आलोक कुमार ने यह भी कहा कि उन्होंने युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने पर भी काम किया है।

कई छोटे उद्योगों को प्रोत्साहन दिया गया है, जिससे युवा स्वरोजगार की दिशा में प्रेरित हुए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि यदि उन्हें फिर से सेवा का अवसर मिला तो वे क्षेत्र में नई योजनाओं को लागू करेंगे जो जन-कल्याणकारी और समग्र विकास के लिए होंगी। ग्रामीणों ने विधायक आलोक कुमार का स्वागत करते हुए उन्हें समर्थन देने का भरोसा दिलाया। आलोक कुमार ने भी ग्रामीणों का आभार जताया और विश्वास दिलाया कि वे क्षेत्र की भलाई के लिए लगातार प्रयास करते रहेंगे। उन्होंने कहा हमारा लक्ष्य चैनपुर को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना है, जहां हर गांव में बुनियादी सुविधाएं हों और हर व्यक्ति की समस्याओं का समाधान हो। आपके समर्थन से हम इस सपने को साकार करेंगे। विधायक आलोक कुमार का जन-संपर्क अभियान एक उत्साहजनक माहौल में चला, जहां बड़ी संख्या में लोग उनके समर्थन में उमड़े। ग्रामीणों ने आलोक कुमार के कार्यों की सराहना की और आगामी चुनाव में उन्हें विजयी बनाने का संकल्प लिया।इस जन-संपर्क अभियान में विधायक आलोक कुमार के साथ भाजपा के कई वरिष्ठ कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। चुनावी माहौल के बीच आलोक कुमार का यह जन-संपर्क अभियान क्षेत्र में एक सकारात्मक संदेश देने में सफल रहा है।

# जनता जर्नादन के सहयोग से होगा विस क्षेत्र का बदलाव : रूचिर तिवारी



संवाददाता

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह विधायक उम्मीदवार रुचिर कुमार तिवारी ने सदर अंचल के सिंदुरिया , लहलहे, भोगू, खामडीह, चैनपुर अंचल के अवसाने, दुबा, चांदो, दोकरा शहीत दर्जनों गांव में जनसंपर्क अभियान कर चुनाव प्रचार को तेज किया वहीं ग्राम सिंदुरिया में आम सभा को संबोधित किया जिसमें श्री तिवारी ने कहा कि इस बार के विधानसभा चुनाव कम्युनिस्ट पार्टी जो लड़ रही है वह अंधेरा के खिलाफ प्रकाश की लड़ाई है धनबल के खिलाफ जनबल की लड़ाई है जिसको कम्युनिस्ट पार्टी मजबूती के साथ लड़ रही है पूर्व के सभी जनप्रतिनिधियों ने सिर्फ अपनी संपत्ति बढ़ाने का काम किया है क्षेत्र के विकास के लिए कोई काम नहीं किया और आज चुनाव आने पर यह लोग घड़ियाली आंसू बहा रहे हैं। जनता इस बार इन सभी लोगों को वोट के चोट से सबक सिखावे। मौके पर राज्य कार्यकारिणी सदस्य गणेश सिंह ने कहा कि इस बार क्षेत्र के विकास के लिए रुचिर तिवारी को चुने और भ्रष्टाचार को खत्म करें। उमेश सिंह चेरो ने कहा कि जात-पात से ऊपर उठकर सभी समाज एकजुट होकर सबका साथी सबका भाई रुचिर तिवारी सीपीआई को चुने। मौके पर करीमन पासवान ने कहा कि गरीब मजदूरों का चुनाव चिन्ह हसिंया बाल छाप पर बटन दबाकर रूचिर कुमार तिवारी को जिताएं। मौके पर आयुष पांडे, ओमकार पांडे, रंजन, प्रिंस, अविनाश, टुनु, राहुल, आर्यन पांडे, रितेश सहित कई लोग थे।

# संक्षिप्त खबरें

## पिता-पुत्री का एक ही रस्सी से लटका हुआ शव बरामद

**कोलकाता।** पत्नी पहले ही छोड़ कर जा चुकी है । पिता अपनी नाबालिग बेटी के साथ अकेले रहता था। जलपाईगुड़ी के धूपगुड़ी स्थित घर से पिता-पुत्री का एक ही रस्सी से लटका हुआ शव बरामद किया गया। इस घटना से पड़ोसी सदमे में है। आत्महत्या या हत्या, पुलिस जांच कर रही है। धुपगुड़ी थाने और डौकीमारी चौकी के पुलिस अधिकारियों ने दोनों शवों को बरामद किया और उन्हें पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। यह घटना धुपगुड़ी उपमंडल के उत्तरी खट्टीमारी के थांगकाली गांव में घटी। मंगलवार की सुबह पड़ोसियों ने घर के अंदर पिता-पुत्री को एक ही रस्सी से लटका हुआ देखा। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना डौकीमारी चौकी के पुलिस कर्मियों को दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। दो शवों को बरामद कर धूपगुड़ी उपमंडल अस्पताल लिया गया। वहां प्रारंभिक स्वास्थ्य जांच के बाद डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए जलपाईगुड़ी के जिला अस्पतालों में भेज दिया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार मृतक बादल राय की उम्र 41 वर्ष है। लड़की 14 साल की है। परिवार के अन्य सदस्यों ने दावा किया कि बादल थंगकाली गांव के उस घर में अपनी बेटी के साथ अकेले रहते थे। यह सुनकर भाई भाग गया। अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि बादल ने अपनी बेटी के साथ आत्महत्या की है या किसी ने उनकी हत्या कर उनके शवों को ऐसे ही रस्सी पर लटका दिया है। पुलिस ने कहा कि इसका जवाब पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मिलेगा।

## दो दिवसीय प्रतिरक्षा अस्त्र और सरंजाम प्रदर्शनी शुरू हुई

**कोलकाता।** कोलकाता में दो दिवसीय प्रतिरक्षा अस्त्र और सरंजाम प्रदर्शनी शुरू हो गई है। दो दिवसीय प्रतिरक्षा अस्त्र और सरंजाम प्रदर्शनी ईस्ट टेक २०२४, 5 और 6 नवंबर को विश्वबांग्ला मेला परिसर में आयोजित की जा रही है। इस प्रदर्शनी के माध्यम से, स्टार्टअप से लेकर भारत की प्रतिरक्षा सरंजाम निमार्ता कंपनियां प्रतिरक्षा क्षेत्र में अपनी प्रगति को उजागर करेंगी, जिससे भारतीय सेना को भारतीय तकनीक से बने उपकरणों की पहचान करने में मदद मिलेगी। यह प्रदर्शनी सोसायटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग और भारतीय सेना की एक संयुक्त पहल है। उद्घाटन समारोह में मंत्री अरूप विश्वास, कमांडर ईस्टर्न लेफ्टिनेंट जनरल रामचंदर तिवारी, जनरल उपेन्द्र द्विवेदी, सेनाध्यक्ष, राजिंदर सिंह भाटिया, अध्यक्ष, एसआईडीएम, संदीप कुमार, प्रबंध निदेशक, टाटा स्टील डाउनस्ट्रीम प्रोडक्ट्स उपस्थित थे। 'रक्षा आत्मनिर्भरता' परियोजना प्रतिरक्षा क्षेत्र से जुड़े लोगों के बीच भारतीय निमार्ताओं द्वारा किए गए हार्डवेयर समाधानों और नवाचारों के बारे में जागरूकता बढ़ाने में मदद करेगी। दो दिवसीय प्रतिरक्षा अस्त्र और सरंजाम प्रदर्शनी प्रतिरक्षा उद्योग स्टार्ट-अप, बड़ी कंपनियों और अनुसंधान संस्थानों के बीच सहयोग बढ़ाने के लिए एक आदर्श स्थान होगी। ईस्ट टेक 2024 'आत्मनिर्भर भारत' के दृष्टिकोण के अनुरूप है और पूर्वी कमान के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने में मदद करेगा।

## प्रशासन ने छठ घाट का किया निरीक्षण

**कोलकाता।** दीपावली पर्व के समाप्त होने के बाद अब स्थानीय प्रशासन महापर्व छठ के तैयारी में लग गया है। संवेदनशील छठ घाट का प्रशासन ने बारीकी से निरीक्षण किया। इसी क्रम में राजगंज ब्लॉक के बिन्नागुड़ी ग्राम पंचायत अंतर्गत छठ घाट के निरीक्षण पर स्थानीय प्रशासन पहुंचे। प्रशासन ने कृष्णनगर कॉलोनी के साहू नदी के छठ घाट का साफ सफाई, अर्घ्य देने की जगह, छठ व्रतियों के आने जाने के रास्ते सहित अन्य मूल बातों की जानकारी ली गई। निरीक्षण के क्रम में सिलीगुड़ी पुलिस कमिश्नरेट के एसीपी सोमनाथ दास, आमबाड़ी चौकी के प्रभारी हिरुकांति सरकार समेत अन्य पुलिस अधिकारियों ने आयोजकताओं से बातचीत कर वहां की स्थिति का जायजा लिया। एसीपी सोमनाथ दास ने कहा कि महापर्व पर क्षेत्र में विधि व्यवस्था चुस्त दुरुस्त होगा। छठ व्रतियों को किसी प्रकार का परेशानी नहीं हो इसका ध्यान रखा जाएगा। वहीं, पूजा कमेटी के सदस्य चंदन विश्वास ने कहा कि आमबाड़ी चौकी की पुलिस ने कृष्णनगर कॉलोनी के छठ घाट का जायजा लिया। प्रशासन ने पूजा से संबंधित जानकारी के साथ-साथ सरकारी निदेशों की नियमों की जानकारी दी।

## मिलन मेला में आयोजित हुआ ईस्ट टेक 2024 : आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते कदम

**कोलकाता।** कोलकाता के विश्व बांग्ला मिलन मेला में मंगलवार को ईस्ट टेक 2024 का उद्घाटन समारोह आयोजित हुआ। यहां देशी तकनीक के माध्यम से सैन्य उत्कृष्टता में आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्त्वपूर्ण कदमों पर जोर दिया गया। इस समारोह का उद्घाटन पश्चिम बंगाल सरकार के मंत्री अरूप बिस्वास ने किया। उन्होंने फिता काटकर मेले का शुभारंभ किया और विभिन्न प्रदर्शनी स्टॉल का दौरा किया। इस कार्यक्रम में भारतीय सेना के पूर्वी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जीओसी इन सी) लेफ्टिनेंट जनरल आर.सी. तिवारी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि पूर्वी कमान विभिन्न चुनौतियों का सामना कर देश की सुरक्षा सुनिश्चित करती है। हमारे सैनिकों के लिए आधुनिक तकनीक से सुसज्जित हथियार और उपकरण आवश्यक हैं। इस मेले में 140 से अधिक रक्षा निमार्ता कंपनियां अपने उत्पादों का प्रदर्शन कर रही हैं, जो सेना की आवश्यकताओं के अनुसार सामग्री तैयार करने में सहायता करेंगी।

### मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन अबुल कलाम आजाद स्मृति स्मारक पार्क का किया निरीक्षण

# 11 नवम्बर के पूर्व पार्क का निर्माण पूर्ण करें : मुख्यमंत्री

एजेंसी

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नेहरू पथ स्थित निमार्णाधीन भारत रत्न मौलाना अबुल कलाम आजाद स्मृति स्मारक पार्क का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने निर्माण कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि भारत रत्न मौलाना अबुल कलाम आजाद साहब की जयंती 11 नवम्बर के पूर्व इस पार्क का निर्माण पूर्ण करें। पार्क के शिलापट्ट पर भारत रत्न मौलाना अबुल कलाम आजाद साहब के देश की आजादी में योगदान, उनके व्यक्तित्व तथा कृतित्व के बारे में अंकित करायें



ताकि लोगों को जानकारी मिल सके। इस पार्क के पीछे के रास्ते को भी ठीक करायें ताकि यहां आनेवाले लोगों को परेशानी नहीं हो। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने नेहरू पार्क का भी निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इसके पूर्व हार्डिंग रोड स्थित भगवान बिरसा मुंडा प्रतिमा स्थल का भी मुख्यमंत्री ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के पश्चात पत्रकारों से बात करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि निमार्णाधीन भारत रत्न मौलाना अबुल कलाम आजाद स्मृति स्मारक पार्क का निरीक्षण करने यहां आये हैं। मौलाना अबुल कलाम आजाद साहब के व्यक्तित्व और कृतित्व को लेकर हमलोगों ने काफी काम किया है। उनकी प्रतिमा यहां लगायी जायेगी। लोग यहां आकर उनके बारे में भी जानेंगे। शिक्षा के क्षेत्र में उनका बहुत बड़ा योगदान है। 11 नवम्बर को उनके जन्मदिवस के अवसर पर हमलोगों ने बिहार में शिक्षा दिवस मनाने की शुरूआत की। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी डॉ गोपाल सिंह, पटना के जिलाधिकारी डॉ चन्द्रशेखर सिंह, पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा सहित अन्य वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## छठ पूजा : नहाय-खाय के दिन गंगा घाटों पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में छठ महापर्व की शुरूआत आज मंगलवार को नहाय-खाय के साथ हो गई है। यहां हजारों श्रद्धालु कोलकाता, हावड़ा, हुगली, उत्तर और दक्षिण 24 परगना के गंगा घाटों पर स्नान करने पहुंचे हैं। इस दिन श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान किया है, जिसके बाद लौकी भात खाकर 36 घंटे के निर्जला उपवास की शुरूआत करेंगे। इस दौरान, कोलकाता नगर निगम ने घाटों पर साफ-सफाई, लाइट, और माइकिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की है। पुलिस द्वारा घाटों और सड़कों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई, जिसमें रिवर पेट्रोलिंग टीम गंगा में गश्त करती रही ताकि किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके। राजधानी के साथ-साथ पूरे बंगाल में हिंदी भाषी क्षेत्रों



में रोशनी और सजावट की गई है, और स्थानीय क्लबों तथा लोगों ने मिलकर छठ व्रतियों के लिए विशेष प्रबंध किए हैं। छठ महापर्व मुख्य रूप से सूर्य देवता और उनकी पत्नी उषा को समर्पित है, जिसमें व्रती महिलाएं 36 घंटे से अधिक समय तक निर्जला व्रत रखती हैं। बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश के साथ-साथ नेपाल के तराई क्षेत्र और विदेशों में भी यह पर्व अत्यधिक श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जाता है। आज लौकी-भात से शुरूआत के बाद कल खरना है।

## बीएसएफ ने मुर्शिदाबाद सीमा पर 37.51 लाख रुपये के सोने के साथ तस्कर को दबोचा

एजेंसी

**कोलकाता।** बीएसएफ दक्षिण बंगाल सीमांत की 146वीं बटालियन के सीमा चौकी फरजीपाड़ा के जवानों ने सतर्कता दिखाते हुए मुर्शिदाबाद जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा पर एक भारतीय तस्कर को गिरफ्तार किया। यह तस्कर बांग्लादेश से भारत में चप्पल में छिपाकर सोने की तस्करी कर रहा था। जब्त किए गए सोने का वजन 466.50 ग्राम है, जिसकी अनुमानित कीमत 37.51 लाख रुपये है।

बीएसएफ ने मंगलवार सुबह बताया कि विश्वसनीय सूत्रों से सूचना मिली कि फरजीपाड़ा सीमा चौकी क्षेत्र में एक संदिग्ध व्यक्ति सुबह की ड्यूटी के दौरान सोने की तस्करी करने का प्रयास करेगा। इस जानकारी पर कार्रवाई करते हुए कम्पनी कमांडर ने जवानों को अलर्ट किया। सुबह करीब 11:10 बजे एक संदिग्ध व्यक्ति मोटरसाइकिल से सीमा तलाशी बिंदु पर पहुंचा। उसकी पहचान होने पर, जवानों ने तुरंत उसे हिरासत में ले लिया। तलाशी के



दौरान उसकी चप्पल से चार सोने के बिस्कुट बरामद किए गए। पकड़े गए व्यक्ति को जब्त सोने के साथ आगे की कार्रवाई के लिए सीमा चौकी चरभद्रा बेस लाया गया। पूछताछ में तस्कर ने बताया कि वह पिछले कुछ दिनों से सोने की तस्करी में संलिप्त था। उसे यह सोना दो बांग्लादेशी तस्करों से मिला था, जिन्होंने उसे बीएसएफ की डोमिनेशन रेखा पार कर फरजीपाड़ा गांव तक सोने की खेप पहुंचाने का निर्देश दिया था। सोने की हर बिस्कुट के लिए उसे 500 रुपये मिलने थे, लेकिन सतर्क जवानों ने उसे पहले ही पकड़ लिया। बीएसएफ ने गिरफ्तार व्यक्ति और जब्त सोने को सीमा शुल्क विभाग जालंगी के हवाले कर दिया है। बीएसएफ दक्षिण बंगाल सीमांत के जनसंपर्क अधिकारी निलोप्तल कुमार पांडे, डीआईजी ने जवानों के इस प्रयास की सराहना की और सीमावर्ती निवासियों से तस्करी से जुड़ी किसी भी जानकारी बीएसएफ की हेल्पलाइन 14419 या व्हाट्सएप नंबर 9903472227 पर साझा करने की अपील की। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सूचना देने वालों की पहचान गोपनीय रखी जाएगी और उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा।

## महापर्व छठ को लेकर डीएम व एसपी ने जारी किया संयुक्त आदेश

एजेंसी

**पूर्वी चंपारण।** लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व छठ को शांति पूर्वक संपन्न कराने को लेकर डीएम सौरभ जोरवाल व एसपी स्वर्ण प्रभात ने संयुक्तादेश जारी किया है। छठ पूजा 05 नवम्बर को नहाय खाय के साथ प्रारंभ होकर 08 नवम्बर को उदयीमान भगवान भास्कर को अर्घ्य के साथ संपन्न होगा।इसको लेकर प्रमुख छठ घाटों व भीड़भाड़ वाले स्थानो पर कड़ी निगरानी रखी जायेगी।जिले के 711 स्थानो पर दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। जिसमे मोतिहारी अनुमंडल में 257, पकड़ीदयाल अनुमंडल में 90, अरेराज अनुमंडल में 76, चकिया अनुमंडल में 69, सिकरहना अनुमंडल में 172 व रक्सौल अनुमंडल में 47 स्थान पर दंडाधिकारी व पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति की गई है।इसके साथ ही जिला स्तर पर 24 घंटा कंट्रोल रूम कार्यरत रहेगा।जिसका नंबर 06252- 242418 है। डीएम व



एसपी ने जिलावासियों से लोक आस्था के इस महापर्व को शांतिपूर्ण व सौहार्द के साथ मनाने की अपील करते कहा है,कि पर्व के अवसर पर असामाजिक तत्वों, गुण्डा तत्वों एवं साम्प्रदायिक तत्वों के विरूद्ध पूर्व में ही निरोधात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। सभी थानाध्यक्ष, ओ.पी. अध्यक्ष ऐसे तत्वों के विरूद्ध दण्ड प्रक्रिया संहिता के अन्तर्गत कार्रवाई करेंगे। भीड़ भाड़ में अफवाह के कारण भीड़ के अनियंत्रित होने कि किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए पूर्व तैयारी करने का निर्देश दिया गया है। रोशनी की समुचित व्यवस्था, आवागमन के लिए अतिरिक्त सुरक्षित रास्ते एवं ध्वनि विस्तारक यंत्र से समय-समय पर सूचनाओं का प्रसारण कराने का भी निर्देश दिया गया है।जिसका अनुपालन एसडीएम व डीएसपी स्तर पर की जायेगी।आदेश में सभी महत्वपूर्ण छठ घाटों पर वाच टावर एवं सी.सी.टी.वी. कैमरा लगाने के साथ ही वीडियोग्राफर की प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिया गया है। घाटों व पूजा स्थलों पर पटाखा छोड़ने पर प्रतिबंध है। इसके लिए ध्वनि विस्तारक यंत्र से लगातार अपील करने का निर्देश दिया गया है।इसके साथ ही मोतिहारी अनुमंडल क्षेत्र में 10, सिकरहना अनुमंडल क्षेत्र में 03, चकिया अनुमंडल क्षेत्र में 02, पकड़ीदयाल अनुमंडल क्षेत्र में 02, अरेराज अनुमंडल क्षेत्र में 02 तथा रक्सौल अनुमंडल क्षेत्र में 03 स्थान सहित कुल 22 जगहों पर अतिरिक्त नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गयी है।इसके अतिरिक्त आदेश में सिविल सर्जन को निर्देश दिया गया है,कि छठ पर्व के दौरान जिला नियंत्रण कक्ष के साथ-साथ सभी प्रमुख छठ घाटों पर वे अपने स्तर से एक एम्बुलेंस व आवश्यक दवाओ के साथ मेडिकल टीम की प्रतिनियुक्ति करें।

## शराब पिएंगे, 800 रूपए दो, दीदी नहीं मानी तो भाई ने जला दिया घर

**कोलकाता। शराब पीने के लिए भाई को 800 रूपए चाहिए था। जब दीदी नहीं मानी तो उसने दीदी के घर में आग लगा दी और भतीजी के पति को भी पीटा। घटना पूर्वी मेदिनीपुर के मैना ब्लॉक के हरिदासपुर गांव की है। गोकुल माझी ने कथित तौर पर अपनी बहन और दामाद के घर में आग लगा दी। गोकुल की बहन का नाम कनकावती खानरा है, दामाद का नाम प्रताप खानरा है। भाईफोंटा की दावत पर प्रताप खानरा की उनके घर आये थे। गोकुल मामा उनके सामने आठ सौ रुपये मांगते थे। जब गोकुल की बहन ने पैसे देने से इनकार कर दिया तो वह गाली-गलौज कर पैसे मांगने लगी। बेटी जमाई ये सब रोकने जाती है। इसके विपरीत, मामा गोकुल ने उनसे उनकी माँ की ओर से 800 रूपए देने को कहा। उन्होंने पैसे देने से इनकार कर दिया तो गोकुल मांझी गुस्से में आ गया और उसे पीटना शुरू कर दिया।**

**आरोप है कि गोकुल माझी ने सभी की अनुपस्थिति में दीदी के घर में आग लगा दी। पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी।**

## केंद्रीय कारा मुजफ्फरपुर में महापर्व छठ करेंगे 96 बंदी

एजेंसी

**पटना।** बिहार के मुजफ्फरपुर खुदीराम बोस केंद्रीय कारा में 96 बंदी महापर्व छठ कर रहे हैं । इनमें 47 महिला के साथ-साथ 49 पुरुष भी लोक आस्था का महापर्व छठ कर रहे हैं । सबसे बड़ी बात यह है कि इस महापर्व को जेल में बंद तीन मुस्लिम के साथ-साथ एक सिख धर्म के मानने वाले बंदी भी कर रहे है। केंद्रीय कारा में महिलाओं से अधिक इस बार पुरुष बंदी हैं जो लोक आस्था का महापर्व छठ कर रहे हैं। छठ पूजा की तैयारी जेल प्रशासन द्वारा इस कदर की जाती है कि जेल में बंद बंदियों को यह एहसास नहीं होता कि वह घर में है या फिर अपनी गुनाहों की सजा काट रहे है। जेल प्रशासन जेल के अंदर तालाब को चारों तरफ से रंग रोगन करने के साथ-साथ पेंटिंग भी कराता है। इतना ही नहीं छठ व्रत करने वाले लोगों के लिए नए वस्त्र से लेकर पूजा पाठ करने का सारा सामान विधिवत रूप से जेल प्रशासन उपलब्ध कराता है। जेल अधीक्षक बृजेश सिंह मेहता ने हि.स. से बातचीत में बताया कि इस बार जेल के अंदर महिलाओं से अधिक पुरुष बंदी लोक आस्था का महापर्व छठ कर रहे हैं। इसमें तीन मुस्लिम और एक सिख धर्म के मानने वाले भी शामिल है। आज नहाए-खाए के साथ अनुष्ठान की शुरूआत हो गई है। सभी छठ व्रत करने वाले बंदी को नए कपड़े के साथ-साथ सभी पूजा में उपयोग होने वाली सुविधाएं मुहैया जेल प्रशासन करा देगी। साफ सफाई से लेकर पूरी तैयारी हो गई है । लोक आस्था का महापर्व जब जेल के अंदर होता है तो यह मनोरम दृश्य होता है। इस आस्था के महापर्व छठ का जेल के अंदर इतनी हर्षोल्लास से होना अपने आप में अदुतिय लगता है।

## झारखंड में बीजेपी सत्ता में आ रही है, जितेन माझी की पार्टी हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा बांग्ला में सदस्यता शुरू की

संवाददाता

**कोलकाता।** भारतीय जनता पार्टी एनडीए गठबंधन सहयोगियों के साथ तीसरी बार सत्ता में आ रही है। एनडीए सहयोगियों में जितेन राम मांझी की पार्टी 'हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (सेक्युलर)' शामिल है। 2015 में जितेन राम मांझी ने जनता दल यूनाइटेड से निकलकर हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा की स्थापना की। उनकी पार्टी का बिहार में राजनीतिक विस्तार हो चुका है। इस बार वे बंगाल में अपना प्रभाव बढ़ाने के लिए सदस्यता ग्रहण करने सुरु किये।

कोलकाता में इस सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल प्रदेश अध्यक्ष और अखिल भारतीय प्रवक्ता शतद्रु रॉय ने कहा कि उनकी पार्टी सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों से जुड़े लोगों के कल्याण के लिए काम करेगी। अगले दो माह में केंद्रीय मंत्री जितेन राम मांझी से मिलकर राज्य के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम से



जुड़ी जनता की समस्याओं से अवगत कराएँगे।

वर्तमान में, एनडीए सरकार के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय की मंत्रिस्तरीय टीम ने पश्चिम बंगाल में पिछले विधानसभा चुनाव में छह सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे। उन्होंने यहां तक कहा कि वह भवानीपुर उपचुनाव में ममता बनर्जी के खिलाफ उम्मीदवार के तौर पर लड़े थे।

विपक्षी नेताओं ने राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल के खिलाफ छोटे दलों से एकजुट होने का आह्वान किया है। इस संबंध में शतद्रुबाबू ने कहा, साथ मिलकर लड़ने के लिए मैं उनसे कई बार मिल चुका हूं। हमारी लड़ाई वामपंथियों ने जिस तरह से अल्पसंख्यक तुष्टिकरण को बढ़ावा दिया है, उसके खिलाफ है। इस दिन राज्य कार्यकारी अध्यक्ष पार्थ दे, महिला नेत्री परमिता मजूमदार और राज्य महासचिव लतीफ मंडल उपस्थित थे।

# लकी लक्ष्मी फेस्टिवल में पहला पुरस्कार विजेता घोषित

संवाददाता

**कोलकाता।** ऑल इंडिया जेम एंड ज्वैलरी डोमेस्टिक काउंसिल ने कोलकाता में गेट ब्लेस्ड, बी लकी थीम पर आधारित लकी लक्ष्मी फेस्टिवल के अगले अध्याय के शुरूआत की घोषणा की है। इस वर्ष का यह उत्सव 22 अक्टूबर को दिल्ली में शुरू हुआ था और 9 दिसंबर 2024 तक चलेगा, जो समृद्धि और सौभाग्य का उत्सव अपने सभी नए दर्शकों के लिए लेकर आया है। इस विशेष अवसर पर, फेस्टिवल के पहले भाग्यशाली विजेता की घोषणा आज एक विशेष प्रेस कॉन्फ्रेंस में की गई। इस फेस्टिवल ने कोलकाता के प्रमुख स्थलों पर ज्वैलर्स को उपभोक्ताओं से जुड़ने का एक अद्भुत मंच प्रदान किया



है, जिससे उन्हें एक नया अनुभव मिला है। 10 करोड़ तक के पुरस्कार जीतने के साथ ही यहां आने वाले लोग आधुनिकता और परंपरा के संगम से सजी हुई सुंदर ज्वैलरी डिजाइनों का भी आनंद ले सकते हैं और अपनी हर विजिट को यादगार बनाने वाली कई प्रतियोगिताओं और गतिविधियों का हिस्सा बन सकते हैं। फेस्टिवल का हिस्सा बनने वाले विजिटर्स को सुनिश्चित उपहारों के साथ-साथ साप्ताहिक, विशेष और बंपर पुरस्कार जीतने के कई मौके मिलते हैं। इतना ही नहीं कोलकाता में हो रहे इस इवेंट ने स्थानीय लोगों का बहुत ध्यान खींचा है, जिसमें के प्रतिनिधियों ने फेस्टिवल की नई विशेषताओं और भारतीय ज्वैलरी इंडस्ट्री पर इसके प्रभाव को उजागर किया।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में, चेयरमैन सैयम मेहरा ने कहा, हम कोलकाता में लकी लक्ष्मी फेस्टिवल का आयोजन करके बेहद खुश हैं। दिल्ली में मिली शानदार प्रतिक्रिया ने हमें यहां उत्सव को और भी बड़े स्तर पर लाने के लिए प्रेरित किया है और हम ग्राहकों और ज्वैलर्स के लिए एक यादगार अनुभव देने के लिए तत्पर हैं। लकी लक्ष्मी फेस्टिवल के संयोजक कमल सिंघानिया ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, इस साल का यह फेस्टिवल पुरस्कारों की एक शानदार श्रंखला पेश कर रहा है, जिससे प्रतिभागियों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। आज हमारे पहले साप्ताहिक लकी ड्रा के विजेताओं की घोषणा से लोगों का उत्साह और भी बढ़ गया है और हम उम्मीद करते हैं कि यह उत्सव सभी के लिए समृद्धि लेकर आएगा। लकी लक्ष्मी के सह-संयोजक मनोज झा ने फेस्टिवल के महत्व को बताते हुए कहा, लकी लक्ष्मी फेस्टिवल ज्वैलरी इंडस्ट्री में साझा सफलता का प्रतीक है, जो विभिन्न पृष्ठभूमि के ज्वैलर्स को एक मंच पर लाकर नए दर्शकों तक पहुँचने और सकारात्मक बदलाव लाने में सहायक है। हम उम्मीद करते हैं कि इस पहल के माध्यम से बिक्री में वृद्धि और जेन का अधिक जुड़ाव देखने को मिलेगा। इस इंडस्ट्री का योगदान में महत्वपूर्ण है और यह रोजगार के अवसर को भी सृजित करता है। हम कोलकाता में दिख रहे उत्साह को देखकर बेहद खुश हैं। पूर्वी क्षेत्र के जोनल चेयरमैन सुनील पोद्दार ने फेस्टिवल के आकर्षण पर प्रकाश डालते हुए कहा, यह एक अद्भुत पहल है जो रचनात्मकता और सामुदायिक भावनाओं को बढ़ावा देती है। हम इस जीवंत उत्सव को कोलकाता में लाकर गर्व महसूस कर रहे हैं, जो न केवल हमारे ज्वैलर्स की प्रतिभा को प्रदर्शित करता है, बल्कि ग्राहकों के खरीदारी अनुभव को भी समृद्ध बनाता है। कोलकाता में लकी लक्ष्मी फेस्टिवल का सिलसिला जारी है, जो उत्साह, खुशियाँ और विजेताओं को एक साथ ला रहा है और अभी भी कई पुरस्कार विजेता इस कड़ी में शामिल होने हैं।

## जूनियर डॉक्टरों के बीच विवाद, 'दुष्कर्मी के समर्थन' का आरोप

एजेंसी

**कोलकाता ।** पश्चिम बंगाल के जूनियर डॉक्टरों के दो संगठनों, पश्चिम बंगाल जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन और जूनियर डॉक्टर्स फ्रंट के बीच आरजी कर अस्पताल में चिकित्सक की दुष्कर्म और हत्या मामले को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। इस मामले में एक संगठन पर दुष्कर्मी का समर्थन करने का आरोप लगाते हुए दोनों के बीच तीखी बयानबाजी शुरू हो गई है। जूनियर डॉक्टर्स फ्रंट के प्रमुख किंजल नंद ने इस मामले में सवाल उठाया कि आरोपित को कौन फंसा रहा है? क्यों फंसा रहा है? इसका उद्देश्य क्या है? किञ्जल का कहना है कि केन्द्रीय जांच ब्यूरो को इस मामले में पारदर्शिता बरतनी चाहिए।

इस पर प्रतिक्रिया देते हुए पश्चिम बंगाल जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन ने अपने सोशल मीडिया पेज से एक वीडियो संदेश जारी किया। एसोसिएशन के नेता अतनु विश्वास ने कहा, आरजी कर अस्पताल की घटना में जिस व्यक्ति को दोषी ठहराया गया है, वह अदालत में यह दावा कर रहा है कि उसे फंसाया गया है। इसके बावजूद जूनियर डॉक्टर्स फ्रंट के नेता किंजल नंद इस मुद्दे पर सवाल उठा रहे हैं कि इसे फंसाया क्यों गया और किसने फंसाया। हम उनसे पूछना चाहते हैं कि आप जनता को किस ओर ले जा रहे हैं? क्या ये दुष्कर्मी के समर्थन का संकेत नहीं है?

## नहाय खाय के साथ लोक आस्था का चार दिवसीय छठ महापर्व की हुई शुरूआत

# छठ गीतों से गूंजने लगा शहर, खरना पूजा आज

संवाददाता

**गिद्दी।** कोयलांचल एवं ग्रामीण इलाकों में हिन्दुओं का चार दिवसीय महान पर्व छठ पूजा नहाय खाय से शुरू हो गया। जो शुक्रवार को भगवान उदियमान के अर्ध्य के साथ समाप्त होगा। गिद्दी ए, गिद्दी सी, रेलीगढ़ा, गिद्दी वाशरी कॉलोनी, सिरका, अरगड्डा,डाडी, कनकी, होसिर, रिकवा, हेसालोंग, चुंबा आदि क्षेत्रों में छठ महापर्व को लेकर छठ घाट तक व्रतियों के आने जाने वाले रास्ते की साफ-सफाई का कार्य जोरशोर से चल रहा है। छठ महापर्व को लेकर पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। और छठ गीतों



से पूरा क्षेत्र गूंज रहा है। श्रद्धा भक्ति आस्था का महापर्व छठ के पहले दिन व्रतियों द्वारा अरवा चावल का भात और चना व कद्दू का दाल के खाकर छठ का व्रत की शुरूआत की गई। वहीं दूसरे दिन बुधवार को छठव्रती नियम पूर्वक खरना करेंगी। इस दौरान छठव्रति दिनभर निर्जला उपवास रख शाम में गाय के दूध में शुद्ध रूप से खीर का प्रसाद तैयार कर और विधि विधान से पूजा-अर्चना के बाद खीर के प्रसाद और रोटी का भोग लगाएंगी। खरना के पश्चात भक्तों के बीच खरना के प्रसाद का वितरण किया जायेगा। साथ ही कार्तिक छठ पर्व के तीसरे दिन गुरूवार को दिन-रात छठव्रती निर्जला उपवास पर रहेंगी। और अपराह्न में सूप दउरा में फल-फूल पूजा सामग्रियों को सजाकर छठ घाटों पर पहुंच छठव्रतियों द्वारा अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को प्रथम अर्घ्य अर्पित किया जाएगा। तत्पश्चात छठ महापर्व के चौथे और अंतिम दिन शुक्रवार को तड़के सुबह पुनः सूर्य भगवान के उदय होने के पूर्व छठ घाटों पर पहुंचेंगे और उदयीमान भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगे। तब हवनादी कर अपने व्रत को पूरा करेंगी। छठ मईया से व्रतियों और भक्तों द्वारा क्षेत्र और अपने परिवार कीहरियाली-खुशहाली और सुख-समृद्धि की कामना करते हुए उपस्थित स्वजनों और घाट पर पहुंचे श्रद्धालुओं को ठेकूवा आदि का प्रसाद का भक्तिभाव से वितरण किया जाता है। समाजसेवीयों द्वारा छठ घाटों सहित तमाम रास्तों की सफाई कर सजाया जाता है। जिससे व्रतियों को छठ घाट से आने जाने में परेशानियों का सामना न करना पड़े।

# पीयूष शुक्ला ने एमसीएमसी कोषांग का किया औचक निरीक्षण

संवाददाता

**रामगढ़।** आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर चुनाव प्रक्रिया को स्वच्छ एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न करने के उद्देश्य से मंगलवार को व्यय प्रेक्षक 23 रामगढ़ पीयूष शुक्ला ने समाहरणालय परिसर स्थित सूचना भवन में बनाए गए एमसीएमसी कोषांग का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान व्यय प्रेक्षक 23 रामगढ़ श्री पीयूष शुक्ला के द्वारा एमसीएमसी कोषांग में मॉनिटरिंग कर रहे हैं सदस्यों से जानकारी ली गई इस दौरान जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ प्रभात शंकर द्वारा एमसीएमसी कोषांग से संबंधित किए जा रहे कार्यों को



विस्तार पूर्वक जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान सोशल मीडिया पब्लिसिटी ऑफिसर विक्रम सोनी ने प्रत्याशियों द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से हो रही गतिविधियों पर व्यय प्रेक्षक 23 रामगढ़ पीयूष शुक्ला को विस्तार पूर्वक मॉनिटरिंग एवं प्रत्याशियों द्वारा हो रही गतिविधियों की निगरानी पर पेड़ न्यूज, विज्ञापन आदि की जानकारी दी गई। निरीक्षण के दौरान व्यय प्रेक्षक 23 रामगढ़ पीयूष शुक्ला ने प्रत्याशियों का सोशल मीडिया पर मॉनिटरिंग करने हेतु जिले के विभिन्न पोर्टलों एवं प्रत्याशियों द्वारा जारी सोशल मीडिया अकाउंट्स फेसबुक, ट्विटर ( ), युटुब पर पर पेड न्यूज के मद्देनजर विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया गया। मौके पर मुख्य रूप से लिपिक सुनीता कुमारी,कंप्यूटर ऑपरेटर मजहरुल हक, स्वागतक नितेश पासवान, एमसीएमसी कोषांग कर्मी निशा कुमारी, रूमा कुमारी, लक्ष्मी राम बेदिया,कुमारी शिल्पी सहित अन्य उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### ममता देवी ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**रामगढ़ ।** महागठबंधन प्रत्याशी ममता देवी ने कुल्ही पंचायत के विभिन्न गांवों–बेयांग, उरबा, कारो, डुमरिया टोला, माथा गौड़ा, सरना टोला, पुत्रीडीह, कूल्ही सहित पोटमदगा पंचायत के कई अन्य गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस यात्रा के दौरान उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात की, उनकी समस्याओं को सुना और समर्थन की अपील की। जनसंपर्क के दौरान ममता देवी ने कहा, आपके सहयोग से हम एक नया बदलाव लाएंगे और गांवों के विकास के लिए नई दिशा में काम करेंगे। हर एक वोट और समर्थन हमारे सामूहिक प्रयासों को मजबूत करेगा, ताकि हम एक समृद्ध और प्रगतिशील भविष्य की ओर बढ़ सकें। उन्होंने लोगों से अपील की कि सही दिशा में कदम बढ़ाते हुए अपने गांव और समाज के हित में महागठबंधन का समर्थन करें। ग्रामीणों ने भी महागठबंधन प्रत्याशी ममता देवी के अभियान का स्वागत किया और अपनी विभिन्न समस्याओं और मुद्दों को उनके सामने रखा। ममता देवी ने आश्वासन दिया कि उनके हर मुद्दे पर ध्यान दिया जाएगा और गांवों के विकास के लिए कार्य किए जाएंगे।

### प्रभारी बीडीओ ने छठ घाटों का किया निरीक्षण

**गिद्दी।** डाडी प्रखंड के प्रभारी बीडीओ के के वर्मा द्वारा छठ महापर्व को देखते हुए गिद्दी ए स्थित दामोदर नद के विभिन्न घाटों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान बीडीओ द्वारा गिद्दी पंचायत ख के समाजसेवी और मुखिया पति महादेव महली को घाटों पर सुरक्षा से संबंधित कुछ सवाल पूछे और टिप्स भी दिए गए। साफ सफाई पर भी विशेष दिशा निर्देश दिए गए। तत्पश्चात बीडीओ द्वारा दामोदर पुल के समीप चेकपोस्ट का भी औचक निरीक्षण किया गया और वाहनों की जाँच भी की गई।इस दौरान उनके साथ प्रखंड कर्मी अजीत कुमार तिवारी, मुखिया पति समाजसेवी महादेव महली व अन्य लोग मौजूद थे।

### विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र ईवीएम मशीन का सकेंड रेंडमाइजेशन हुई संपन्न

**रामगढ़।** आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर निर्वाचन प्रक्रिया को स्वच्छ एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला समाहरणालय स्थित एनआईसी कक्ष में 23- रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र सामान्य प्रेक्षक टीवी सुभाष एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार की उपस्थिति में 23- रामगढ़ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए ईवीएम मशीन को मतदान केंद्रों के साथ टैगिंग के लिए सेकंड रेंडमाइजेशन किया गया। सर्वप्रथम वरीय पदाधिकारी ईवीएम कोषांग सह अपर समाहर्ता कुमारी गीतांजलि ने 23 रामगढ़ के लिए तैयार ईवीएम की संख्या के संबंध में जानकारी दी इसके उपरांत जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार ने के द्वारा ईवीएम मशीन को मतदान केंद्रों के साथ टैगिंग करते 2 रेंडमाइजेशन किया गया। रेंडमाइजेशन के दौरान मुख्य रूप से निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी,जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता, सहायक सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी मनीष चाहर, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि सहित अन्य उपस्थित थे।

### मुन्ना सिंह का कटकमसांडी में जनसंपर्क अभियान , उमड़ी भीड़

हजारीबाग । हजारीबाग के कटकमसांडी प्रखंड में वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं हजारीबाग से इंडिया महागठबंधन प्रत्याशी मुन्ना सिंह ने जनसंपर्क अभियान चलाया। इस अभियान के अंतर्गत मुन्ना सिंह उनके कार्यकर्ता एवं



उनके सैकड़ों समर्थकों ने बांझिया, शाहपुर, एदला, बसंतपुर, कटकमसांडी चौक, लखनू, मंदिर चौक हरिजन टोला, नवादा चौक, पाराटांड़ मोड़, बरगड्डा, बहिमर चौक, सारुगारु स्कूल, डांड चौक, सुलमी चौक, लुपुंग मंदिर चौक, असधीर चौक, जलमा चौक, कंचनपुर, हेदलॉग, छड़वा डैम, खुटरा चौक, रोमी चौक, पबरा चौक एवं मायापुर मंदिर का दौरा किया। जनसंपर्क अभियान में सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना में 730000 किशोरियों को लाभान्वित होने की जानकारी दी गई।इसके इलावा 38.41 लाख उपभोक्ताओं का बकाया बिजली बिल माफी और मैया सम्मान योजना का सकारात्मक असर जनता की बीच देखा जा रहा है। इस जनसंपर्क अभियान में कांग्रेस पार्टी के कटकमसांडी प्रखंड अध्यक्ष नरसिंह प्रजापति, बीस सूत्रीय अध्यक्ष सरयू यादव, जिला महासचिव रंजीत यादव, जिला महासचिव बाबर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजू सिंह, जिला महासचिव मनोज मोदी, प्रखंड सचिव रियाजउद्दीन अंसारी, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राजा, पूर्व मुखिया आराभुसाई रहमत जी, दौत्व मुखिया जयप्रकाश केसरी, पूर्व मुखिया शेर मोहम्मद, शाहपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि शंभू यादव, डांटो खुर्द की मुखिया कुमारी बाफला, जिला महासचिव रब्बानी एवं अन्य वरिष्ठ नेता गण मौजूद रहे।

# ठगबंधन की सरकार झारखंडियों को ठगने का काम किया है: प्रदीप प्रसाद

संवाददाता

**हजारीबाग ।** उतर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नें हजारीबाग के बड़कागांव में विशाल जनसभा कों सम्बोधित करते हुवे लोगों से अपील किया कि हजारीबाग सें भाजपा के प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद व बडकागांव सें रौशनलाल चौधरी को कमल चिन्ह के निशान पर वोट कर विजयी बनायें। उन्होने कहा कि बटेंगे तो कटेंगे, एक रहेंगे तो नेक रहेंगे। सांसद मनीष जायसवाल ने जन सभा में उपस्थित लोगों से कमल चिन्ह पर बटन दबाकर हजारीबाग सदर विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद व बड़कागांव से भाजपा प्रत्याशी




रोशन लाल चौधरी को भारी मतों से विजयी बनानें का अपील किया। प्रदीप प्रसाद ने कहा कि हजारीबाग के बड़कागांव में आयोजित विशाल जनसभा में सनातन धर्म के रक्षक, हिंदू हृदय सम्राट, उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाराज का सानिध्य और आशीर्वाद पाकर अभिभूत और गर्व महसूस कर रहा हूँ। प्रदीप प्रसाद ने कहा कि ठगबंधन की सरकार झारखंडियों को ठगने का काम किया है। झारखंड सरकार युवाओं का भविष्य बर्बाद किया। उन्होने कहा कि योगी आदित्यनाथ के आशीर्वाद से हजारीबाग में जरूर कमल खिलेगा। अंतिम पायदान तक खडें लोगों कों सरकार के योजनाओं का लाभ मिलेगा नरेंद्र मोदी की गारंटी है।

# नगर आयुक्त ने किया शहरी क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण



संवाददाता

**हजारीबाग ।** छठ महापर्व को लेकर नगर आयुक्त सह प्रशासक के नेतृत्व में नगर निगम के टीम के द्वारा विभिन्न छठ घाटो का निरिक्षण निरंतर रूप से किया जा रहा है। इस क्रम में हजारीबाग झील, छठ तालाब इन्द्रपुरी, बुढवा महादेव तालाब, मीठा तालाब, गाँधी स्मारक के समीप, हुरहुरु तालाब, माशिपिरी व अन्य छठ घाटो के साफ सफाई एवं अन्य सुविधाओ का निरिक्षण किया गया एवं सम्बंधित पदाधिकारियों को बेहतर कार्य हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। विदित हो की नगर निगम के द्वारा दशहरा पूजा के बाद से ही छठ व्रतियों के सुविधा हेतु नगर निगम टीम के द्वारा छठ घाटो की निरंतर सफाई का कार्य किया जा रहा है। नगर आयुक्त के अतिरिक्त श्री रमेश सिंह, कार्यपालक अभियंता, राजीव रंजन, नगर प्रबंधक एवं निरंजन सिंह, प्रधान सहायक मौके पर उपस्थित थे।

## एसडीओ ने जारी किया छठ पर यातायात व्यवस्था के नियम

**रामगढ़।** छठ पर्व 2024 के अवसर पर यातायात व्यवस्था को सुगम करने के उद्देश्य से उपयुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार के निदेशानुसार अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी के आदेशानुसार दिनांक 7/11/2024 को 12:00 मध्यान्ह से दिनांक 08/11/2024 को 11:00 बजे पूर्वाह्न तक रामगढ़ शहर में मालवाहक गाड़ी ट्रक/ बस के आगमन को पूर्णता बंद करते हुए रूट लाइन निम्न प्रकार परिवर्तित किया जाता है। कोई भी मालवाहक गाड़ी ट्रक भारी वाहनों सवारी गाड़ी इत्यादि को शनिचरा हाट से लेकर थाना चौक तक और थाना चौक से लेकर शनिचरा हाट तक प्रवेश वर्जित रहेगा। कोई भी मालवाहक गाड़ी या ट्रक/ बस पटेल चौक से रांची रोड तक एवं रांची रोड से पटेल चौक तक प्रवेश वर्जित रहेगा। कोई भी मालवाहक गाड़ी ट्रक बस बरकाकाना से लेकर सुभाष चौक तक एवं सुभाष चौक से लेकर बड़का का नाटक प्रवेश वर्जित रहेगा। यातायात प्रभारी रामगढ़ को आदेश दिया जाता है कि उक्त परिवर्तित रूट लाइन के अनुसार वाहनों का प्रवेश एवं आवागमन पूर्णता बंद करने हेतु अपने स्तर से समुचित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया ।

# हर्ष अजमेरा ने किया जनसंपर्क दौरा,शाहिद सुभाष बाला को श्रद्धांजलि अर्पित कर किया याद

संवाददाता

**हजारीबाग।** निर्दलीय प्रत्याशी हर्ष अजमेरा ने अपने चुनावी दौरे के दौरान मंगलवार को हजारीबाग क्षेत्र में कई स्थानों जिसमें हुरहुरू पहुंच कर जनता से संवाद किया। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य स्थानीय लोगों से सीधे बातचीत करना और उनकी समस्याओं को सुनना था। दौरे की शुरूआत शाहिद सुभाष बाला की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने से हुई। इस अवसर पर हर्ष अजमेरा ने कहा हमें अपने नायकों को याद रखना चाहिए, जिन्होंने समाज के उत्थान के लिए कार्य किया। उनका योगदान हमें प्रेरित करता है। इसके बाद उन्होंने विभिन्न मंदिरों में जाकर माथा टेककर ईश्वर का आशीर्वाद लिया।

महिलाओं का इस दौरे में विशेष उत्साह देखने को मिला। हर्ष ने स्थानीय महिलाओं से बातचीत की, जिन्होंने बेझिझक अपने मुद्दे सामने रखे। कई महिलाओं ने शिक्षा, स्वास्थ्य, और सुरक्षा से



संबंधित समस्याएं व्यक्त कीं। प्रत्याशी हर्ष अजमेरा ने उन्हें आश्वासन दिया कि आपकी समस्याओं का अवश्य समाधान होगा और उन्होंने विश्वास दिलाया कि वह चुनाव जीतने पर इन मुद्दों पर गंभीरता से काम करेंगे। प्रत्याशी ने छड़ी छाप में जनता का आशीर्वाद मांगा। इस दौरान, लोगों ने एक स्वर में कहा, इस बार छड़ी है हमारा एकमात्र सहारा, बदलेगा हजारीबाग का तकदीर। यह प्रतिक्रिया दशार्ती है कि जनता में बदलाव की आकांक्षा और प्रत्याशी के प्रति समर्थन बढ़ रहा है। हर्ष अजमेरा ने कहा मेरा लक्ष्य हजारीबाग की समृद्धि और विकास के लिए काम करना है। मैं जनता के मुद्दों को प्राथमिकता दूंगा और उनके सहयोग से हजारीबाग को एक नई दिशा देने का प्रयास करूंगा। दौरे के अंत में, हर्ष अजमेरा ने सभी से अपील की वे 23 नंबर की छड़ी को समर्थन दें, ताकि क्षेत्र की तकदीर को बदलने में सहायता मिल सके। उनके इस दौरे ने निश्चित रूप से स्थानीय जनता में उत्साह और समर्थन बढ़ाने का काम किया है।

# प्रखंडों के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

संवाददाता

**रामगढ़।** आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के द्वारा मतदाता जागरूकता स्वीप कोषांग को विभिन्न प्रतियोगिताओं, कार्यक्रमों आदि का आयोजन कर अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खलखो के द्वारा मंगलवार को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आंगनबड़ी सहिया, सेविका(बीएलओ) के द्वारा आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2024 हेतु स्वीप के तहत पतरातू, मांडू, चितरपुर, गोला, दुलमी एवं रामगढ़ में डोर टू डोर चलाया गया इस दौरान 80 प्लस वृद्ध मतदाताओं को मतदान हेतु किया गया प्रेरित । मतदाता जागरूकता को लेकर विभिन्न



प्रतियोगिताएं आयोजित किए गए यथा रंगोली प्रतियोगिता,पेंटिंग प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता सहित कई विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया साथ ही रैली के माध्यम बनाए गए मतदाता जागरूकता पोस्टर के माध्यम से अपने-अपने क्षेत्र में मतदाताओं के घर-घर जाकर पहली बार मतदान करने वाले युवा मतदाताओं एवं मतदाता,80 + वृद्ध मतदाताओं को वोट करेगा रामगढ़, अउ- 22 बड़कागांव, 13 नवंबर 2024 एवं अउ - 23 रामगढ़, 20 नवंबर 2024 चुनाव का पर्व देश का गव के तहत मतदाता जागरूकता के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही उपस्थित सभी मतदाताओं को मतदान करने हेतु मतदाता शपथ भी दिलाई गई ।

# जेबीवीएनएल के रिपेयरिंग वर्कशॉप में लगी भीषण आग, करोड़ों का हुआ नुकसान

संवाददाता

**रामगढ़।** शहर के झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड (जेबीवीएनएल) के ट्रांसफॉर्मर रिपेयरिंग वर्कशॉप में सोमवार की देर रात अचानक आग लग गई। यह आग इतनी भीषण थी कि वर्कशॉप के आसपास स्टाफ क्वार्टर के लोगों में भगदड़ मच गई। आग के तपिश उन लोगों को भी परेशान कर रही थी। अगलगी में रिपेयरिंग वर्कशॉप पूरी तरीके से जलकर खाक हो गया है। इसमें करोड़ों रुपए की संपत्ति का नुकसान होने का अनुमान है। जेबीवीएनएल जिला प्रमंडल ऑफिस में कैंपस में ट्रांसफॉर्मर रिपेयरिंग वर्कशॉप (टीआरडब्ल्यू) है। इसी कैंपस में बिजली विभाग के कर्मियों के रहने के आवास भी है। अचानक देर रात ट्रांसफॉर्मर रिपेयरिंग वर्कशॉप (टीआरडब्ल्यू) से भीषण आग की लपटे उठने लगी और देखते ही देखते ये लपटें आसमान छूने लगी। आग के कारण गोदाम में रखें ट्रांसफार्मर में



डालने जाने वाले तेल के ड्रम फटने लगे और आग की तीव्रता और बढ़ने लगी।

आग बुझाने के लिए आर्मी कैंप से मंगाया गया दमकल

भीषण आग को बुझाने के लिए बिजली विभाग के अधिकारियों ने फायर ब्रिगेड की टीम और पुलिस को फोन किया। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड टीम आज की भयावता को देख चकित रह गए। भयावह स्थिती को देखकर स्थानीय पुलिस ने मिलिट्री फायर ब्रिगेड की गाड़ी, सीसीएल से फायर ब्रिगेड की गाड़ी, (टाटा) वेस्ट बोकारो घाटों से फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को आग पर काबू पाने के लिए बुलाया। करीब 4 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद लगभग आठ फायर ब्रिगेड के गाड़ियों द्वारा आग पर काबू पाया गया.

शॉर्ट सर्किट से आग लगने की है संभावना, करोड़ों का हुआ नुकसान

बिजली विभाग के अधिकारियों ने बताया कि रिपेयरिंग वर्कशॉप में शाम 5:00 बजे ही कर्मी अपना काम बंद कर देते हैं। ट्रांसफार्मर को हीट करने के लिए रात 9:00 बजे तक मशीन ऑन रहता है। लेकिन उसके बाद वह भी बंद हो जाता है। देर रात शायद कहीं शॉर्ट सर्किट हुआ होगा। वैसे आग लगने के अन्य कारणों का भी पता लगाया जा रहा है। इस आगजनी में करोड़ों रुपए की संपत्ति जलने का अनुमान लगाया जा रहा है। रामगढ़ थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि आग की सूचना मिली जिसके बाद घटनास्थल पर फायर ब्रिगेड की टीम में साथ पहुंचे। वहां देखा कि भीषण आग लगी हुई है। जिसके बाद अलग अलग जगहों से फायर बिग्रेड की गाड़ियों को बुलाया गया और आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया।

# आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 की तैयारियों की भारत निर्वाचन आयोग से आए प्रेक्षकों ने की समीक्षा

संवाददाता

**रामगढ़।** आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 की तैयारियों की समीक्षा हेतु सामान्य प्रेक्षक 22- बड़कागांव वी सरवना, पुलिस प्रेक्षक 23- रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र देवब्रत दस एवं व्यय प्रेक्षक, 22 बड़कागांव सुमेंदु कुमार दास एवं 23रामगढ़ व्यय प्रेक्षक विधानसभा क्षेत्र पीयूष शुक्ला की संयुक्त अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय परिसर स्थित टाउन हॉल में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार अउ- 22 बड़कागांव एवं अउ -23 रामगढ़ विधानसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर चुनाव प्रक्रिया को स्वच्छ एवं शांतिपूर्ण रूप से संपन्न करने का उद्देश्य की जा रही कार्यों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी इस दौरान उन्होंने 22- बड़कागांव विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र एवं 23- रामगढ़ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए प्रतिनियुक्ति सेक्टर



पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी के संबंध में किए जाने वाले कार्यों के बारे में भी विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया।

बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने विधानसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टि से किए गए तैयारी की विस्तार पूर्वक जानकारी दिए वहीं उन्होंने अंतरराज्य चेक नाका एवं जिले में बनाए गए चेक नाका के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई एवं निर्वाचन के दृष्टिकोण से जिले में आने जाने वाहनों की बनाए गए चेक नाका में किए जा रहे चेकिंग के संबंध में भी जानकारी दी गई वहीं उन्होंने निर्वाचन के दौरान सेक्टर पुलिस पदाधिकारियो द्वारा किए जाने वाले कार्यों के संबंध में भी जानकारी दी गई। बैठक के दौरान निवार्ची पदाधिकारी 22 बड़कागांव दीप्ति प्रियंका कुजूर ने बड़कागांव एवं केरेडारी अंतर्गत आने वाले बूथों के संबंध में जानकारी दी। बैठक के दौरान प्रेक्षकों द्वारा बारी-बारी से चुनाव प्रक्रिया को संपन्न करने के उद्देश्य से बैठक में उपस्थित 22- बड़कागांव विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र एवं 23- रामगढ़ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए प्रतिनियुक्त सभी सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को निर्वाचन के दौरान किए जाने वाले कार्यों के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई इस दौरान प्रतिनियुक्त पदाधिकारी की दुविधाओं को भी दूर किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में विकेटकीपिंग करेंगे फिल साल्ट



**लंदन।** जोस बटलर की इंगिल्श टीम में वापसी के बावजूद फिल साल्ट वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में विकेटकीपिंग करेंगे। सफेद गेंद के कप्तान बटलर ने अपने पिछले 108 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में से 106 में विकेटकीपिंग किया है, और केवल दो मैचों में क्षेत्ररक्षण किया है जो दिसंबर 2023 में इंग्लैंड के पिछले कैरेबियाई दौरे के दौरान त्रिनिदाद में हुए थे। साल्ट ने तीसरे वनडे से पहले बारबाडोस में कहा मैंने हाल ही में इंग्लैंड के लिए बहुत ज्यादा कुछ नहीं किया है, लेकिन मुझे विकेटकीपिंग करना अच्छा लगता है। मुझे लगता है कि मैं टीम को सबसे ज्यादा योगदान दे सकता हूं। साल्ट ने इंग्लैंड के लिए सभी फॉर्मेट में खेले गए 59 मैचों में से 13 में विकेटकीपिंग की है और उन्हें मौजूदा वनडे सीरीज में जॉर्डन कॉक्स से आगे विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी दी गई है, जो न्यूजीलैंड में होने वाली आगामी सीरीज में टेस्ट विकेटकीपर जेमी स्मिथ की जगह लेंगे। बटलर पिछले कई महीनों से पिंडली में खिंचाव के कारण बाहर हैं।

### वालेंसिया में बाढ़ के बाद फुटबॉल बंद हो जाना चाहिए : रियल मैड्रिड कोच एंसेलोटी

**मैड्रिड।** रियल मैड्रिड ने चैंपियंस लीग में एसी मिलान के खिलाफ ताजा मुकाबले में जीत दर्ज की। बाढ़ के कारण वालेंसिया के खिलाफ उनका सप्ताहांत का मैच स्थगित हो गया था। वालेंसिया क्षेत्र बुरी तरह प्रभावित हुआ है। हालांकि कोच कार्लो एंसेलोटी ने सोमवार को स्वीकार किया कि वह मंगलवार के मैच को भी स्थगित देखना चाहते हैं। अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में, एंसेलोटी, जिन्होंने एसी मिलान को भी कोचिंग दी है, ने वालेंसिया बाढ़ के बारे में बात की और संकेत दिया कि वह मंगलवार के मैच को भी स्थगित करना पसंद करेंगे। एंसेलोटी ने कहा फुटबॉल एक उत्सव है, और जब सब कुछ ठीक हो, जब आपका परिवार ठीक हो और सब कुछ ठीक हो, तो आप जश्न मना सकते हैं और पार्टी कर सकते हैं। जब लोग ठीक नहीं हैं, तो आपको जश्न नहीं मनाना चाहिए। एंसेलोटी ने कहा कि एक कहावत है, शो चलता रहना चाहिए हालांकि ऐसा नहीं है।

### भारतीय पेशेवर मुक्केबाज मनदीप जांगड़ा ने जीता डब्ल्यूबीएफ सुपर फेदरवेट खिताब



**नई दिल्ली।** भारतीय पेशेवर मुक्केबाज मंदीप जांगड़ा ने केमैन द्वीप में ब्रिटेन के कोनोर मैकिन्टोश को हराकर विश्व मुक्केबाजी महासंघ का सुपर फेदरवेट विश्व खिताब जीत लिया है। 31 वर्षीय मुक्केबाज, जो पूर्व ओलंपिक रजत पदक विजेता रॉय जोन्स जूनियर के अधीन प्रशिक्षण लेते हैं और अपने पेशेवर करियर में अब तक केवल एक हार का सामना किया है, ने अधिकांश राउंड में बढ़त हासिल की। उन्होंने शुरूआत से ही शक्तिशाली मुक्के मारे, 10 राउंड के दौरान अपनी सहनशक्ति बनाए रखी, जबकि ब्रिटिश मुक्केबाज को गति बनाए रखने के लिए संघर्ष करना पड़ा। जांगड़ा ने एक मीडिया विज्ञप्ति में कहा यह मेरे करियर की सबसे बड़ी जीत में से एक है। मैंने इसे हासिल करने के लिए सालों तक कड़ी मेहनत की है।

### शाकिब अल हसन की गेंदबाजी पर उठे सवाल, संदिग्ध गेंदबाजी एक्शन के लिए किया गया रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** अपने करियर के अंतिम दौर में चल रहे बांग्लादेशी ऑलराउंडर शाकिब अल हसन मुसीबतों में फंसते नजर आ रहे हैं और इस बार अपनी गेंदबाजी के कारण। काउंटी चैंपियनशिप में सरे के लिए एकमात्र मैच के दौरान शाकिब की संदिग्ध गेंदबाजी एक्शन के लिए अंपायरों द्वारा रिपोर्ट की गई है। शाकिब को इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड द्वारा अपने गेंदबाजी एक्शन का विश्लेषण करवाने के लिए कहा गया था। शाकिब ने सितंबर में टॉन्टन में समरसेट के खिलाफ एक रोमांचक चैंपियनशिप मुकाबले में सरे के लिए ने 63 से ज्यादा ओवर फेंके और नौ विकेट चटकाए।

# डब्ल्यूटीए : शीर्ष वरीयता प्राप्त सबालेंका सेमीफाइनल में पहुंची

● बेलारूसी खिलाड़ी के लिए साल के अंत में शीर्ष स्थान सुनिश्चित कर देगी

● सबालेंका की जीत और चीनी खिलाड़ी झेंग किनवेन की रयबाकिना पर पहले 7-6(4), 3-6, 6-1 की जीत ने सुनिश्चित किया



**नई दिल्ली। एजेंसी**

विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने सोमवार को चौथी वरीयता प्राप्त इतालवी खिलाड़ी जैस्मीन पाओलिनी को 6-3, 7-5 से हराकर डब्ल्यूटीए फाइनल्स के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इस जीत के साथ ही वह पर्पल राउंड-रॉबिन ग्रुप में अपराजित रहीं। 26 वर्षीय खिलाड़ी साल के अंत में नंबर एक रैंकिंग हासिल करने के कगार पर है। बुधवार को अंतिम ग्रुप मैच में एलेना रयबाकिना पर जीत या अपनी प्रतिद्वंद्वी पोलैंड की इगा स्वियाटेक से हार, बेलारूसी खिलाड़ी के लिए साल के अंत में शीर्ष स्थान सुनिश्चित कर देगी।

सबालेंका की जीत और चीनी खिलाड़ी झेंग किनवेन की रयबाकिना पर पहले 7-6(4), 3-6, 6-1 की जीत ने सुनिश्चित किया कि शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी बुधवार को अपने अंतिम परिणाम के बावजूद अपने समूह में पहले स्थान पर रहेगी, जिससे वह अंतिम चार में पहुंचने वाली पहली खिलाड़ी बन जाएंगी। ऑस्ट्रेलियन ओपन और यू.एस. ओपन चैंपियन सबालेंका ने रियाद में सातवीं वरीयता प्राप्त झेंग के खिलाफ अपना पहला मैच भी जीता। चीनी खिलाड़ी और पाओलिनी, जिनका रिकॉर्ड 1-1 है, दोनों सेमीफाइनल के लिए दावेदारी में हैं और बुधवार को उनका आमना-सामना होगा।

स्वियाटेक एकमात्र खिलाड़ी हैं जो सबालेंका से आगे निकल सकती हैं। मंगलवार को कोको गॉफ से खेलने वाली 23 वर्षीय खिलाड़ी को अपना खिताब बनाए रखना होगा और उम्मीद करनी होगी कि सबालेंका अपने शेष मैच हार जाएं, ताकि साल के अंत में नंबर एक स्थान हासिल कर सकें। सबालेंका ने अपनी जीत के बाद कहा मुझे खुद पर गर्व है। सिर्फ. खुद पर नहीं, बल्कि मेरी टीम पर भी। हम कई चीजों पर काबू पाने में सफल रहे।

इतना बढ़िया टेनिस दिखाने और दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी बनना, टीम वर्क है। यह सिर्फ. मैं ही नहीं कर सकती। कोई भी पर्दे के पीछे के काम को नहीं देखता। लेकिन वे मेरे लिए बहुत कुछ करते हैं।

# हॉकी इंडिया लीग ने अपनी वेबसाइट का किया शुभारंभ



**नई दिल्ली। एजेंसी**

हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) ने मंगलवार को 2024-2025 के एचआईएल वेबसाइट का शुभारंभ और बहुप्रतीक्षित सीजन के कार्यक्रम की घोषणा की। 28 दिसंबर को एचआईएल का पहला मैच राउरकेला के बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में दिल्ली एसजी पाइपर्स और गोनासिका के बीच खेला जाएगा।

हाल ही में लॉन्च की गई एचआईएल वेबसाइट के जरिये दुनिया भर के प्रशंसकों को लीग की ताजा खबरें, मैच शेड्यूल, पूरी टीम की सूची और विशेष वीडियो प्रदान की जाएंगी। एक आकर्षक और मनोरंजक अनुभव प्रदान करने के लिए डिजाइन की गई, यह वेबसाइट एचआईएल से जुड़ी सभी चीजों के लिए अंतिम स्त्रोत होगी, जो प्रशंसकों, खिलाड़ियों और हॉकी के प्रति उत्साही लोगों को पहले से कहीं ज्यादा खेल के करीब रखेगी। खिलाड़ियों की व्यापक नीलामी के बाद, आठ पुरुष और चार महिला टीमें इस प्रतियोगिता के लिए कमर कस रही हैं, जो अब तक का सबसे बड़ा और सबसे बेहतरीन एचआईएल सीजन होने का वादा करता है। पुरुषों की लीग 28 दिसंबर को राउरकेला में शुरू होगी, जिसमें मैच दो चरणों में जारी रहेंगे और 1 फरवरी 2025 को अंतिम मुकाबला होगा। इस बीच, महिला टीमें 12 जनवरी 2025 को रांची में अपनी लीग यात्रा शुरू करेंगी।

### प्राइम टेबल टेनिस लीग के तीसरे सत्र की मेजबानी करेगा इंदौर



**इंदौर।** महाराष्ट्र में दो सत्रों की जबरदस्त सफलता के बाद, प्राइम टेबल टेनिस लीग (पीटीटी) का आयोजन मध्य प्रदेश मध्य टेबल टेनिस एसोसिएशन के सहयोग से इंदौर में किया जाएगा। आगामी लीग 13 दिसंबर से 15 दिसंबर तक इंदौर के प्रतिष्ठित अभय प्रशाल क्लब में आयोजित की जाएगी। रविवार को आयोजित हालिया खिलाड़ी नीलामी में आठ टीमों क्लिपर्स, निंजा, सेंसेशन, स्पार्टन्स, थंडरबोल्ट, योद्धा, लायन वॉरियर और किंग पोंग ने बोली लगाई। नीलामी में 56 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों, 8 समर्पित कोचों और 8 कुशल प्रबंधकों की सूची प्रदर्शित की गई। प्रत्येक टीम ने सात खिलाड़ियों का चयन किया है, जिसमें 11 से 60 वर्ष की आयु के प्रतिभागी शामिल हैं, जिससे एक समावेशी और विविधतापूर्ण प्रतियोगिता सुनिश्चित होती है। इस सीजन के लिए सबसे प्रतिस्पर्धी रोस्टर बनाने के लिए उत्सुक टीमों द्वारा विभिन्न श्रेणियों में हाई-प्रोफाइल खिलाड़ियों को खरीदा गया। उल्लेखनीय खिलाड़ियों में रूकी बॉय अनुज सोनी शामिल हैं जो लॉयन वॉरियर में शामिल हुए, मार्की महिला अनुषा कुटुम्बले क्लिपर्स में शामिल हुईं, और मार्की पुरुष पंकज कुमार विश्वकर्मा भी क्लिपर्स में शामिल हुए। इसके अलावा, सेंसेशन ने हिमानी चतुर्वेदी को मार्की महिला खिलाड़ी के रूप में सुरक्षित किया, जिससे उनकी लाइनअप में मजबूती आई। प्राइम टेबल टेनिस के सीईओ अभिषेक जैन ने पीटीटी की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा, ?हम पहली बार मध्य प्रदेश में प्राइम टेबल टेनिस लीग लाने को लेकर रोमांचित हैं।

# फुटबॉल मैच के लिए खिलाड़ियों की भारतीय टीम घोषित



**नई दिल्ली। एजेंसी**

भारतीय सीनियर पुरुष टीम के मुख्य कोच मनोलो मार्केज ने मंगलवार को हैदराबाद के जीएमसी बालायोगी गाचीबोवली स्टेडियम में 18 नवंबर को मलेशिया के खिलाफ खेले जाने वाले आगामी फीफा अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच के लिए 26 संभावित खिलाड़ियों की घोषणा की। टीम 11 नवंबर को प्रशिक्षण शिविर के लिए हैदराबाद में एकत्रित होगी। अक्टूबर की शुरूआत में, ब्लू टाइगर्स ने एक दोस्ताना मैच में वियतनाम का सामना किया, जहाँ उन्होंने 1-1 से ड्रॉ के बाद खेल समाप्त किया। वियतनाम के खिलाफ भारत के लिए फारुख चौधरी एकमात्र स्कोरर थे। भारतीय राष्ट्रीय फुटबॉल टीम अपने पिछले 11 मैचों में जीत हासिल करने में विफल रही है। भारत की आखिरी जीत 16 नवंबर, 2023 को फीफा विश्व कप क्वालीफायर में कुवैत के खिलाफ हुई थी, जब उन्होंने अपने विरोधियों को 1-0 से हराया था। भारत के मुख्य कोच मनोलो मार्केज ने टीम में तीन अनुभवी गोलकीपरों को शामिल किया है। संदेश झिंगन, अनवर अली और राहुल भेके को भी टीम में शामिल किया गया ताकि उनकी बैकलाइन मजबूत हो सके।

**भारतीय टीम इस प्रकार है :-**

**गोलकीपर :** अमरिंदर सिंह, गुरप्रीत सिंह संधू, विशाल कैथ।

**डिफेंडर :** आकाश सांगवान, अनवर अली, आशीष राय, चिंगलेनसाना सिंह कोनशाम, हिंगथनमाविया राल्टे, मेहताब सिंह, राहुल भेके, रोशन सिंह नाओरेम, संदेश झिंगन।

**मिडफील्डर :** अनिरुद्ध थापा, ब्रैंडन फर्नांडिस, जेकसन सिंह थौनाओजम, जितिन एमएस, लालेंगमाविया राल्टे, लिस्टन कोलाको, सुरेश सिंह वांगजाम, विबिन मोहनन।

**फॉरवर्ड :** एडमंड लालरिंदिका, इरफान यदवाड, फारुख चौधरी, लालियानजुआला चांगटे, मनवीर सिंह, विक्रम प्रताप सिंह।

# क्रिकेट जगत ने विराट कोहली को 36वें जन्मदिवस की दीं शुभकामनाएं



**नई दिल्ली। एजेंसी**

क्रिकेट जगत ने मंगलवार को भारत के करिश्माई बल्लेबाज विराट कोहली को उनके 36वें जन्मदिवस की शुभकामनाएं दीं। पूर्व भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर कोहली को जन्मदिन कि बधाई दी। युवराज ने कहा कि दुनिया कोहली की ठोस वापसी का बेसब्री से इंतजार कर रही है। युवराज सिंह ने एक्स पर लिखा आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं किंग कोहली हमारी असफलताओं से बेहतरीन वापसी होती है और दुनिया आपकी ठोस वापसी का बेसब्री से इंतजार कर रही है। आपने पहले भी ऐसा किया है और मुझे यकीन है कि आप इसे फिर से करेंगे। भगवान भला करे! ढेर सारा प्यार। पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना ने कोहली को जन्मदिन की बधाई देते हुए उन्हें 'एक प्रतिष्ठित क्रिकेटर और एक प्रेरक व्यक्ति' कहा। सुरेश रैना ने एक्स पर लिखा एक प्रतिष्ठित क्रिकेटर और एक प्रेरक व्यक्ति, कोहली, जन्मदिन की शुभकामनाएं! आपका आने वाला साल खुशियों और सफलता से भरा हो। पूर्व भारतीय क्रिकेटर एस बद्रीनाथ ने कहा कि कोहली के रवैये और दृष्टिकोण ने भारत के क्रिकेट खेलने के तरीके को बदल दिया। बद्रीनाथ ने एक्स पर लिखा एक गोल-मटोल बच्चे चीकू से लेकर महानतम खिलाड़ी बनने तक, आपके रवैये और दृष्टिकोण ने भारत के क्रिकेट खेलने के तरीके को बदल दिया। जन्मदिन की शुभकामनाएं।

पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने भी मंगलवार को कोहली को उनके 36वें जन्मदिन पर शुभकामनाएं दीं। चोपड़ा ने एक्स पर लिखा, उस दिन लगा था कि यह लड़का आगे जाकर कुछ अलग बनेगा। एकमात्र और एकमात्र विराट कोहली को जन्मदिन की ढेर सारी शुभकामनाएं। स्टार इंडिया सीमर मोहम्मद शमी ने कोहली को जन्मदिन की शुभकामनाएं भेजीं और उन्हें भारतीय क्रिकेट की रीढ़ बताया। शमी ने इंस्टाग्राम पर लिखा, भारतीय क्रिकेट की रीढ़ और रन-मशीन, कोहली को जन्मदिन की शुभकामनाएं, आपका जुनून और प्रतिबद्धता लाखों लोगों को प्रेरित करती है। आपको सफलता, खुशी और अविस्मरणीय क्षणों से भरा एक साल की शुभकामनाएं। 15 साल से अधिक के शानदार करियर के साथ, विराट कोहली ने अब तक के सबसे महान क्रिकेटरों में से एक के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है।

### पूर्व भारतीय स्पिनर हरभजन सिंह ने दी शुभकामनाएं

पूर्व भारतीय स्पिनर हरभजन सिंह ने कहा कि 36 वर्षीय कोहली का क्रिकेट में सफर अभूतपूर्व रहा है। हरभजन सिंह ने एक्स पर लिखा, जन्मदिन की शुभकामनाएं। एक होनहार युवा प्रतिभा से लेकर हमारे समय के सबसे महान खिलाड़ियों में से एक बनने तक का आपका सफर अभूतपूर्व रहा है। आपने हर जगह महत्वाकांक्षी क्रिकेटरों को बड़े सपने देखने, कड़ी मेहनत करने और खुद पर विश्वास करने के लिए प्रेरित किया है। आपको चमक और खुशी के अनगिनत पलों की शुभकामनाएं। चमकते रहो.. कोहली।

### बीसीसीआई ने जन्मदिन पर शुभकामनाएं दीं

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने भी 'सबसे बेहतरीन बल्लेबाजों में से एक' को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं दीं। बीसीसीआई ने एक्स पर लिखा 538 अंतरराष्ट्रीय मैच और गिनती जारी है। 27134 अंतरराष्ट्रीय रन और गिनती जारी है। 2011 आईसीसी विश्व कप विजेता। 2013 आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी विजेता। 2024 आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप विजेता, पूर्व टीम इंडिया कप्तान और सबसे बेहतरीन बल्लेबाजों में से एक विराट कोहली को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं।

## व्यापार

# शेयर बाजार पर दबाव, उतार-चढ़ाव के बीच निफ्टी और सेंसेक्स लुढ़के



**नई दिल्ली। एजेंसी**

घरेलू शेयर बाजार शुरुआती घंटे में लगातार जारी उतार-चढ़ाव के बीच दबाव में कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने गिरावट के साथ कारोबार की शुरूआत की, लेकिन बाजार खुलते ही खरीदारों ने लिवाली शुरू कर दी, जिससे इन दोनों सूचकांकों की चाल में तेजी आ गई। सुबह करीब 10 बजे दोनों सूचकांक हरे निशान में पहुंचने में भी सफल रहे, लेकिन इसके बाद एक बार फिर बिकवाली का दबाव बन गया। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.15 प्रतिशत और निफ्टी 0.16 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरूआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से टाटा स्टील, मारुति सुजुकी, जेएसडब्ल्यू स्टील, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज और इंडसइंड बैंक के शेयर 2.40 प्रतिशत से लेकर 1.56 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर कोल इंडिया, अडाणी पोर्ट्स, श्रीराम फाइनेंस, ट्रेंट लिमिटेड और एचडीएफसी लाइफ के शेयर 2.79 प्रतिशत से लेकर 1.15 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,352 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी।

### भारत आटा और भारत चावल की खुदरा बिक्री का दूसरा चरण लॉन्च

**नई दिल्ली।** केंद्रीय उपभोक्ता, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मामलों के मंत्री प्रहलाद जोशी ने मंगलवार को यहां भारत आटा और भारत चावल की खुदरा बिक्री के दूसरे चरण की शुरूआत की है। जोशी ने राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्?ता संघ लिमिटेड (एनसीसीएफ), भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नेफेड) और केंद्रीय भंडार की मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर केंद्रीय उपभोक्ता राज्य मंत्री बीएल वर्मा उपस्थिति थे। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि दूसरे चरण के दौरान उपभोक्ताओं को रियायती कीमत पर 30 रुपये प्रति किलोग्राम की दर पर भारत आटा और 34 रुपये प्रति किलोग्राम की दर पर भारत चावल उपलब्ध कराया जाएगा। जोशी ने बताया कि दूसरे फेज के शुरूआती चरण में खुदरा बिक्री के लिए 3.69 लाख मीट्रिक टन गेहूं और 2.91 लाख मीट्रिक टन चावल उपलब्ध कराया गया है।

# ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत एशिया में भी मिला-जुला कारोबार



**नई दिल्ली। एजेंसी**

ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान गिरावट के साथ बंद हुए। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स मामूली बढ़त के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एशियाई बाजारों में भी आज मिला-जुला कारोबार हो रहा है।

अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव के पहले पिछले सत्र के दौरान निवेशक सतर्क मुद्रा में कारोबार करते रहे, जिसकी वजह से वॉल स्ट्रीट के सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.28 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 5,713.05 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 0.37 प्रतिशत फिसल कर 18,172.66 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। वहीं डाउ जॉन्स फ्यूचर्स फिलहाल 0.08 प्रतिशत की मजबूती के साथ 41,826.20 के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है।

यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान उतार चढ़ाव का सामना करने के बाद मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एफटीएसई इंडेक्स 0.09 प्रतिशत की तेजी के साथ 8,184.24 अंक के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर, सीएसी इंडेक्स ने 0.51 प्रतिशत की गिरावट के साथ 7,371.71 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया।

### सर्राफा बाजार में सपाट स्तर पर कारोबार

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में सपाट स्तर पर कारोबार की शुरूआत हुई है। सोना और चांदी दोनों चमकीली धातुओं की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ है। कीमत में बदलाव नहीं होने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज भी 80,540 रुपये से लेकर 80,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी 73,840 रुपये से लेकर 73,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच ही बना हुआ है। सोने की तरह ही चांदी के भाव में भी कोई बदलाव नहीं होने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में इसकी कीमत 96,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर स्थिर बनी हुई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 80,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 73,840 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 80,390 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 73,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# भारत में तेल की कीमतें रहेंगी स्थिर, कच्चे तेल की आपूर्ति के विकल्प मौजूद : हरदीप



**नई दिल्ली। एजेंसी**

केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को कहा कि भारत में तेल की कीमतें स्थिर रहेंगी, क्योंकि देश में कच्चे तेल की आपूर्ति के विभिन्न विकल्प मौजूद हैं। ब्राजील और गुयाना जैसे देशों से अधिक आपूर्ति बाजार में आ रही है। वर्तमान में तेल की वैश्विक आपूर्ति खपत से अधिक है, जिससे बाजार स्थिर बना हुआ है। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने आज 'एक्स' पर जारी एक पोस्ट में कहा दुनिया के कुछ हिस्सों में भू-राजनीतिक तनाव के बावजूद दुनिया में कच्चे तेल की कोई कमी नहीं है। उपभोक्ता देशों के पास चुनने के लिए कई विकल्प हैं। हरदीप पुरी ने संभावित आपूर्ति श्रृंखला व्यवधानों पर चिंता जताते हुए कहा कि भारत ने कच्चे तेल के आपूर्तिकर्ताओं की विविध श्रेणी तक पहुंच के साथ ऐसी स्थितियों को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने के लिए खुद को रणनीतिक रूप से तैनात किया है।

केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी अंतरराष्ट्रीय पेट्रोलियम प्रदर्शनी और सम्मेलन (एडीआईपीईसी) 2024 सम्मेलन में भाग लेने के लिए अबू धाबी दौरे पर हैं। वह अबू धाबी में एडीआईपीईसी 2024 के 40वें संस्करण में अन्य वैश्विक नेताओं के साथ शामिल हुए, जो वैश्विक ऊर्जा परिवर्तन पर एक प्रमुख कार्यक्रम है।

